धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार

09.02.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ





khabarmantra.net | माघ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 209


12 दिल्ली के दिल में मोदी, जनता ने आप-दा मुक्त किया : शाह

## न्यूज डायरी

### फाइलों की सुरक्षा को ले दिल्ली सचिवालय सील

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विस चुनाव में भाजपा की बंपर जीत के बाद प्रशासन ने सचिवालय सील कर दिया है। संयुक्त सचिव प्रदीप तायल ने सरकारी दस्तावेजों और डाटा की सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारियों को तुरंत दिल्ली सचिवालय पहुंचने का निर्देश जारी किया। संयुक्त सचिव ने आदेश जारी कर कहा कि सुरक्षा चिंताओं और रिकॉर्ड्स की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जहरीली महुआ शराब पीने से सरपंच के भाई समेत अब तक 7 लोगों की मौत हो गयी है। कई लोगों की हालत गंभीर है। अधिकारियों के अनुसार मौत की असल वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ होगी। घटना कोनी थाना क्षेत्र के लोफन्दी की है। मौतों की शुरुआत बुधवार से हुई। शुक्रवार की रात एक साथ चार लोगों की मौत हो गयी। तब कई दिनों से महुआ शराब पीने की सूचना मिली। पुलिस और अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

### कंपनी और रैयतों में हिंसक झड़प, 12 घायल

धनबाद । लोदना एरिया दस में आउटसोर्सिंग प्रबंधक और ग्रामीणों के बीच झड़प में एक दर्जन लगों घायल हो गये हैं। ग्रामीण ओबी डंप का विरोध कर रहे थे। इसी के कारण मामला बढ़ा। घायलों में दो की हालत नाजुक बनी है। उत्तेजित लोगों ने दो दर्जन से अधिक बाइक को आगे के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग के गुर्गों पर फायरिंग और बमबाजी के साथ ही लाठी डंडे से मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### सचिव को रात में हाजिर होना पड़ा , कोर्ट से मांगी माफी

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को शुक्रवार की रात हाजिर होना पड़ा। अदालत की अवमानना के लिए उन्होंने माफी मांगी। रिटायर्ड सिविल सर्जन दीनानाथ पांडेय की पेंशन से काटी गयी राशि के भुगतान को लेकर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह को शुक्रवार की रात नौ बजे न्यायाधीश आनंद सेन की अदालत में उपस्थित होना पड़ा। आनन-फानन में हैदराबाद से रांची लौटना पड़ा। उन्होंने माफी मांगते हुए अदालत को बताया कि कटौती की गयी राशि के भुगतान का आदेश पारित हो चुका है।

# 27 साल बाद दिल्ली में खिला कमल

## 48 पर प्रचंड जीत, 62 सीटें जीतने वाली आप 22 सीट पर सिमटी, कांग्रेस की लुटिया डूबी, लगायी जीरो की हैट्रिक

- केजरीवाल, सिसोदिया, भारद्वाज, दुर्गेश समेत कई दिग्गज हारे
- सिर्फ सीएम आतिशी अपनी सीट बचाने में सफल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा(48) ने प्रचंड बहुमत हासिल करके 27 साल बाद अपना परचम लहराया। पिछले तीन बार की आप सरकार को दिल्ली की जनता ने सिरे से खारिज कर दिया। भाजपा ने ऐतिहासिक जीत के साथ सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को बाहर का रास्ता दिखा दिया। विधानसभा की 70 सीटों के लिए हुए चुनाव के शनिवार को घोषित नतीजों में भाजपा ने 48 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं आप 22 सीटों पर सिमट गयी। 2015 के चुनाव में 70 में से 67 सीटें और 2020 में 62 सीटें जीतकर आप ने सत्ता में वापसी कर सबको चौंका दिया था। कांग्रेस इस बार भी चुनाव में शून्य की हैट्रिक लगाते हुए खाता तक नहीं खोल सकी। दिल्ली में सत्ता विरोधी लहर इतनी जबरदस्त थी कि आप के शीर्ष नेता एवं पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दुर्गेश पठक, सौरभ भारद्वाज समेत कई दिग्गज चुनाव हार गये हैं। केवल सीएम आतिशी अपनी सीट बचाने में कामयाब रही है। दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान हुआ था। नयी दिल्ली सीट पर केजरीवाल को भाजपा के प्रवेश वर्मा ने 4089 मतों से हराया। पटपड़गंज सीट बदलकर जंगपुरा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे मनीष सिसोदिया को भी हार का सामना करना पड़ा। कड़े मुकाबले में मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी सीट से जीत गयीं। (शेष पेज 11 पर)

## जिसने भी लूटा है, उसे लौटाना पड़ेगा : मोदी

- शॉटकट राजनीति का शॉट सर्किट हो गया
- दिल्ली में बंपर जीत पर कार्यकर्तों संग पार्टी में जश्न

**नयी दिल्ली।** दिल्ली चुनाव में भाजपा की धमाकेदार जीत के बाद पीएम मोदी ने पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली आप-दा से मुक्त हो गयी है। उन्होंने कहा, शॉटकट का शॉट सर्किट हो गया। जिन्हें मालिक होने का घमंड था, उन्हें दिल्ली की जनता ने नकार दिया है। पीएम ने कहा, यह आपदा वाले कट्टर बेईमान निकले। अन्ना हजारे काफी समय से आपदा वालों के कुकर्मों को झेल रहे हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ बनी पार्टी के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार में जेल गये। ऊपर से अहंकार इतना कि कोरोना से जब दुनिया निपट रही थी तो शीश महल बनवा रहे थे। पीएम ने कहा, पहले विधानसभा सत्र में ही सीएजी की रिपोर्ट रखी जायेगी। भ्रष्टाचार के हर तार खोले जायेंगे। (शेष पेज 11 पर)



### 'आप-दा' वालों ने आस्था को कुचला

पीएम ने कहा, दिल्ली की 'आप-दा' वालों ने लोगों की आस्था और भावनाओं को पैरों तले कुचला। हरियाणा के लोगों पर बड़ा आरोप लगाया। मैंने चुनाव प्रचार के दौरान संकल्प लिया है कि हम यमुना जी को दिल्ली की पहचान बनायेंगे। मैं जानता हूं कि ये काम कठिन है और लंबे समय का है, समय कितना ही क्यों न जाये, लेकिन संकल्प मजबूत है तो यमुना की सफाई कर दिखायेंगे। मां यमुना की सफाई के लिए पूरे सेवाभाव से काम करें।

### हिंदू बनने की कांग्रेस की कोशिश बेकार गयी

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने 2014 के बाद 5-7 साल तक हिंदू बनने की कोशिश की। मंदिर में गये। माला पहनना शुरू किया, उन्हें लगा कि ऐसा करेंगे तो भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाकर कुछ वोट ले आयेंगे। जब कुछ नहीं मिला तो ये काम भी बंद कर दिया। उन्हें समझ आ गया कि ये भाजपा का ही क्षेत्र है यहां हमारी दाल गलने वाली नहीं है। आज कांग्रेस देशहित की नहीं, अर्बन नक्सल की राजनीति कर रहे हैं। ये देश में अराजकता लाने की भाषा बोलती है, दिल्ली में आप-दा भी कांग्रेस की अर्बन नक्सल सोच को आगे बढ़ाने की भाषा बोल रही थी। कांग्रेस एक परजीवी पार्टी बन चुकी है। राजधानी में देश की सबसे पुरानी पार्टी का लगातार दिल्ली में 6 बार से खाता नहीं खुल रहा है।

### दिल्ली में झूठ-फरेव का शासन खत्म: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर कहा, झूठ के शासन का अंत और विकास व विश्वास के एक नये युग का आरंभ है। राजधानी के मतदाताओं ने 'वादाखिलाफी' करने वालों को ऐसा सबक सिखाया है जो झूठे वादे करने वालों के लिए मिसाल बनेगा।

### 'युद्ध' जारी रखने का समय : आतिशी

निवर्तमान सीएम और आप नेता आतिशी ने कहा कि मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए मैं कालकाजी की जनता का शुक्रिया अदा करती हूं। मैं अपनी टीम को बधाई देती हूं जिसने 'बाहुबल' के खिलाफ काम किया. हम लोगों के जनादेश को स्वीकार करते हैं. मैं जीत गई हूं लेकिन यह जश्न मनाने का नहीं बल्कि भाजपा के खिलाफ 'युद्ध' जारी रखने का समय है...।

# 11 से मैट्रिक व इंटर परीक्षा तैयारी पूरी

### सीएम से मिल कर जैक अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने दी जानकारी

खबर मंन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू हो रही है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने परीक्षा की सभी तैयारियों पूरी कर ली गयी हैं। 8.20 लाख परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड देने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। परीक्षा में शामिल होनेवाले लगभग 8.20 लाख से अधिक परीक्षार्थियों को शुक्रवार से ही प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है।

जैक अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सीएम हेमंत सोरेन से भेंट कर मैट्रिक-इंटर की होने वाली परीक्षा की जानकारी दी।

जैक ने नोटिस जारी कर संबंधित सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रधानों को प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षार्थियों को



उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि प्रवेश पत्र के अभाव में यदि छात्र-छात्रा परीक्षा से वंचित होते हैं, तो इसकी सारी जिम्मेवारी विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रधान की होगी।

### किसके कितने प्रत्याशी

मैट्रिक (10वीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षाओं में इस वर्ष कुल 7,83,711 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। मैट्रिक की परीक्षा में 4,11,536 और इंटर की परीक्षा में 3,31,616 विद्यार्थियों को शामिल होना है। इन परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए राज्यभर में कुल 2,100 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं।

## बीएयू के एग्रोटेक किसान मेले में बोले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# कृषि सबसे अहम क्षेत्र सक्षम बनाना जरूरी

### बीएयू से समन्वय बना कर किसानों का होगा उत्थान

- पाइपलाइन से खेतों तक पानी पहुंचाना प्राथमिकता
- ट्रेनिंग हॉल एवं वन औषधि द्रव्य प्रदर्शनी दीर्घा का शिलान्यास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के लिए कृषि सबसे महत्वपूर्ण है। कृषि में प्रौद्योगिकी के प्रयोग से कृषि क्षेत्र प्रगति कर रहा है। अगर किसान न हों तो लोग भूखे मरने की कगार पर आ जायेंगे। कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक की बड़ी भूमिका होती है। ऐसे में राज्य के किसानों के खेतों तक पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए अभी और कार्य करने बाकी हैं। बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी एवं राज्य सरकार एक बेहतर समन्वय बनाते हुए किसानों को बेहतर दिशा




देने का कार्य करेगी। श्री सोरेन शनिवार को एग्रोटेक किसान मेला 2025 के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। एग्रोटेक किसान मेला तीन दिनों तक चलेगा। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने बिरसा कृषि मार्गदर्शिका-2025 पुस्तक का भी विमोचन किया।

**आधुनिक तकनीक की बड़ी भूमिका :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की 80% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, ये लोग खेती-बाड़ी के माध्यम से ही अपना जीवन यापन करते हैं। खेती-किसानी और कृषि अपने आप में एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। झारखंड जैसे राज्य के लिए एग्रीकल्चर एक महत्वपूर्ण विषय है। वर्तमान समय में कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक की बड़ी भूमिका है। वर्तमान समय में परंपरागत व्यवस्थाओं के साथ-साथ कृषि-खेती कार्य को आधुनिक तकनीक से भी जोड़ने की आवश्यकता है।

कभी-कभी बदलते मौसम के कारण किसान वर्ग हतोत्साहित होते जाते हैं, तकनीक के माध्यम से ही उन्हें इन समस्याओं से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में खेती करने योग्य जमीन की कमी है, राज्य में खेती योग्य भूमि को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। हमारी सरकार अब कई जगहों पर पाइप लाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचा रही है। राज्य सरकार लिफ्ट इरीगेशन की दिशा में आगे बढ़ रही है। मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, बीएयू वीसी डॉ सुनील चंद्र दुबे, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, निदेशक, भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान डॉ सुजय रक्षित, निदेशक, प्रसार शिक्षा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय डॉ जगरनाथ उरांव समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

(शेष पेज 11 पर)


गहना आभूषण

सोना (बिक्री) : 79200 रु./10 ग्राम

चांदी : 99000 रु./प्रति किलो





# प्रवेश वर्मा आप सरकार के कीलर बन कर उभरे

## पूर्व सीएम के पुत्र ने केजरीवाल को हराया, आप की सबसे बड़ी हार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा आप सरकार के जाइंट कीलर बन कर उभरे। 2013 में राजनीति में आनेवेले प्रवेश वर्मा ने दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को हरा दिया। अपने एक्स पोस्ट पर श्री वर्मा ने लिखा, "अंधेरा छट गया, सूरज निकल गया, कमल खिल गया। दिल्ली ने विकास चुना है। ये जीत दिल्ली के विश्वास की है, ये जीत दिल्ली के भविष्य की है। एक बार सांसद बने, फिर टिकट कटा, कुछ समय बाद विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाये गये और शनिवार को जब नतीजे निकले तो प्रवेश सिंह वर्मा दिल्ली में अचानक भाजपा के सबसे बड़े चेहरे बनकर उभरे।

प्रवेश सिंह वर्मा ने अपनी जीत पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सबसे पहले लिखा, 'जय श्री राम'। कहा, मैं पीएम मोदी





प्रवेश वर्मा, एके को हराया

मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के नेतृत्व और पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की मेहनत और दिल्ली की जनता के विश्वास का आभारी हूं। दिल्ली के इस नए सवेरे के लिए समस्त दिल्लीवासियों को बधाई।

**भाजपा की सबसे बड़ी जीत :** दरअसल, प्रवेश सिंह वर्मा ने जैसी सफलता पायी है, यह दिल्ली भाजपा के लिए सबसे बड़ी है। केजरीवाल जैसी शख्सियत को पटकनी देने वाले प्रवेश वर्मा ने जीत के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। कयासों का दौर शुरू हो गया, नजर सभी की दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के चेहरे पर है। लेकिन, भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है, अचानक ऐसे नाम सामने रखने का, जो सभी के लिए कमोबेश नया हो।

**2013 में राजनीति में इंट्री :** प्रवेश वर्मा ने राजनीति में एंट्री की। उन्होंने महरौली विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की।

(शेष पेज 11 पर)

### भ्रष्टाचार में जेल जानेवाले तीनों हारे

दिल्ली की 13 हॉट सीट्स ऐसी थीं जिन पर सबकी निगाहें टिकी थीं। इनमें से ज्यादातर पर आप मुंह के बल गिरी है। जनता ने उन तीन दिग्गजों को भी खारिज किया जो आप का बड़ा चेहरा माने जाते रहे। सत्येंद्र जैन, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया वो नाम हैं जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा, जेल गये और चुनाव में भी मात मिली। शकूरबस्ती, जंगपुरा और नयी दिल्ली पर सबकी निगाहें जमी थीं। शकूरबस्ती से सत्येंद्र जैन को भाजपा के करनैल सिंह ने हराया। मनीष सिसोदिया अबकी पटपड़गंज की जगह जंगपुरा से लड़े पर हार गये। सिसोदिया पर कथित शराब घोटाले नीति में शामिल होने का आरोप था। तीनों ही जेल गये थे और तीनों को जनता ने नकार दिया। वहीं आतिशी, जो लगभग तीन महीने सीएम रहीं, वो पिछड़ते-पिछड़ते बाजी अपने नाम कर गयीं। ग्रेटर कैलाश विधानसभा सीट से आप के सौरभ भारद्वाज हार गये।

### एओर्टिक रोग बिना किसी लक्षण के होते हैं

## समय पर पहचान नहीं होने से घातक : डॉ ललित कपूर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देश के जानेमान कार्डियक सर्जन डॉ ललित कपूर ने एओर्टिक रोगों के लिए विशेष देखभाल के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने बढ़ाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि एओर्टिक रोग अक्सर बिना किसी लक्षण के होते हैं, पर यदि समय पर पहचाने न जाएं, तो यह घातक हो सकते हैं। नारायणा हॉस्पिटल, आरएन टैगोर हॉस्पिटल, मुकुंदपुर के कार्डियक सर्जन डॉ ललित कपूर शनिवार को स्थानीय प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय पर निदान और विशेष उपचार घातक परिणामों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

डा कपूर ने कहा कि नारायणा हेल्थ में हम उन्नत इमेजिंग, प्रारंभिक स्क्रीनिंग और कुशल सर्जरी विशेषज्ञता के संयोजन से प्रत्येक मरीज को समय पर और प्रभावी उपचार प्रदान करते हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले जैक अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा



**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद के अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीएम को मैट्रिक और इंटर की होने वाली परीक्षा की जानकारी दी। सीएमओ के अनुसार मुख्यमंत्री यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### हर माह औसतन 400 करोड़ होती है राजस्व वसूली, फरवरी में उम्मीद

# जेबीवीएनएल की राजस्व वसूली में गिरावट जनवरी में खाते में आये सिर्फ ₹352 करोड़

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने जनवरी 2025 में 352 करोड़ रुपये राजस्व की वसूली की है, जो पूर्व की तुलना में कम है। जेबीवीएनएल औसतन 400 करोड़ रुपये राजस्व की वसूली करता है।

**इस कारण राजस्व वसूली में आयी कमी** : दरअसल जनवरी माह में 80 प्रतिशत उपभोक्ताओं की ही बिलिंग हो पायी थी, जिसकी वजह से राजस्व वसूली में कमी आयी है। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर के उपभोक्ताओं को एडवांस में ही राशि जमा करनी है, लेकिन कई उपभोक्ता बिल जमा नहीं कर रहे हैं।

**बिल जमा करने का आग्रह** : अब जेबीवीएनएल उपभोक्ताओं को लगातार व्हाट्सएप मैसेज भेजकर बिल जमा करने का आग्रह कर रहा है। उम्मीद है कि फरवरी में राजस्व वसूली 400 करोड़ के पार होगा।

**रांची में अब तक 3.08 लाख के घरों में लगे स्मार्ट मीटर** : रांची शहर में 3.50 लाख उपभोक्ताओं में 3.08 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लग गया है। वहीं, हजारीबाग में अब तक 25 हजार घरों में और धनबाद में 80 हजार घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं।

### मार्च तक हजारीबाग और धनबाद में भी प्रीपेड कर दिये जायेंगे सभी स्मार्ट मीटर

रांची के सभी उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर को प्रीपेड कर दिया गया है, जबकि धनबाद व हजारीबाग में अभी मीटर रीडिंग के जरिये ही बिल भेजने की व्यवस्था है। बताया गया कि मार्च तक हजारीबाग व धनबाद में भी स्मार्ट मीटर प्रीपेड कर दिये जायेंगे।

### फैक्ट फाइल

- जेबीवीएनएल ने जनवरी 2025 में 352 करोड़ रुपये राजस्व की वसूली की।
- राजस्व वसूली में कमी के कारण जनवरी माह में 80 प्रतिशत उपभोक्ताओं को ही विलिंग हो पायी थी।
- जेबीवीएनएल लगातार उपभोक्ताओं को व्हाट्सएप मैसेज भेजकर बिल जमा करने का आग्रह कर रहा है।
- रांची शहर में 3.50 लाख उपभोक्ताओं में 3.08 लाख के घरों में स्मार्ट मीटर लग गया है।
- मार्च तक हजारीबाग व धनबाद में भी स्मार्ट मीटर प्रीपेड कर दिये जायेंगे।

# झारखंड की अदालतों में तेजी से बढ़ रहे केस

■ 10 साल में 3.36 लाख केस दर्ज, 2.56 लाख डिस्पोज, 79,881 मामलों पर सुनवाई जारी

**पिछले चार दिनों इतने मामले दर्ज**
4 फरवरी : 45 सिविल और 113 क्रिमिनल केस, 4 फरवरी : 39 सिविल और 121 क्रिमिनल केस, 6 फरवरी : 63 सिविल और 141 क्रिमिनल केस, 7 फरवरी : 51 सिविल और 114 क्रिमिनल केस दर्ज हुए।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में साल दर साल सिविल और क्रिमिनल केसों की संख्या बढ़ी ही जा रही है। राज्यभर की अदालतों में पिछले 10 सालों में तीन लाख 36 हजार 624 केस दर्ज किये गये। इसमें से दो लाख 56 हजार 743 केसों का निपटारा कर लिया गया है। फिलहाल 79,881 केस विभिन्न अदालतों में चल रहे हैं। अदालतों में 78,927 सिविल मामले दर्ज किये गये हैं। जिसमें 43,962 मामलों का निपटारा हो चुका है। 34,965 मामलों पर सुनवाई जारी है। वहीं दो लाख 57 हजार 697 क्रिमिनल केस दर्ज किये गये हैं। इसमें दो लाख 12 हजार 781 मामलों का निपटारा कर लिया गया है। वहीं 44,916 मामले अब भी कोर्ट चल रहे हैं। बता दें कि वर्ष 2022 में 8551 सिविल और 33901 क्रिमिनल केस दर्ज किये गये। इसी तरह 2023 में 10,439 सिविल और 31523 क्रिमिनल केस दर्ज हुए हैं। 2024 की बात करें तो 11715 सिविल और 28146 क्रिमिनल केस दर्ज किये गये हैं। वहीं 2025 में सात फरवरी तक 1223 सिविल और 2997 क्रिमिनल केस दर्ज हुए हैं।

## पोस्टल-आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन ने भूख हड़ताल की दी चेतावनी

**रांची।** पोस्टल-आर एम एस पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक शनिवार को त्रिवेणी ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पोस्टमैन का जनवरी 1996 से बढ़े हुए वेतन पर पेंशन का पुनर्निर्धारण नहीं होने पर चिंता व्यक्त की गयी। इस मांग पर आम सहमति बनी कि यदि दो माह के अंदर पोस्टमैन के बकाया का भुगतान डाक प्रशासन द्वारा नहीं किया जाता है तो एसोशिएशन भूख हड़ताल करेगा। बैठक में इंडक्शन ट्रेनिंग पर भी 2016 से कोई कार्यवाही नहीं होने पर चिंता जताई गई। राज्य सचिव एमजेड खान ने कहा कि मई में जमशेदपुर में राज्य सम्मेलन होगा।


### शपथ पत्र



मैं महेन्द्र ठाकुर, उम्र 59 वर्ष पिता स्व० गणेश ठाकुर ग्राम सदाजल, पोस्ट सबनो, थाना हुसैनाबाद जिला पलामू, राज्य झारखंड का निवासी हूं। यह कि सैन्य (फौज) के सर्विस दस्तावेज में मेरे पुत्र का नाम SONU KUMAR सोनू कुमार के स्थान पर भूलवश सोनू कुमार ठाकुर (Sonu kumar thakur) दर्ज हो गया हैं। यह कि मेरा पुत्र का वास्तविक नाम सोनू कुमार (SONU KUMAR) हैं जो सत्य एवं सही हैं। यह शपथ पत्र मैं उपरोक्त बातों को प्रमाणित एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु कर रहा हूं। यह कि मेरा NO 411611 R F N महेन्द्र ठाकुर H.Q कंपनी Q.M प्लाटून 4th असम राइफलस C/O 99 APO हैं।


## दिल्ली की जीत पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व का परिणाम : बाबूलाल

**रांची।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दिल्ली में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पीएम नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल जी के दुष्प्रचार को सिरे से खारिज कर भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दिया, इसके लिए मैं जनता जनार्दन का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। दिल्ली बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक विजय पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### जेएमएम ने दिल्ली में बीजेपी की जीत पर दी बधाई, कहा

## महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने की जरूरत



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकार बनाने की औपचारिक प्रक्रिया अब शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हैं झारखंड के चुनाव से उन्होंने कुछ सीख ली और दिल्ली में महिलाओं को 2500 देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि वो समझ गए कि सत्ता में आना है तो महिला सशक्तिकरण ही मुद्दे रहेंगे।

**केंद्र सरकार पर साधा निशाना**
सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग करके भारत के पार्लियामेंट में बहुमत को दरकिनार कर एलजी को सारी ताकत दे दी। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दिल्ली का जो प्रदूषण है और जो बुरा हाल यमुना का है, इस पर अब काम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यमुना के अगल-बगल 10 किलोमीटर की इलाके में हमेशा से दुर्गंध फैली रहती है।

## झामुमो का पूर्वी सिंहभूम और जमशेदपुर महानगर संयोजक मंडली का पुनर्गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति ने पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली और जमशेदपुर महानगर संयोजक मंडली का पुनर्गठन किया है। इस संबंध में केंद्रीय समिति ने आदेश जारी कर दिया है।

**पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली में बाघराय मार्डी बने संयोजक प्रमुख** : पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली में बाघराय मार्डी को संयोजक प्रमुख बनाया गया है, जबकि जमशेदपुर महानगर संयोजक मंडली में शेख बदरूदीन को शामिल किया गया है। पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली में 16 सदस्य और जमशेदपुर महानगर संयोजक मंडली में 15 सदस्यों को जगह दी गई है।

**पूर्ली सिंहभूम जिला संयोजक मंडली में ये हैं शामिल** : पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली में बाघराय नार्डी को संयोजक प्रमुख बनाया गया है। साथ इसमें सुनील महतो, हिरामनी मुर्मू, आदित्य प्रधान, ललित नार्डी, शंकर चन्द्र हेम्ब्रम, घनश्याम महतो, सागेन पुर्ति, पिन्टु दत्ता, चन्दावती महतो, विद्यासागर दास, भगत बास्के, समीर दास, कालीपीदो गोराई, आसित सरदार और विमल मार्डी को शामिल किया है।

**जमशेदपुर महानगर संयोजक मंडली में ये हैं शामिल** : शेख बदरूदीन, प्रमोद लाल, नौरोत्म दास, मिथुन चक्रवर्ती, पवन कुमार सिंह, दलगोविन्द लोहरा, प्रभुनाथ राय, मो समद, गोपाल महतो, अंकित सिंह, अजय रजक, अभिजीत सरकार 'नान्दु', महावीर मुर्मू , नन्दु सरदार और प्रहलाद लोहार को शामिल किया गया है।

## झारखंड में धान-खरीद की स्थिति चिंताजनक : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में हो रही धान खरीद की धीमी रफ्तार पर चिंता जतायी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि राज्य में धान खरीद की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। सरकार ने 60 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया था, उसमें से अब तक केवल 28 l39 फीसदी की ही खरीदी कर पायी है। कहा कि क्रय केंद्रों पर गंभीर लापरवाही और कुप्रबंधन व्याप्त है।

**खरीद प्रक्रिया धीमी होने से किसान निजी व्यापारियों और बिचौलियों को धान बेचने पर विवश :** उन्होंने आगे कहा कि अधिकांश जिलों में खरीद प्रक्रिया बेहद धीमी है, जिसके कारण किसान अपनी उपज मजबूरी में निजी व्यापारियों और बिचौलियों को कम दामों पर बेचने के लिए विवश हो रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और बदतर होती जा रही है। हेमंत सरकार की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से बनायी गयी योजनाएं जमीनी स्तर पर पूरी तरह असफल साबित हो रही हैं। सरकार अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किसानों का धान खरीदकर अतिशीघ्र उनका भुगतान सुनिश्चित करें।

## आप के पाप का घड़ा फूटा : प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि दिल्ली में आखिरकार आप के पाप का घड़ा फूट ही गया। आप की सरकार ने दिल्ली की जनता के साथ धोखेबाजी की। आम आदमी की सरकार बनाने का दावा करने वाले केजरीवाल खुद शीश महल पर काबिज हो गए। ना यमुना का प्रदूषण काम हुआ और ना ही दिल्ली की हवा बदली। वहीं नरेंद्र मोदी जी के करिश्माई नेतृत्व पर दिल्ली की जनता ने अपनी आस्था व्यक्त की है। भाजपा के चुनावी वादों को पूरा करने का शानदार रिकॉर्ड रहा है।जनता ने इस पर विश्वास जताया है। अब दिल्ली को संवारने की जिम्मेवारी भाजपा की है।

## दिल्ली की जीत मोदी की गारंटी पर भरोसा : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा झारखंड़ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में लैंड स्लाइड विक्ट्री पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ये दिल्ली के नागरिकों की मोदी की गारंटी पर भरोसा और गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति की जीत है। दिल्ली की जनता बहुत समझदार है। यह जीत उस झूठ के खिलाफ है जो आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों को परोस रही थी। दिल्लीवासियों ने बता दिया कि जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता है। जनता ने अपने वोट से गंदी यमुना, पीने का गंदा पानी, टूटी सड़कें, ओवरफ्लो होते सीवरों और हर गली में खुले शराब के ठेकों का जवाब दिया है। बताते चले कि दीपक प्रकाश को दिल्ली की उत्तमनगर विधानसभा का प्रभार दिया गया था।


### कमर्शियल वाहन की खुली नीलामी

टाटा मोटर्स फाइनेंस द्वारा जब्त किए गए कमर्शियल वाहनों की खुली नीलामी दिनांक 10 फरवरी 2025 दिन सोमवार को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक नीचे दिए गये पते पर आयोजित की गई है। पता : होटल जेनिस्टा इन डायमंड प्लाजा पुरुलिया रोड, नियर फ्रेंड्स ऑटोमोबाइल कांटा टोली चौक, रांची झारखंड। नीलामी में भाग लेने के लिए आप सादर आमंत्रित हैं। अधिक जानकारी के लिए 7209071956, 9525182395 पर कॉल करें।


### कार्यालय : राज्य-कर अपर आयुक्त (प्र०), रांची प्रमंडल, रांची।

सामग्री/वस्तु आपूर्ति हेतु अल्पकालिन आपूर्ति निविदा सूचना दिनांक 05.02.2025

कार्यालय के उपयोग हेतु IT Products से संबंधित सामग्रियों/वस्तुओं की आवश्यकता है, जिसका ब्यौरा निम्नवत है :-

| Sl. No. | Commodities/items | Qty. Required |
|---|---|---|
| 1. | All in One Computer (intel Core i5-13th Gen, 25"/27" Screen, 16GB Ram, 1TB SSD Drive) (HP/Lenovo/Acer Brand) | 7 Pcs |
| 2. | Monitor 27" Display (Dell/HP Brand) | 3 Pcs |
| 3. | Epson L8050 Colour Printer | 1 Pcs |
| 4. | Hp Scanjet Pro S4 Scanner | 1 Pcs |

सभी सामग्रियों का मुल्य GST सहित समझा जायेगा। वांछित वस्तुओं की मात्राओं को आवश्यकता अनुसार बढ़ाया या घटाया जा सकता है। वैसे व्यक्ति/ संस्थान/आपूर्तिकर्ता, जो सामग्री/वस्तु की आपूर्ति करने हेतु इच्छुक हैं, दिनांक 12.02.2025 तक सिलबंद लिफाफा में वस्तुओं को Rate Quotation कार्यालय : राज्य कर अपर आयुक्त (प्र०), रांची प्रमंडल, रांची में समर्पित करें।

इस अल्पकालिन निविदा हेतु प्राप्त Rate Quotation को समिति के द्वारा दिनांक 15.02.2025 को खोला जायेगा।

ह/-
राज्य-कर अपर आयुक्त (प्र०),
राँची प्रमंडल, राँची।

### कार्यालय, जिला परिषद, कोडरमा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 10/2024–25

वित्तीय वर्ष 2023–24 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध/अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक–07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–17.02.2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–19.02.2025 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–19.02.2025 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | एक्टिविटि क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 89961475 | प्रखण्ड जयनगर ग्राम रुपायडीह के मंझिला आहर का गहरीकरण | 1235000.00 | 25000.00 | 2500 | 03 माह |
| 02 | 88389337 | प्रखण्ड जयनगर के पंचायत बेको के ग्राम अमजो में खगवा आहर का गहरीकरण और विस्तार | 1403000.00 | 28100.00 | 2500 | 03 माह |
| 03 | 89961272 | प्रखण्ड डोमचांच बच्छेडीह हडखोरवा तालाब का गहरीकरण | 1500000.00 | 30000.00 | 2500 | 03 माह |
| 04 | 89961111 | प्रखण्ड मरकच्चो ग्राम चोपनाडीह पूर्वबाद में तालाब का गहरीकरण खाता 29 प्लॉट 1233 | 1500000.00 | 30000.00 | 2500 | 03 माह |
| 05 | 89960856 | प्रखण्ड चन्दवारा पूर्वी ग्राम चंदवारा मंझलाडीह तालाब खाता सं0 216 प्लॉट 6156 का जीर्णोद्धार | 1500000.00 | 30000.00 | 2500 | 03 माह |
| 06 | 89960639 | प्रखण्ड चंदवारा के गैडा में नौका आहर का गहरीकरण | 1196000.00 | 24000.00 | 2500 | 03 माह |
| 07 | 97237525 | प्रखण्ड जयनगर पंचायत खरियोडीह में विवाह भवन की मरम्मति डीप बोरिंग एवं पेवर ब्लॉक का कार्य | 1580000.00 | 32000.00 | 5000 | 03 माह |

निविदा की शर्तें www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, कोडरमा।

PR.NO.346059 Panchayati Raj(24-25):D

## आपदा के खिलाफ दिल्ली की जनता का शानदार जनादेश मिला, मोदी पर जताया भरोसा : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रतिफल बताया है। दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल जी के दुष्प्रचार को सिरे से खारिज कर भाजपा को अपना समर्थन दिया, इसके लिए मैं जनता जनार्दन का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने आपदा के खिलाफ प्रचंड जनादेश दिया है। जनता ने मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास जताया है। श्री मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह एवं दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक विजय पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

**मोदी के गारंटी की जीत : डॉ रविंद्र कुमार राय**
भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने दिल्ली की जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज दिल्ली की जनता ने झूठ और फरेब को बेनकाब कर दिया है। विकास विरोधी और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिज्ञों को इस जीत से सबक लेनी चाहिए।


**प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह** ने कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत असत्य पर सत्य की जीत है। झूठे वादों और झूठी राजनीति से जनता को बहुत दिनों तक नहीं बरगलाया जा सकता।

**प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा** ने कहा कि दिल्ली के जनादेश ने राष्ट्रवाद और तीव्र विकास की राजनीति को मजबूती प्रदान की है। **विधायक सीपी सिंह** ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार अब जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। मोदी की गारंटी अब जमीन पर साकार होगी।

**विधायक नवीन जायसवाल** ने कहा कि पिछले एक दशक से दिल्ली की जनता को केवल मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखाए गए। आज जनता झूठे और भ्रष्टाचारी लोगों को सबक सिखाई है। कार्यक्रम में आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, सरोज सिंह, शिवपूजन पाठक, अविनेश सिंह, अजय साह, राफिया नाज,आरती सिंह, सीमा सिंह, राहुल अवस्थी, शशांक राज, पवन साहू, अशोक बड़ाइक, अरुण झा, रमेश सिंह, समर सिंह, तारिक इमरान, राजू सिंह, संजीव चौधरी, सुनीता सिंह, सुचिता सिंह, माया सिंह सिसोदिया, लक्ष्मी कुमारी, जितेंद्र वर्मा, जितेंद्र पटेल, पंकज सिन्हा, नीरज सिंह, मनोज दुबे, बलराम सिंह, इंद्रजीत यादव आदि थे।

## दिल्ली में 'आप' की हार पर कांग्रेस ने कहा हमें हल्का समझने वाले खुद हो गए हल्का

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की करारी हार और भाजपा की जीत को झारखंड कांग्रेस के नेताओं ने जनादेश का सम्मान बताते हुए स्वागत किया है। वहीं यह कहने से भी नहीं चूके कि दिल्ली में भाजपा की जीत वास्तव में बीजेपी-चुनाव आयोग-ईडी और सीबीआई गठबंधन की जीत है।

**हम अपने प्रदर्शन ने निराश नहीं : केशव महतो कमलेश**
झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हम निराश नहीं हैं। हमारा वोट प्रतिशत दिल्ली में भी बढ़ा है। भाजपा भी एक समय में बेहद कमजोर थी, आज वह जीती है कल हारेगी और हमारी सरकार हर जगह होगी।

**दिल्ली की जनता बदलाव के पक्ष में थी: दीपिका पांडेय सिंह**
राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हर जगह जनता आम आदमी पार्टी की सरकार को बदलने के पक्ष में थी। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि भले ही इस बार दिल्ली की जनता ने कांग्रेस को मौका नहीं दिया है, लेकिन उनके जेहन में शीला दीक्षित वाली दिल्ली है और भविष्य में जरूर कांग्रेस को मौका देगी।

**हार हमें विचलित नहीं करती : राकेश किरण**
दिल्ली में 'आप' की हार और कांग्रेस के फिर एक बार लचर प्रदर्शन पर पार्टी की ओर से अधिकृत प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि हार हमें विचलित नहीं करती। आप से गठबंधन नहीं हो पाने के सवाल पर राकेश सिन्हा ने कहा कि हमने तो कोशिश की थी लेकिन केजरीवाल ने अकेले लड़ना मंजूर किया। ऐसे में जो हमें हल्का समझते थे वह आज खुद हल्का हो गए।

# प्रदेश कांग्रेस कर रहा जिलाध्यक्षों का मूल्यांकन बदले जा सकते हैं कई जिलों के अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड कांग्रेस में बड़े पैमाने पर बदलाव की तैयारी है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान जिस कमेटी और जिलाध्यक्ष की अगुवाई में अलग-अलग जिले में विधानसभा और लोकसभा चुनाव संपन्न हुए हैं उन सभी जिलाध्यक्षों और जिला कमेटी के सदस्यों के कार्यकलापों की समग्र रूप से मूल्यांकन किया जा रहा है। मूल्यांकन के बाद भारी बदलाव किया जा सकता है।

इस संबंध में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अनुशासन समिति के सदस्य अमूल्य नीरज खलखो ने कहा कि चुनाव के दौरान किन जिला अध्यक्षों ने किस तरीके से अपनी भूमिका को कैसे निभाई है, इसका समग्र दृष्टिकोण रखते हुए उनके कार्यों का मूल्यांकन हो रहा है। अमूल्य नीरज खलखो ने कहा कि प्रभारी गुलाम अहमद मीर खुद सबके काम की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समीक्षा के बाद गुण-दोष के अधार पर बदलाव होना लाजिमी है।

**सभी जिलाध्यक्षों के कार्यों की हो रही है मूल्यांकन** : कांग्रेस में बड़े पैमाने पर बदलाव की तैयारी के सवाल पर झारखंड कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि 'नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति स्वाभाविक रूप से हमारा शीर्ष नेतृत्व करेगा।' राकेश सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में जिन जिला अध्यक्ष काम कर रहे हैं या जो जिला अध्यक्ष सक्रिय नहीं हैं। उन सभी पर आगे विचार किया जाएगा।

### पीएसी की बैठक में भी उठ चुका है मुद्दा

अभी हाल ही में रांची के ओरमांझी में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर की उपस्थिति में झारखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता यह मुद्दा उठा चुके हैं कि पार्टी मौजूदा सभी जिला अध्यक्षों को बदला जाए। इस विषय पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रभारी गुलाम अहमद के सामने अपना तर्क रखा है कि जिन जिन जिलाध्यक्षों के कार्यकाल में लोकसभा–विधानसभा चुनाव हुए उन सभी की समीक्षा होनी चाहिए। क्योंकि कई जिला अध्यक्ष की भूमिका ठीक नहीं थी। दरअसल लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद कई जिला अध्यक्षों की भूमिका से बड़े नेताओ में नाराजगी है, जिसके कारण पॉलिटिकल अफेयर कमिटी की बैठक में सभी जिला अध्यक्षों को बदलने की बात निकली है।

जो जिला अध्यक्ष बिल्कुल निष्क्रिय हैं और अपना काम नहीं कर पा रहे हैं वैसे जिला अध्यक्ष को भी बदला जाएगा। उन्होने कहा कि संगठन की मजबूती और संगठन का सशक्तिकरण ही पार्टी की पहली प्राथमिकता है अगर संगठन मजबूत होगा तभी पार्टी मजबूत होगी और तभी सरकार मजबूत होगी। संगठन की मजबूती की दिशा में हमें जो भी निर्णय लेना होगा वह सभी को मंजूर होगा।

सुप्रभात
रविवार 09.02.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 289
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# कल 2248 बूथों पर खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा : सिविल सर्जन

## 11 से 25 फरवरी तक घर घर जाकर प्रशासक देंगे दवा

▸▸ 26 लाख लोगों को दवा खिलाने का है लक्ष्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** फाइलेरिया की रोकथाम के लिए 10 फरवरी को जिले के 26 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। 2248 बूथ पर 4496 दवा प्रशासक, लोगों को अपने सामने दवा खिलायेंगे। यह जानकारी शनिवार को सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए 428 सुपरवाइजर सक्रिय रहेंगे। छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक घर-घर जाकर अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खिलायेंगे। दवा लेने के बाद यदि किसी व्यक्ति के शरीर में माइक्रो फाइलेरिया की मौजूदगी होगी तो उसे सर दर्द, बुखार होने की संभावना है।

### मादा क्युलेक्स मच्छर है कारक

सिविल सर्जन ने कहा कि फाइलेरिया, गंदे पानी में पनपने वाले मादा क्युलेक्स मच्छर के काटने से होता है। जो मानव के पूरे जीवन काल में करोड़ों माइक्रो फाइलेरिया के रोगाणुओं को जन्म देता है। घनी आबादी में इस बीमारी का खतरा ज्यादा रहता है। इसलिए सभी लोगों को दवा का सेवन करना चाहिए। वर्ष में एक बार डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा की खुराक लेने से रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

### इन स्थानों पर खिलाई जायेगी दवा

जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ सब सेंटर, सदर अस्पताल, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल व धनबाद रेलवे स्टेशन पर लोगों को दवा खिलाई जाएगी। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जाएगी। किसी को भी दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है।

## एक नजर में

### चोरों ने आर्मी अधिकारी के घर का तीन ताला तोड़ा, चोरी का प्रयास विफल



धनबाद। पिछले दिनों महाकुम्भ प्रयागराज से धनबाद लौटते समय सड़क हादसे के शिकार सेना के अधिकारी शिव जी सिंह के घर चोरी का प्रयास किया गया। चोरों ने धनबाद सरायढेला खरना गढ़ा स्थित उनके घर का तीन ताला तोड़ा। परंतु दरवाजे का इंटर लॉक खोलने में असमर्थ रहने के कारण घर लुटने से बच गया। इस मामले की जानकारी सरायढेला पुलिस को दी गई। पुलिस । छानबीन में जुट गई है। परिजन ललन सिंह ने बताया कि विगत 25 जनवरी को प्रयागराज-वाराणसी हाइवे पर भीषण सड़क हादसे में सेना के अधिकारी शिवजी सिंह और उनके परिवार के दो लोगों की मौत हो गई थी। दो दिन पहले परिवार की ही सदस्य अलका देवी की भी मौत पटना में इलाज के दौरान हो चुकी है। दिवंगत शिवजी सिंह की पत्नी नीरा देवी का पटना में इलाज चल रहा है और उन्हें ही देखने के लिए परिवार के लोग पटना गए थे। आज पटना से लौटने के बाद इस घटना की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस को सुचना दी गई। सरायढेला थाना के पुलिस पदाधिकारी विनय कुजूर ने बताया कि तीन ताला तोड़ा गया है। इंटर लॉक होने के कारण चोर चोरी नहीं कर पाए।

### गिरिडीह में 5 साइबर अपराधी गिरफ्तार, एसपी ने दी जानकारी

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शुक्रवार को एसपी डॉ विमल कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि जिले के गांडेय थाना अंतर्गत कृष्ण लक्ष्मण सहारा होटल के समीप फुलझरिया गांव में संगठित साइबर अपराधी गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। अपराधी बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी केवाईसी अपडेट, ईएमआई भुगतान, ऑनलाइन फॉर्म भरने, फर्जी क्यूआर कोड स्कैन करवाने के नाम पर लोगों से पैसे ठगते थे। इस सूचना पर गिरिडीह साइबर थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी दल का गठन किया और गांव में घेराबंदी कर 5 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में गांडेय थाना के फुलझरिया के रहने वाले 21 वर्षीय गुलाम रसूख, नवडीहा थाना क्षेत्र के बाहरदोही के रहने वाले 23 वर्षीय आजाद अंसारी, अजय कुमार मंडल, अजीत कुमार व मोहम्मद शमी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अपराधियों के पास से 20 मोबाइल फोन 27 सिम कार्ड (प्रयुक्त और अप्रयुक्त) सहित 2 डेटा केबल भी बरामद किया गया है। छापेमारी दल में साइबर डीएसपी आविद हुसैन, साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार के अलावे पुनीत कुमार गौतम, संजय मुखियार, राजेंद्र कुमार, सोनू कुमार, अब्दुल कलाम सहित अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

### वामपंथी दल सिंदरी में स्थापित करेंगे मार्क्सवादी चिंतक ए के राय की प्रतिमा



**सिंदरी।** बिरसा समिति सिंदरी में शनिवार को वामपंथी संगठनों की बैठक पूर्व विधायक आनंद महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आम सहमति से पूर्व सांसद ए के राय की प्रतिमा सिंदरी में स्थापित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व विधायक ने कहा कि ए के राय का संदेश समन्वय, सहयोग और आंदोलन का था। तीनों संदेश संगठन के लिए मजबूत कड़ी है। समन्वय समिति का निर्माण कर संघर्ष को धरातल पर लाकर किसानों और मजदूरों में जोश पैदा किए जाएगा। ए के राय हमारे लिए प्रेरणादायी रहे, इसलिए भी उनकी प्रतिमा स्थापित करना चाहिए। वरिष्ठ सीपीएम नेता कालीसेन गुप्ता ने कहा कि राय साहब साम्यवादी विचारक थे। उनके दर्शन को समाज के सामने लाने के लिए एक ट्रस्ट बनाकर उनकी प्रतिमा स्थापित की जाए। साथ ही सभी विस्थापितों को एक साथ जोड़कर जन आंदोलन के जरिये` सिंदरी को बचाया जाए। बैठक में सुरेश प्रसाद, राजीव मुखर्जी, विमल रवानी, सागर मंडल, छोटन चटर्जी, सुरेश सिंह, रघु यादव, लोगन हेम्ब्रम, सहदेव सिंह, विरंची महतो, अमर सिंह, दशरथ ठाकुर, मिथुन मंडल, गौतम प्रसाद, सूर्य कुमार सिंह, स्वामीनाथ पांडेय, पिंटू चटर्जी, सुबल दास, शिबू राय, दीपक बनर्जी मौजूद थे।

### सरकारी कर्मचारियों के हितार्थ राज्य भर में हस्ताक्षर अभियान




**गिरिडीह।** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉई फेडरेशन के तत्वावधान में राज्य के सरकारी कर्मचारियों के हितार्थ विगत 7 फरवरी से प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं राज्य कमेटी के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। यह जानकारी झारोटेफ जमुआ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार ने दी। हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों की उचित मांग से सरकार को अवगत कराना है। संगठन की मांगों में शिक्षक संवर्ग को अन्य राज्य कर्मियों की भांति लाभ प्रदान करना, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 62 वर्ष करने एवं केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता लाभ शामिल है। झारखंड सरकार ने पिछले कार्यकाल में राज्य कर्मियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। स्पष्ट है कि सत्तारूढ़ दल राज्य कर्मियों के हित में काम करने को लेकर सकारात्मक है। शिक्षक संवर्ग को माकप सहित कई मुद्दों को सत्तारूढ़ दल ने अपने घोषणा पत्र में भी प्रमुखता से रखा था। अब समय आ गया है कि मुख्यमंत्री अपने घोषणा पत्र को लागू करें। संगठन पांच चरणों में सरकार के समक्ष अपनी मांगें रखेगा। करेगा। प्रथम चरण में 7 से 28 फरवरी तक हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अगले चरण में हस्ताक्षरित ज्ञापन अलग-अलग माध्यमों से मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।

### चिटाहीधाम श्रीराम महायज्ञ में साध्वी सरस्वती ने सुनाई श्रीराम की कथा

**कतरास।** पूरे झारखंड में अद्वितीय है चिटाही धाम स्थित रामराज मन्दिर, जिसमें श्रीराम -जानकी, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, श्री गणेश व महावीर जी की प्रतिमाएंस्थापित हैं। इसके वार्षिकोत्सव पर आयोजित श्रीराम महायज्ञ में अयोध्या व वाराणसी से आये विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र राममय हो गया है। हर रोज श्रीराम के हजारों भक्त यहाँ पहुंच कर यज्ञशाला की परिक्रमा कर रहे हैं और मन्दिर में पूजा अर्चना कर रहे हैं। सांसद ढुल्लू महतो एवं उनकी धर्मपत्नी सावित्री देवी, विधायक शत्रुघ्न महतो और उनकी धर्मपत्नी डोली देवी मुख्य यजमान हैं। कथा वाचिका साध्वी सरस्वती ने भगवान श्रीराम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्रवचन में शामिल हुईं। मंच पर सांसद ढुल्लू महतो व उनकी पत्नी सावित्री देवी और विधायक शत्रुघ्न महतो ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। साध्वी ने हिंदुओं की एकता पर जोर देते हुए कहा कि मानव सभ्यता का विकास हिंदुओं से ही संभव है। हिंदू समाज को मानव समाज की आत्मा कहा गया है।

## स्पीड न्यूज

### मंदिर से भगवान शिव के सोने का नाग चोरी



**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना बैरक के निकट शिव मंदिर से चोरों ने भगवान शिव का सोने का नाग चोरी कर ली है। सुबह भगवान की पूजा अर्चना करने गई महिला भक्त ने देखा तो होश उड़ गए। महिला ने बेरक के सिपाही से चोरी की शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल

**सिंदरी/बलियापुर।** बलियापुर थाना अंतर्गत गुरुद्वारा हीरक रोड पर शुक्रवार की देर शाम लगभग 7:30 बजे सड़क दुर्घटना में सहदेव राय (44) नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज फिलहाल रांची के मेदांता अस्पताल में जारी है और स्थिति स्थिर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सहदेव राय प्रतिदिन की तरह बाइक से शहरपुरा बाजार जा रहा था। तभी एक अन्य बाइक सवार ने पीछे से धक्का मार दिया। वह जमीन पर गिर गया और सिर फटने की वजह से काफी खून बहने लगा। उसके कान और नाक से भी खून बह रहा था। आनन फानन में स्थानीय लोग निजी चिकित्सक के यहां ले गए। परंतु गंभीर स्थिति में उसे धनबाद रेफर कर दिया गया। धनबाद के एशियन जालान अस्पताल से उसे रांची रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि फिलहाल रांची के मेदांता अस्पताल में इलाज हो रहा है और स्थिति स्थिर बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार सिर में रक्त का थक्का जम गया है।

### विधायक डॉ मंजू कुमारी ने किया अपने कार्यालय का उद्घाटन



**गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन में विधायक कार्यालय का उद्घघाटन जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी ने शुक्रवार को किया। इस अवसर पर जमुआ के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमल जी,अंचल अधिकारी संजय पांडेय मौजूद थे। विधायक कार्यालय के उद्घाटन का मुख्य उद्देश्य प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आने वाले लोगों की छोटी-बड़ी समस्या को सुनने और निदान ढूंढना है। विधायक डॉ मंजू कुमारी ने कहा कि समस्या को सुना जाएगा और 15-15 दिनों के अंतराल पर जनता दरबार लगाया जाएगा, जिसमें समस्या का समाधान किया जाएगा। मौके पर भाजपा नेता साहेब महतो, कैलाश साव, राजेंद्र राय, अशोक सिंह, विकास मंडल, परमेश्वर यादव, राजेंद्र यादव, प्रकाश यादव, उमेश यादव, प्रदीप सिंह, सुमन कुमार सिन्हा, सदानंद साव, अनंत साव, राजेंद्र मंडल, राहुल सिंह आदि मौजूद थे।

## आईआईटी आईएसएम में सीस्मिक, मॉडलिंग और माइग्रेशन पर कार्यशाला

# एसइआईएस आरटीएम सॉफ्टवेयर उपयोगी : धीरज

▸▸ आईआईटी रुड़की के आनंद जोशी आरटीएम के सैद्धांतिक पहलुओं की जानकारी देंगे

खबर मन्त्र संवाददात



**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम के न्यू लेक्चर हॉल में शनिवार को सीस्मिक मॉडलिंग और माइग्रेशन पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 140 से अधिक छात्रों ने सत्र में भाग लिया। पहले दिन प्रतिभागियों को बुनियादी एलआईएनयूएक्स और एसएलयूआरएम कमांड्स, 2डी मॉडल जियोमेट्री क्रिएशन, और 2डी आइसोट्रॉपिक मॉडलिंग का उपयोग कर सीस्मिक डेटा उत्पन्न करने जैसे बुनियादी विषयों से परिचित कराया गया। वहीं आईआईटी आईएसएम के उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार ने एसइआईएस आरटीएम सॉफ्टवेयर के व्यापक उपयोग पर जोर दिया। इसका खनिज अन्वेषण, खनिज प्रसंस्करण, संसाधन आरक्षित अनुमान और खनिज डीपोसीटोंज में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा दुनिया अब खनिज अन्वेषण में गैर-विनाशकारी प्रौद्योगिकियों का पता लगाने में भूभौतिकीविदों पर अधिक निर्भर हो रही है। सी-डैक पुणे की वैज्ञानिक रिचा रस्तोगी ने सीस्मिक मॉडलिंग के महत्व के बारे में जानकारी साझा की। 9 फरवरी को आईआईटी रुड़की के अर्थ साइंसेज विभाग के प्रमुख प्रोफेसर आनंद जोशी आरटीएम के सैद्धांतिक पहलुओं की जानकारी देंगे। 10 फरवरी को कार्यशाला की समाप्त होगी, जिसमें मॉडलिंग और आर टी एम के सैद्धांतिक पहलुओं पर एनएसएम क्लस्टर का उपयोग करके एसईआईएसआरटीएम डेमो दिया जायेगा। ज्ञात हो कि यह कार्यशाला आईआईटी आईएसएम के एप्लाइड जियोफिजिक्स विभाग, आईआईटी रुड़की के अर्थ साइंसेज विभाग और सी-डैक पुणे के सीस्मिक डेटा प्रोसेसिंग विभाग के सहयोग से आयोजित की गई है।

# `सड़क किनारे दुकान लगाने वालों को अल्टीमेटम

▸▸ नगर निगम की टीम ने लिया जायजा, बात नहीं मानी तो होगा बल प्रयोग



**धनबाद।** शहर की मुख्य सड़क पर जाम को देखते हुए निगम की टीम ने शनिवार को बरटांड़ क्षेत्र का निरीक्षण किया। बसडीपो से सीएमआरआई गेट तक सड़क के दोनों ओर करीब 60 लोग फल और सब्जी बेचते मिले। टीम ने 24 घंटे के अंदर सड़क से दुकान हटाने की चेतावनी दी। खुद दुकान नहीं हटाने पर बल प्रयोग की बात कही गई। हालांकि निगम के इस फरमान का सब्जी विक्रेताओं एवं स्थानीय नेताओं ने विरोध भी किया। लेकिन टीम पर कोई असर नहीं दिखा।

अभियान का नेतृत्व कर रहे सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि नगर आयुक्त के आदेश पर आज इस स्थल पर मुनादी कराई गई है। सड़क को अतिक्रमण मुक्त कर वेंडिंग जोन में दुकान लगाने की बात कही गई है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण की अक्सर शिकायत आती है। कई बार अभियान भी चला है। इसके बाद भी दुकानदार समझने को तैयार नहीं हैं कि सड़क पर अतिक्रमण से जाम की समस्या होती है, साफ सफाई में भी परेशानी होती है। खुद से दुकान नहीं हटाई गई तो बल पूर्वक हटाई जायेगी।

## दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर कतरास में निकला विजय जुलूस



**कतरास।** मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने शनिवार को विजय जुलुस निकाला। सूर्यदेव मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में घमंड और तानाशाह की हार हुई। वहां जनता की सरकार बन रही है। आने वाले समय में दिल्ली वासियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। जुलूस खतम होने के बाद मिठाई बांटी गयी। जुलूस में महेश पासवान, प्रिंस शर्मा, कुंदन सिंह दिनेश उपाध्याय, श्याम किशोर, धर्मेंद्र गुप्ता, उषा पटवा, कंचन चौरसिया, रामकुमार साहू, पंकज सिंह, रघुनाथ हजारी, बच्चा सिंह आदि शामिल थे।

## वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कर्मियों ने की हड़ताल, जलापूर्ति ठप

# जलसंकट को लेकर अभियंता से मिली डॉ मधुमाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** छह माह के बकाये वेतन के भुगतान की मांग को लेकर खानुडीह स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कार्यरत पीएचईडी के दैनिक कर्मियों की हड़ताल चौथे दिन जारी रही। फलस्वरूप कतरास क्षेत्र की आधी आबादी जल संकट से जूझ रही है। कतरास जलापूर्ति योजना के उक्त प्लांट से कतरास बाजार, तिलाटांड़, शिक्षक कॉलोनी, गुहीबांध एवं पंचगढी के आधा भाग सहित कई मोहल्ला में जलापूर्ति होती है। हड़ताल के कारण पानी के जुगाड़ में लोग परेशान हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए वार्ड संख्या एक की समाजसेवी डॉ मधुमाला पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिली और उन्हें जल समस्या से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा। उन्होंने समस्या का समाधान करजलापूर्ति चालू कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि जमुनिया जलापूर्ति के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत हो गई है। आम जनजीवन त्रस्त हो गया है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता से कर्मचारियों के वेतन भुगतान के साथ जमुनिया का जल कतरास में सुचारू रूप से शुरू कराने का आग्रह किया। विभाग की ओर से जल्द ही उचित कार्रवाई करने की बात कही गई है।

## डीएवी सिंदरी में 10 वीं कक्षा के बच्चों के लिए आशीर्वचन सामरोह



**सिंदरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में शनिवार को 10 वीं कक्षा के बच्चों के लिए आशीर्वचन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही कक्षा 12 वीं का फोटोग्राफी समारोह तथा यज्ञ हवन भी हुआ। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि मैट्रिक की परीक्षा जीवन की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक है। किसी भी सफलता का कोई शॉर्टकट फामूर्ला नहीं है। हमेशा लगन, मेहनत और ईमानदारी से ही हम अपने मुकाम को पा सकते हैं। मेहनत का कोई विकल्प नहीं है और उससे ही आप जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। जो उन्हें बाहरी दुनिया में उड़ान भरने में मदद करेंगे। मौके पर कक्षा 10 वीं के कक्षा अध्यापक रंजन कुमार, अभिजीत दत्ता, बृज किशोर द्विवेदी, दीपाली कुमारी, मौजूद थे।

## गलफरबाड़ी में डंके की चोट पर हो रहा कोयले का अवैध करोबार

# पुलिस एवं ईसीएल सुरक्षा टीम ने कराई डोजरिंग

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र में डंके की चोट पर कोयले का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। इसका खुलासा शनिवार को तब हुआ, जब गलफरबाड़ी पुलिस व ईसीएल सुरक्षा टीम अवैध खनन स्थल की भराई करने कोड़ाकुल्ही के पास पहुंची। वहां 10-12 कुआंनुमा अवैध खनन स्थल देखा गया। टीम ने डोजरिंग करा कर सभी मुंहाने को बंद कराया।

टीम ने कहा कि डोजरिंग अभियान अगले दो तीन दिनों तक चलेगा। बता दें कि बंद बर्ण स्टैण्डर्ड कारखाना का परिसर व उसके आस पास भी एक सौ से ज्यादा अवैध मुहाने हैं। टीम ने इन मुहानों की भी भराई की बात कही। बता दें कि अवैध खनन स्थल के आस पास रहने वाले ग्रामीण गलफरबाड़ी ओपी पहुंचे थे। कहा कि अवैध खनन से जमीन खोखली होती जा रही है। जिससे भू-धसान का खतरा बढ़ गया है। कोयला निकालने व अवैध मुहानों की खुदाई के लिये रातभर ब्लास्टिंग की जाती है। जिससे सोने में परेशानी होती है। बच्चों की पढ़ाई भी बाधित होती है। कहा कि भराई के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। अवैध खनन पर पूर्णतया रोक के लिये बीच बीच में सीआईएसएफ, ईसीएल सुरक्षा टीम व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जरूरत है। ग्रामीणों की शिकायत पर ओपी प्रभारी दीपक दास ने ईसीएल सुरक्षा टीम के सहयोग से अवैध मुहानों की भराई का अभियान चलाया। लोगों को आश्वस्त किया कि किसी भी सूरत में अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### दिल्ली की जनता को पीएम मोदी की गारंटी पर भरोसा : ज्योतिरीश्वर सिंह



**रांची /मेदिनीनगर।** भाजपा किसान मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा कर दिल्ली को आपदा मुक्त कर दिया है। दिल्ली के विधानसभा चुनाव परिणाम से यह साफ हो गया है कि झूठ और पाखंड की राजनीति अधिक दिनों तक नहीं चलती। जनता को बदलाव की राजनीति का सब्जबाग दिखा कर केजरीवाल ने दिल्ली के विकास पर ब्रेक लगा कर अपना शीशमहल तैयार किया था। इस शीशमहल को दिल्ली की जनता ने नेस्तनाबूद कर पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा के प्रति विश्वास प्रकट कर सबका साथ सबका विकास के संकल्प को मजबूती दिया है। इसके लिए दिल्ली की जनता बधाई की पात्र है।

### दिल्ली में जीत पर बिश्रामपुर में जुलूस



**विश्रामपुर (पलामू)।** दिल्ली में भाजपा की बंपर जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने बिश्रामपुर में विजय जुलूस निकाला। जुलूस की शुरुआत बस स्टैंड से हुई। नगर भ्रमण के बाद जुलूस हॉस्पिटल चौक पहुंचा, जहां सभा में बदल गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जम कर आतिशबाजी भी की। मौके पर वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, बबन राम, मनीष कुमार, अनुज चौधरी, विकास चौबे, पंकज लाल, महेंद्र कुमार, शंकर चंद्रवंशी, रजनीश चंद्रवंशी, गोपाल सोनी, टिंकू चंद्रवंशी, राजेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### भ्रष्टाचार को लेकर पंसस हुए आक्रोशित



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड सभागार में उप प्रमुख सुनील सिंह के नेतृत्व में पंसस एकजुट हो गये हैं। सभी पंससों ने बताया कि अगर सीओ, बीडीओ आम जनता का शोषण करना बंद नहीं करते हैं तो हम सभी पंसस व जनप्रतिनिधि एकसाथ मिलकर तालाबंदी, धरना प्रदर्शन करेंगे। सभी पंसस ने बताया कि मोटेशन, ऑनलाइन, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भारी भरकम राशि आम जनता से वसूली की जा रही है। सभी पंचायत से ऐसी सूचना के बाद हम लोग एकजुट हुए हैं। हमारी मांगें दस दिनों में नहीं मानी गयी तो हम सभी आंदोलन करेंगे। मौके पर लालजी चौधरी, सरिता देवी, कविता देवी, सोनी देवी, सुकुल रवि, वसीद अंसारी, अमरजीत कुमार आदि थे।

### वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्कूली बच्चों के बीच चलाया जागरूकता अभियान



**चैनपुर पलामू।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट जनहित में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सड़कों पर सावधान रहने की हिदायत दे रही है। ट्रस्ट ने स्कूली बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही लोगों को सभी ट्रैफिक नियमों का पालन करने की बात कही। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बच्चे को अपने माता-पिता को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन का संदेश देने को कहा। बताया कि बच्चे घर से निकलते समय दोपहिया वाहन चलाने के लिए अभिभावक को हेलमेट जरूर पकड़ायें। मौके पर यातायात प्रभारी समाल अहमद, स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मो शफीक अंसारी, प्राचार्य अफजल शफीक, मयूरेश द्विवेदी, लक्ष्य श्रेष्ठ, ब्लॉगर अभिषेक तिवारी, मन्नत सिंह बग्गा, शर्मिला वर्मा, राखी सोनी, रिनू शर्मा, फरहा नाज मौजूद थे।

### छहमुहान के पास कई वाहनों की जांच



**मेदिनीनगर।** यातायात प्रभारी समाल सहमद के नेतृत्व में छह मुहान के पास सघन जांच अभियान चलाया गया। इसमें चार पहिया वाहन एवं बाइकों की जांच कर गयी, जिसमें दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट और बिना लाइसेंस के कुछ थे। जिसमें से 10 बाइकों और 01 टेंपो को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। 01 ट्रक चालक जो नो एंट्री में गाड़ी लाया था, उसे भी चालान के लिए भेज दिया गया है। शनिवार को 12 बाइक से 21,000 और टोटल चालान फाइन की राशि 37,000 रुपये आया है।

### मिशन समृद्धि ने बच्चों में बांटा भोजन



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की पाठशाला के कचरवा शाखा में में पुड़ी सब्जी और बुंदिया का वितरण किया। उन बच्चों के अभिभावकों को भी भोजन का पैकेट दिया गया। इस पाठशाला में पढ़ रहे बच्चों के माता-पिता शिक्षा से बहुत दूर थे। लेकिन अब वे लोग अपने बच्चों में हो रहे सुधार से बहुत ही प्रभावित हैं। पाठशाला में इन बच्चों के माता-पिता विशेष रूप से माता जरूर आती हैं। चना-गुड़ उनके बीच दूरी होने के कारण प्रतिदिन तो नहीं किंतु प्राय :वितरण किया जाता है जबकि समृद्धि की पाठशाला के जनकपुरी शाखा में बच्चों को नियमित रूप से चना गुड़ दिया जाता है। मौके पर अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव, अहिल्या गिरि, बैजंती गुप्ता, वीणा राज, आशा शर्मा, रंजीता, शिल्पी गोस्वामी, बेबी पांडेय, ममता, शालिनी श्रीवास्तव, संध्या शेखर आदि उपस्थित थे।

### शंभु पांडेय के बदले नारायण राम के पास से राशन वितरण कराने की मांग



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के बड़कागांव के कार्डधारियों ने पंचायत के मुखिया अनुज त्रिपाठी के साथ जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीती किस्कु से मुलाकात की। मौके पर कई कार्डधारियों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन देकर आग्रह किया है कि डीलर शंभु पांडेय के बदले नारायण राम के पास से राशन का वितरण करवाया जाये। नारायण राम बेहतर तरीके से समयानुसार सभी को राशन वितरण करते हैं। इसलिए उन्हें ही आवंटन दिया जाये।

# किताब से अच्छा विद्यार्थियों का कोई दोस्त नहीं होता : चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा

- रोटरी स्कूल चैनपुर में 12वीं के छात्र-छात्राओं की विदाई तथा स्काउट-गाईड प्रशिक्षण का समापन
- विद्यार्थी उंचे पद पाकर परिवार, समाज, विद्यालय का नाम रौशन करें : प्राचार्य अश्लेश कुमार पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** रोटरी स्कूल चैनपुर के प्रशाल में सत्र 2024-25 के 12वीं के छात्र-छात्राओं को 11वीं के विद्यार्थियों ने विदाई दी। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा और रोटरी के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में राज्यपाल भवन में पदस्थापित जनसंपर्क पदाधिकारी कांति झा उपस्थित थे। चेयरमैन ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने एवं लक्ष्य हासिल करने को प्रेरित किया।





**खास बातें :** उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का किताब से अच्छा कोई दोस्त नहीं क्योंकि यही दोस्त उस लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद करता है। पूर्व छात्र एवं वर्तमान में राज्यपाल भवन में पदस्थापित जनसंपर्क पदाधिकारी कांति झा ने कहा कि आप सभी को देखकर मुझे मेरी 25 वर्ष पुरानी यादें ताजा हो गयीं। आज गर्व के साथ मैं राज्यभवन में एक जनसंपर्क अधिकारी के रूप में पदस्थापित हूं, यह कहीं न कहीं रोटरी स्कूल के शिक्षकों की ही देन है। आप सभी कड़ी मेहनत कर नए भारत गढ़ने में अपना योगदान दें ताकि एक अच्छे इंसान, कर्तव्यनिष्ठ नागरिक के रूप में आप अपने समाज में अपनी पहचान बना सकें। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि 14 वर्षो की शिक्षा के उपरांत आज आपको आपके माता-पिता को हम सभी सौंप रहे है जैसे प्राचीन काल में शिक्षा समापन के उपरांत गुरुकुल में विद्या-अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को सौंपा जाता था। आप सभी अलग-अलग पद को प्राप्त कर परिवार, समाज, विद्यालय का नाम रौशन करें जिससे हम सभी शिक्षक वृन्द गौरवान्वित हों। इस वर्ष 270 छात्र-छात्राएं सीबीएसई द्वारा आयोजित 2025 की वार्षिक परीक्षा देंगे। बताते चलें कि 05-02-2025 से 08-02-2025 तक चल रहे भारत स्काउट एवं गाईड का प्रथम व द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण शिविर का भी समापन हुआ जिसमें 140 विद्यार्थियों ने स्काउट एवं गाइड का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना लागू

# पांच लाख तक की जांच, दवा, उपचार से लेकर ऑपरेशन तक होगा मुफ्त : डॉ विवेक कश्यप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना पूर्ण रूप से लागू हो गया है। अब यहां पांच लाख तक का सभी इलाज मुफ्त में होगा जिसमें जांच, दवा, उपचार से लेकर ऑपरेशन तक शामिल है। इसकी जानकारी एलसीएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप ने दी।

उन्होंने बताया कि ऑर्थोपेडिक विभाग द्वारा सभी प्रकार की हड्डी संबंधित बीमारियों का इलाज व ऑपरेशन की व्यवस्था उपलब्ध है जिसमें फ्रैक्चर, घुटनों और रीढ़ की सर्जरी, जोड़ प्रत्यारोपण सहित कई जटिल ऑपरेशन शामिल है। स्त्री व प्रसूति विभाग द्वारा नॉर्मल डिलेवरी, सिजेरियन ऑपरेशन, गर्भाशय ऑपरेशन सहित महिला संबंधित सभी बीमारियों का इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम हॉस्पिटल में मौजूद है।

डॉ कश्यप ने यह भी बताया कि सर्जरी विभाग द्वारा गोल ब्लाडर स्टोन, हर्निया, हाइड्रोसील, सिस्ट व ऑपरेंडिस, फिस्टुला, फिशर, बवासीर ऑपरेशन लेजर और स्टेपलर दोनों पद्धति से उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अत्याधुनिक उपकरणों से विभिन्न रोगों का जांच व इलाज की संपूर्ण सुविधा इस हॉस्पिटल में उपलब्ध है।






जानकारी देते कॉलेज के प्राचार्य व लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का भवन।

**मैट्रिक-इंटर परीक्षा को लेकर बैठक :** निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा की सौंपी गयी जिम्मेवारी

# मैट्रिक व इंटर की परीक्षा 11 से 67,262 परीक्षार्थी लेंगे भाग

- 76 केंद्रों पर मैट्रिक एवं 40 केंद्रों पर होगी इंटरमीडिएट की परीक्षा
- जिले में सीसीटीवी की जद में रहेंगे परीक्षा केंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा का आयोजन 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक संचालित होगी। माध्यमिक परीक्षा में 34665 एवं इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों की परीक्षा में 32597 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं में 67262 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। माध्यमिक परीक्षा के लिए पलामू जिले में 76 परीक्षा केंद्र निर्धारित किये गये हैं। वहीं इंटर परीक्षा के लिए 40 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर समाहरणालय सभागार में नगर आयुक्त जावेद हुसैन एवं डीडीसी एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने सभी उड़नदस्ता सह गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, उड़नदस्ता एवं गस्ती दल पदाधिकारी केंद्राधीक्षक एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों के साथ बैठक की।



परीक्षा को लेकर आयोजित बैठक में शामिल लोग।

**खास बातें :** बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं सजगतापूर्वक करने को कहा गया। नगर आयुक्त एवं डीडीसी ने कहा कि परीक्षाओं का संचालन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त कराना सबकी जिम्मेवारी है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय एवं समय प्रबंधन के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

# खाद्य आपूर्ति के गोदाम प्रबंधक विनय सिंह पर लगा कालाबाजारी का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद विजय राम ने खाद्य आपूर्ति के गोदाम प्रबंधक विनय सिंह पर राशन बेचने (कालाबाजारी) करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत एम ओ आलोक तिवारी से की। उन्होंने कहा कि मैं अपने घर जाने के क्रम में देखा कि गोदाम के मुख्य गेट के पास गोदाम मैनेजर विनय सिंह सहित दो-तीन व्यक्ति खड़े हैं। गोदाम के मुख्य दरवाजे पर गोदाम मैनेजर के सामने एक व्यक्ति पैदल साइकिल से एक बैग (बोड़ा) राशन लेकर जाने लगा। मुझे इन लोगों पर कालाबाजारी करने की अंशका हुई। तब मैंने अपने मोबाईल से तुरंत विडियो बनाने लगा। उसके बाद गोदाम मैनेजर विनय सिंह मुझे विडियो बनाते देख वह अपनी बाइक चालू कर हेलमेट लगाकर बैठ गये। उनके द्वारा कालाबाजारी का राशन ले जा रहा व्यक्ति को अपने बाइक से छुपाने का प्रयास करने लगे।

मैंने तुरंत इसकी सूचना फोन से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दी। उन्होंने बताया कि राशन की कालाबाजारी होने के कारण गोदाम मैनेजर द्वारा पूरे प्रखंड भर के जनवितरण दुकानदार डीलर को आवंटन से कम राशन हमेशा देते हैं। इस संबंध में जब प्रखंड खाद्य आपूर्ति प्रबंधक विनय सिंह से फोन पर मामले के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।





साइकिल पर खाद्यान्न ले जाता व्यक्ति और आवेदन देते पूर्व जिप सदस्य।

## पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर सनसाइन पब्लिक स्कूल सगालिम और पांकी थाना के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025' के तहत एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान, बिना हेलमेट पहने हुए मोटरसाइकिल चालकों को फूल देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें शपथ दिलाई गई। इस पहल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करना और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के अभियानों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिलेगी और लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।



## दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली जीत का जोरदार जश्न मनाया। पार्टी कार्यकर्ता छः मुहान चौक पर एकत्रित हुए। जहां आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की थाप पर जश्न मनाया गया एवं मिठाइयां बांटी गयी। मौके पर प्रदेश कार्य समिति अविनाश वर्मा ने कहा कि यह जीत कार्यकताओं की मेहनत और पार्टी की जन-कल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में नई सरकार बनने की बात कही। जिला मंत्री सोमेश सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के झूठे वादों को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली में शुरू हुई विकास यात्रा अन्य प्रदेशों में भी जारी रहेगी। मौके पर दुर्गा जौहरी, ओमप्रकाश पप्पू, प्रिय रंजन कुमार, विजय कुशवाहा, श्वेतांक गर्ग, श्रवण गुप्ता, राजहंस अग्रवाल, सतीश पासवान, सत्यवान तिवारी, रंजीत सिंह, संदीप दास, विवेक कुमार, राजहंस अग्रवाल, रेणु देवी, श्याम राम, शुभम गुप्ता, विकास सिंह, मीना गुप्ता भी थे।



### दिल्ली में सुशासन की सरकार स्वागतयोग्य : राघवेंद्र



**चैनपुर पलामू।** सांसद प्रतिनिधि चैनपुर राघवेंद्र तिवारी ने दिल्ली के चुनाव परिणाम को लेकर हर्ष जताया है। उन्होंने बताया कि भगवान राम अयोध्या में 14 वर्ष बाद घर वापस आये थे। वहीं 27 वर्षों के बाद दिल्ली में सुशासन की सरकार आयी है जो स्वागतयोग्य है। उन्होंने दिल्लीवासियों को दिल से धन्यवाद दिया। कहा कि दिल्ली की जनता ने सबका साथ सबका विकास पर भरोसा जताते हुए भाजपा के पक्ष में जनादेश दिया, जो सराहनीय है। अब दिल्ली का सर्वांगीण विकास भाजपा के नेतृत्व में होगा। वहीं दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को करारा जवाब दिया है।

### 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**रामगढ़ पलामू।** स्तरोन्नत प्लस टू आदर्श विद्यालय रामगढ़ में शनिवार को समारोह आयोजित कर 12वीं के 162 छात्रों को विदाई दी गयी। मुख्य अतिथि मुखिया उमाशंकर प्रसाद थे। मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। स्कूल प्रभारी प्राचार्य महेंद्र प्रसाद ने कहा कि हम सब प्रवासी पक्षी के सामान हैं। कर्मो से अमिट छाप छोड़कर चले जाना है। 12वीं के छात्र अपना बचपन इस कैंपस में छोड़कर बेहतर भविष्य को संवारने जा रहे हैं। मुखिया ने कहा कि विदाई लेने वाले छात्र-छात्राएं जीवन में बेहतर करें। मौके पर शिक्षक पार्थ कुंभकार, योगनाथ शुक्ल, आलोक कुमार, ललन कुमार, अविनाश, अविनेश, प्रीति, वेद प्रकाश, सुधीर राम, प्रदीप कुमार, श्वेता कुमारी, चंदन कुमार, मीनाक्षी चंद्रानी, प्रवीण कुमार मौजूद थे।

### निष्ठावान कार्यकर्ता को दी जायेगी संगठन की जिम्मेवारी : विजयानंद पाठक



**पांडू पलामू।** भाजपा पांडू मंडल ने भाजपा कार्यालय पांडू में मंडल संगठन पर्व को लेकर कार्यशाला की। जिसकी अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह तथा संचालन मंडल संयोजक प्रेमसागर सिंह ने किया। मंडल पर्व कार्यशाला प्रभारी के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष सह पांडू मंडल संगठन पर्व कार्यशाला के अधिकारी विजयानंद पाठक उपस्थित थे। श्री पाठक ने कहा कि पांडू मंडल में संगठन पर्व का चुनाव पारदर्शिता के साथ होगा और निष्ठावान कार्यकर्ता को संगठन की जिम्मेवारी दी जायेगी। इसी तरह सभी शक्ति केंद्र पर प्रभारी सह प्रभारी नियुक्त होंगे। प्रभारी के माध्यम से बूथ अध्यक्ष का गठन होगा। मौके पर उपेंद्र सिंह, संजय पांडे, कृष्णा विजय सिंह, बृजभूषण सिंह, कामेश्वर चौधरी, सुदर्शन सिंह, कन्हाई राम आदि भी थे।

## पांकी मंडल कार्यालय में संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला का आयोजन कल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पांकी पलामू।** भाजपा पांकी मंडल कार्यालय में संगठन महापर्व के तहत संगठनात्मक चुनाव एवं मंडल चुनाव टोली कार्यशाला का आयोजन नौ फरवरी को किया गया है। इस कार्यशाला में मंडल के सभी पदाधिकारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष, शक्तिकेंद्र प्रभारी एवं संयोजक, मंच-मोर्चा के अध्यक्ष, तथा मंडल में प्रवास करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ता आमंत्रित हैं। इस चुनाव टोली मंडल कार्यशाला में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय कुमार तिवारी मुख्य प्रभारी के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ पांकी मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के भीष्म पितामह कहे जाने वाले साधु मांझी सह प्रभारी के रूप में मौजूद रहेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने सभी आमंत्रित कार्यकताओं से समय पर पहुंचने की अपील की है, ताकि कार्यशाला का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।

### मैट्रिक व इंटर के परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड वितरण आज से

**हुसैनाबाद पलामू।** प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर में अध्ययनरत मैट्रिक एवं इंटर के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा का एडमिट कार्ड रविवार से वितरण किया जायेगा। इसकी जानकारी विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बैजनाथ राम ने दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा 11 फरवरी से प्रारंभ होने वाली है। परीक्षार्थियों को किसी तरह की समस्या नहीं हो इसलिए अवकाश के दिन भी एडमिट कार्ड बांटा जायेगा। उन्होंने परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों से ससमय विद्यालय से एडमिट कार्ड प्राप्त करने को कहा।

## अब समाज और परिवार की सेवा का समय : सिंटू सिंह

- सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक को दी गयी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांडू पलामू।** प्रखंड के लोटरा चनोखर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहायक अध्यापक संजय सिंह का 20 वर्षों की सेवा के बाद भी सहायक अध्यापक का खाली हाथ लौटना वर्तमान सरकार की विफलता का नमूना है। पांडू प्रखंड के उमवि लोटरा चनोखर के सहायक अध्यापक संजय का सेवानिवृत्ति के पश्चात विदाई समारोह विद्यालय में किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय सिंह ने की एवं संचालन शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया। सहायक अध्यापक महासंघ के प्रदेश महासचिव प्रद्युम्न सिंह (सिंटू सिंह) ने कहा कि विभागीय नियमानुसार सेवानिवृति एक प्रक्रिया है। संजय एक बेहतर, कर्मठ, ईमानदार शिक्षक थे।



जोड़ पंचायत सचिवालय में पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण आयोजित

# महिलाएं आधुनिक तरीके से खेती कर अपनी आय बढ़ायें : मुखिया प्रभा देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला उद्यान कार्यालय व सहयोगी संस्था आईबी सेल्स द्वारा सदर प्रखंड अंतर्गत जोड़ पंचायत सचिवालय में पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जोड़ ग्राम की महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, जिला प्रबंधक अवकेश खलको, प्रशिक्षिका उषा कुमारी, सामुदायिक समन्वयक, जोड़ पंचायत की मुखिया प्रभा देवी, पंसस रीना तिवारी, उप मुखिया सरिता तिवारी, समाजसेवी अजय तिवारी, नरेंद्र मेहता शामिल थे। प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों ने जोड़ ग्राम की महिलाओं को कम जमीन में बेहतर खेती करने पर बल दिया गया। प्रशिक्षण में मुखिया प्रभा देवी ने कहा कि प्रशिक्षण से महिलाओं में दक्षता आयेगी। महिलाएं पशुपालन व आधुनिक तरीके से कृषि कार्य कर अपनी आय को बढ़ा सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए प्रशिक्षण काफी लाभप्रद होगा। जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने कहा कि महिलाओं को कृषि में सहायता कर उनकी आय को बढ़ाना चाहती है।



महिलाओं को प्रमाण पत्र देते मुखिया, पंसस, उप मुखिया व उद्यान पदाधिकारी।

**खास बातें :** खेती करने के लिए महिलाओं को सरकार सहायता कर रही है। समय-समय पर किसानों को खाद, बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार किसानों के लिए कई योजनाएं चला रही है। किसान कृषि कार्य बेहतर ढंग से कर मुनाफा कमा सकते हैं। पंसस रीना तिवारी ने कहा कि महिलाएं सब्जी उत्पादन, फल फूल खेतों में लगाकर अपनी आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनेगी। प्रशिक्षण महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उप मुखिया सरिता तिवारी ने कहा कि महिलाएं प्रशिक्षण में बताये बातों को दूसरे महिलाओं को भी बतायें। ताकि वे खेती बेहतर ढंग से कर सकें। मौके पर मुखिया व जिला उद्यान पदाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 37 महिलाओं को शॉल, प्रमाण पत्र, खुरपी, हसुआ देकर सम्मानित किया।

# प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गृहरक्षकों के लिए सुनहरा मौका : निरीक्षक अनुज झा

- 20 फरवरी को खेल प्रतियोगिता के लिए टीम का गठन होगा

**अजीत दुबे**

**मेदिनीनगर।** रांची में गृहरक्षकों के लिए तीन मार्च से आठ मार्च तक विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय पलामू में पदस्थापित निरीक्षक अनुज कुमार झा ने बताया कि पलामू प्रमंडल के गृह रक्षकों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि झारखंड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय रांची के निर्देश पर गृह रक्षकों को कुल 8 जोन में बांटा गया है । पहले दक्षिणी छोटा नागपुर क्षेत्र ,रांची ,उत्तरी छोटा नागपुर, क्षेत्र रांची कोयला क्षेत्र बोकारो, पलामू क्षेत्र डाल्टनगंज, संथालपरगना क्षेत्र दुमका, कोल्हान क्षेत्र, चाईबासा गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय एवं केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र धुर्वा अग्निशमन सेवा के पदाधिकारी एवं कर्मी 8जोन नोडल पदाधिकारी समादेष्टा केंद्रीय प्रशिक्षण ध्रुव रांची होंगे। पलामू प्रमंडल जोन के लिए जिला समादेष्टा पलामू, सह, गढ़वा दीपक कुमार एवं लातेहार जिला समादेष्ट मोहम्मद इम्तियाज होंगे। उन्होंने कहा कि 10 से 19 फरवरी तक पलामू प्रमंडल के गृह रक्षक अपने जिला कार्यालय में इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नाम दर्ज करा सकते हैं । गृहरक्षक फूल वर्दी एवं आइडेंटी कार्ड के साथ कार्यालय परिसर में जाएंगे उन्हें जिस खेल में भाग लेना है उसे दर्ज करायेंगे। उन्होंने कहा कि बैडमिंटन, एथलेटिक्स, फुटबॉल, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्सी कस पहली बार महिला के होमगार्ड के लिए भी यह प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सुनहरा अवसर है। गृह महिला रक्षक 8 जोन के लिए अपने जिलावार कार्यालय में जाकर नाम लिखवा सकते है। पलामू प्रमंडल के गृह रक्षकों के लिए प्रशिक्षण केंद्र आरसीटी चियांकी में 20 को सूचीवार खेल प्रतियोगिता के लिए टीम का गठन किया जायेगा।



अनुज झा, निरीक्षक।

# दिल्ली विधानसभा जीत से कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल


जश्न मनाते कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**सगमा।** दिल्ली विधानसभा में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह जगह-जगह आतीसबाजी कर अबीर गुलाल उड़ाया। विदित हो कि पिछले 27 वर्षों के बाद राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत हासिल हुआ है। पार्टी की जीत की खुशी में सगमा प्रखण्ड क्षेत्र सहित बिलासपुर बाजार में पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा गगनभेदी नारा के बीच पार्टी के झंडा के साथ खुशी मनाया गया। लोग इस अवसर पर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जेपी नड्डा जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद का नारा बुलंद करते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी किया। सगमा में मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव के नेतृत्व में नारेबाजी कर रहे थे, जिसमे धर्मजीत यादव, रविरंजन यादव, राजेश बैठा, सखीचंद प्रजापति, बबलू ठाकुर सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। जबकि बिलासपुर बाजार में व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में जुलूस निकालकर नारेबाजी के साथ मिठाई वितरित किया गया। मौके पर बिनोद कुमार गुप्ता, निर्जय बैठा, महेंद्र जायसवाल, लालू कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, बलबीर जायसवाल, प्रधंजु चंद्रवंशी, धीरज कुशवाहा, जितेंद्र गुप्ता, बुधन साह आदि उपस्थित थे।

## जागरूकता शिविर का आयोजन


उपस्थित प्रशिक्षणार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आउटरीच प्रोग्राम के तहत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने कहा कि नालसा नई दिल्ली एवं डालसा रांची के तहत 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत यह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी अंतिम व्यक्ति को निःशुल्क कानूनी सहायता मिले इसी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009, बाल विवाह प्रतिषेद्य अधिनियम एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अनाथ बच्चों के लिए पालन पोषण अधिनियम 2018 के बारे में विस्तार से बताया। पीएलवी रामाशंकर चौबे ने पर्यावरण एवं जल बचाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशीले पदार्थ के सेवन से हो रहे शारीरिक मानसिक एवं आर्थिक क्षति के बारे में विस्तार से बताया। पीएलवी तृप्ता भानू ने घरेलू हिंसा के बारे में बताया। मौके पर सुनीता पांडेय, अरविंद तिवारी, मिथिलेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## मैट्रिक के लिए चार, इंटर के लिए दो परीक्षा केन्द्र

**कांडी।** प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा के लिए चार परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जबकि इंटर के लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। 2277 परीक्षार्थी मैट्रिक परीक्षा में शामिल होंगे जबकि 1619 परीक्षार्थी इंटर की परीक्षा लिखेंगे। मैट्रिक परीक्षा के लिए चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें जमा दो उच्च विद्यालय कांडी, सोनभद्र आदर्श इंटर महाविद्यालय कांडी, राजकीय मय विद्यालय हरिहरपुर, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय लमारी कला शामिल है। जमा दो उच्च विद्यालय कांडी सेंटर पर मैट्रिक के 973, सोनभद्र आदर्श इंटर कलेज कांडी सेंटर पर 625, हरिहरपुर सेंटर पर 410, लमारी कला सेन्टर पर 269 विद्यार्थी मैट्रिक की परीक्षा लिखेंगे।885 परीक्षार्थी हाई स्कूल कांडी सेंटर पर इंटर की परीक्षा में शामिल होंगे। कांडी कॉलेज सेंटर पर 734 विद्यार्थी इंटर की परीक्षा लिखेंगे। परीक्षा को सकुशल संचालन के लिए सभी केन्द्रों के लिए वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति बीआरसी के माध्यम से कर दिया गया है।

## ऑक्सफोर्ड में मना दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के टंडवा नारायणपुर स्थित अक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान विद्यालय के वर्ग प्री नर्सरी, नर्सरी एवं प्रेप के बच्चों के दादा-दादी एवं नाना-नानी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत और दीप प्रज्वलन के साथ की गयी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज सरीन ने कार्यक्रम मे आए ग्रेडपेरेंट्स को सम्बोधित करते हुए उनका सादर अभिनन्दन किया।

उन्होंने बच्चों के जीवन में दादा-दादी एवं नाना-नानी की भूमिका और उनका महत्व समझाया। उन्होंने दादा-दादी और नाना-नानी को बच्चों के लिए समय देने और अच्छे संस्कार देने के लिए प्रेरित किया। अभिभाषण के पश्चात् विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा ग्रुप डांस एवं विद्यालय के नृत्य शिक्षिका द्वारा सुन्दर जुम्बा नृत्य प्रस्तुत किया गया।

उसके बाद ग्रेडपरेंट्स के द्वारा म्यूजिक चेयर खेल का भी आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि कार्यक्रम आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य दादा-दादी एवं नाना-नानी का सम्मान करना, उन्हें अपने बच्चों के बच्चों के प्रति प्यार दिखाने का अवसर देना एवं बच्चों को बुर्जुगों की ताकत, जानकारी और मार्गदर्शन के बारे में जागरूक करने में मदद करना था। कार्यक्रम में प्रेप के जाहरा यास्मीन के अभिभावक मो आयूब, नर्सरी के आकाश पाण्डेय के अभिभावक नागेंद्र पाण्डेय, नर्सरी के विराज चंदोक के अभिभावक विजय कोहली एवं नीलम कोहली ने अपनी-अपनी बात रखी और विद्यालय के द्वारा इस तरह के आयोजन कराने की हृदयपूर्वक प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण और सहकर्मी मौजूद थे।

## अग्रवाल परिवार ने किया भोजन वितरण


भोजन वितरण करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार गढ़वा के तत्वावधान में लगातार 61वें सप्ताह जरुरत मंदो के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन के समीप प्रसाद रूपी भोजन का वितरण किया गया। मौके पर चन्द्र प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल परिवार सदा ही जरुरत मंदो और दीन हिनों की सेवा करता रहता है। हर्ष अग्रवाल ने कहा कि जरुरतमंदों को भोजन कराकर बहुत ही आंनद की अनुभूति होती है। मौके पर विनय कश्यप, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मानस अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट में विदाई समारोह आयोजित कर बारहवीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। वहीं सभी छात्र छात्राओं को तिलक चंदन लगाकर स्वागत किया गया, तत्पश्चात शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें आगे की पढ़ाई लिखाई से संबंधित कई बिंदुओं पर जानकारी देते हुए उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए निर्देशित किए। वहीं प्राचार्य राधेश्याम पंडित ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थियों को विज्ञान के साथ-साथ अपने संस्कृति, समाज को बनाएं रखने की जरूरत हैं। बच्चे घर परिवार व समाज से दूर होते जा रहे हैं। वहीं विद्यालय निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि विद्यालय के अंतिम कक्षा में बच्चों की विदाई एक परंपरा की तरह हो गया है, जिसमें बच्चों को अपने स्कूल दिनों के खटी मीठी यादों को एक फ्रेम संजोने का मौका मिलता है। शिक्षकों द्वारा उच्च शिक्षा और भविष्य में कठिनाइयों से निबटने का ज्ञान दी जाती है, जो आगे उनके लिए बहुउपयोगी साबित होता है। अंत में उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगामी परीक्षा में सफलता की शुभेच्छा दिए। बच्चों ने भी अपने-अपने स्कूली अनुभव को साझा करते हुए भावुक हुए।


**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(मनरेगा कोषांग)**

**मनरेगा अंतर्गत संविदा पर नियुक्ति संबंधी सूचना**

मनरेगा अंतर्गत संविदा के आधार पर तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) तथा ग्राम रोजगार सेवक रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 311/मन० दिनांक 05.10.2023 द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। सभी आवेदनों के जाँचोंपरान्त तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) तथा ग्राम रोजगार सेवक पद के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की विवरणी तथा पायी गयी त्रुटियाँ की सूची दावा आपत्ति हेतु पुनः प्रकाशित की जा रही है। आवेदनों की सूची खूँटी जिला के वेबसाईट "www.khunti.nic.in" पर देखा जा सकता है।

जिला ग्रामीण विकास शाखा, खूँटी (मनरेगा कोषांग) में दिनांक 18.02.2025 तक कार्यालय अवधि में दावा आपत्ति हेतु आवेदन जमा कर सकते है। आवेदन में आवेदित पद का नाम, आवेदन क्रमांक, अभ्यर्थी का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता अंकित करना आवश्यक है।

निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह०/–
उप विकास आयुकत–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, खूँटी

PR 346129 District (24-25)_D


## भंडरिया में झामुमो सदस्यता अभियान की शुरुआत


शुरूआत करते जिलाध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरिया।** प्रखंड में शनिवार को झामुमो के सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने अपने हाथों से कई लोगों को पार्टी की सदस्यता रसीद प्रदान कर झामुमो का प्राथमिक सदस्य बनाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि भंडरिया प्रखंड क्षेत्र में दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लोग उनके कार्यक्रम में पहुंचकर पार्टी की सदस्यता रशीद काटकर सदस्य बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में झामुमो की सरकार लोगों के हित में काम कर रही है। इस कारण उनके दल में जुड़ने के लिए लोगों की होड़ मची हुई है।

उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में 2 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह सदस्यता अभियान 18 जनवरी से चालू है, जो 18 फरवरी तक चलेगा। मौके पर झामुमो के जिला सचिव मनोज ठाकुर, सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी ज्योति लकड़ा, झामुमो नेता संदीप गुप्ता, भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की, लरेंस कुजूर सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## भक्ति के घाट पर जो बैठ जाता है, उसे भगवान को ढूंढ़ने नहीं जाना पड़ता : पुष्पांजलि


पुष्पांजलि शुक्ला

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के ग्राम राणाडीह में श्री राम चरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ महोत्सव का विराट पैंतीसवां अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सुबह से शाम तक वैदिक मंत्रों द्वारा आवाहित देवी व देवताओं का पूजन पाठ व आरती किया जा रहा है, वहीं नौ ब्राह्मणों की टीम द्वारा सुबह से लेकर दोपहर तक रामायण पाठ किया जा रहा है। दोपहर एक बजे से शाम छह बजे तक प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचन सत्र के पांचवें दिन कानपुर से पधारी मानस मंजरी रामकथा वाचिका पुष्पांजलि शुक्ला ने कहा कि जिस राम जी से सारा संसार कांपता था, वे राम जी नदी किनारे केवट के पास स्वयं पहुंचे। उन्होंने कहा कि भक्ति के घाट पर जो बैठ जाता है, उसे भगवान को ढूंढ़ने नहीं जाना पड़ता है, बल्कि भगवान उसे ढूंढते हुए स्वयं पहुंच जाते हैं। केवट भक्ति के सागर में डूबा हुआ था, इसलिए भगवान राम उसके पास पहुंचे। प्रवचन सत्र को पंडित सच्चितानंद त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष श्याम बिहारी दुबे, सचिव ब्रजमोहन मिश्रा, संरक्षक श्यामसुंदर शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय चौबे, भंडारी उपेन्द्र चौबे, प्रवेश राम, शिवदेव चौबे, चिंतामणि चौबे, लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, उपाध्यक्ष विजय पाण्डेय, चंद्रमणि चौबे, अरविंद शर्मा, अलख चौबे, बसंत राम सहित सभी ग्रामीण लगे हुए हैं। यज्ञ 12 फरवरी तक चलेगा।

## बटोही सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड अंतर्गत मोरबे गांव के भीम बराज पोटहो खेल मैदान (गुलाब गार्डन) पर आयोजित मुनर अंबिका बटोही सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच 09 फरवरी को खेला जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए खेल के आयोजक पत्रकार अनूप सिंह ने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच मझिआंव (करकट्टा टीम) एवं कांडी (कोरगाई टीम) के बीच खेला जाएगा।

## खरवार महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा अनाज वितरण में अनियमितता

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर में सरकार द्वारा लगातार तकनीकी सुधारों और योजनाओं के बावजूद नकलचियों और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना चुनौती बना हुआ है। इसका ताजा उदाहरण मकरी पंचायत में देखने को मिला, जहां खरवार महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा सरकारी योजनाओं के तहत अनाज वितरण में अनियमितता बरती जा रही है।


ईंट से वजन तौलते डीलर

डीलर द्वारा अनाज वितरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक तराजू का उपयोग करने के बजाय, ईंट से वजन तौलकर लाभुकों को अनाज दिया जा रहा है। इससे अनाज की सही मात्रा में कटौती होने का शक जाहिर किया जा रहा है। महिला समूह के अध्यक्ष की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। उनकी जगह गांव के एक नाबालिग लड़के को 35 किलो अनाज मजदूरी के तौर पर देकर कार्य कराया जा रहा है।

यह न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि बाल श्रम कानून का भी सीधा उल्लंघन है। लाभुक बिमला देवी, निर्मला देवी, कलावती, दीपा देवी, ललिता देवी, पनपती देवी, सरिता देवी आदि ने बताया कि डीलर रुकमणि देवी के द्वारा गांव के ही एक लड़का राकेश सिंह पिता गुल बिहारी सिंह 35 किलो अनाज पर बंटवाया जाता है। दाल भी नहीं मिल रहा है। कहा कि अनाज वितरण में पारदर्शिता की कमी है।

इस माह का अनाज लाभुकों से पहले अंगूठा लगवाकर बाद में वितरण किया जा रहा है। इससे कई बार लाभुकों को समय पर अनाज नहीं मिल पाता। इसके अलावा सरकार द्वारा वादा की गई लूंगी और साड़ी का वितरण अभी तक नहीं किया गया है। लाभुकों ने यह भी बताया कि दाल का वितरण भी चुनिंदा लोगों को ही किया जा रहा है, जिससे बाकी जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। इस संबां में बीडीओ सह प्रभारी एमओ नंदजी राम ने पूछे जाने पर कहा डीलर द्वारा ईंट रख कर तौला जा रहा है गलत है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–38/2024–.25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 14.02.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 15.02.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 15.02.2025 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1)कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2)अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Emergent work of Renovation of Destruction of water tank Constructing near Adminstrative Building and area development in civil Court , Hazaribag | 168600/- | 4000/- | 500/- | 10 दिन |
| 2 | Emergent work of Changing of Stainless Steel Windows Grills of Record Room Building in civil Court , Hazaribag | 248800/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 3 | Emergent work of Changing of Old Damage windows into upvc window in civil Court , Hazaribag | 249600/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 4 | Emergent work of Installation of Deep boring of Magistrate Building in civil Court , Hazaribag | 240500/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 5 | Emergent work of Installation of Deep boring of Sub Judge Building in civil Court , Hazaribag | 240800/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 6 | Emergent work of Stainless Steel Window Grills of dispensary in civil Court , Hazaribag | 249600/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 7 | Renovation of Flag hosting around Paver block and Curve Stone at SDPO office at Barhi , Hazaribag | 248800/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 8 | Renovation of Ganga Room and Room no 06, old Circuit House ,Hazaribag | 249350/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 9 | Renovation of New Circuit House Bathroom ,Tiles Work ,Hazaribag | 249200/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 10 | Renovation of New Circuit House Bathroom Sanitary Work ,Hazaribag | 248500/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 11 | Renovation of Rest Room in Campus of Circuit House ,Hazaribag | 246900/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 12 | Renovation of Partition work at SDPO office at Barhi , Hazaribag | 240000/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 13 | Renovation of SDPO Chamber , Parwachak conffidential office at Barhi , Hazaribag | 239500/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 14 | Construction of Parking Shed in Commissioner office ,Hazaribag | 242500/- | 4000/- | 500/- | 10 दिन |
| 15 | Construction of Aluminium Partition Wall in DIG office, Hazaribag | 241600/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 16 | Renovation of Rest Room in Campus of DC Residencial office, ,Hazaribag | 243500/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 17 | Renovation of Special Division office in Campus of old Collectorate Building, ,Hazaribag | 245600/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 18 | Aluminium Partition Wall in Special Division office in Campus of old Collectorate Building, ,Hazaribag | 248500/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 19 | Renovation of Excise office in Campus of old Collectorate Building, ,Hazaribag | 242600/- | 5000/- | 500/- | 10 दिन |
| 20 | Renovation of Roof Commissioner office Building APP Work ,Hazaribag | 244600/- | 3000/- | 500/- | 10 दिन |
| 21 | Renovation of SDPO office in Campus of old Collectorate Building, ,Hazaribag | 175000/- | 4000/- | 500/- | 10 दिन |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 346092 (Building) 24-25 (D)

# त्रिकोणीय चुनाव में भाजपा जीती,केजरी हारे,कांग्रेस शून्य

मुरलीधर

27 साल बाद भाजपा को दिल्ली की सत्ता मिल गयी। केजरीवाल की पार्टी और खुद केजरीवाल चुनाव हार गये। आप के छह बड़ें नेता हार गये। कांग्रेस ने 14 सीटों पर आप को हराने और भाजपा को जिताने में मुख्य भूमिका निभाई।

2013 में दिल्ली के लोगों ने केजरीवाल में संभावना देखी। 2015 में उन्हें अपार बहुमत देकर बड़ा मौका दिया और 2020 में मुफ्त, बिजली, पानी, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए उठाए गए कदमों पर मुहर लगाते हुए दोबारा भरोसा दिया कि वो सब करो, जो आप कहते हो। हालांकि, 2020 से 2025 के दौरान अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी रास्ता भटक गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी सिर्फ हारी ही नहीं, बल्कि राजनीति में नैतिकता और शुचिता के जिन मूल्यों की स्थापना के जिस दावे के साथ इस दल का अन्ना आंदोलन के गर्भ से जन्म हुआ था, कहीं न कहीं उनसे दूर होना इस पार्टी को ले डूबा। इस बार सिर्फ पार्टी ही नहीं, बल्कि निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी और मंत्री गोपाल राय को छोड़कर कमोबेश आप के सभी बड़े नेता चुनाव हार गए। वरना यही बीजेपी, यही नरेंद्र मोदी और यही अमित शाह 2015 और 2020 में भी तो थे। तब भी पूरा जोर लगाया गया था, लेकिन तब अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का नई और अलग राजनीति का नारा भाजपा की संगठन शक्ति, उसके नेताओं की चमक, साधन, संसाधन और तंत्र बल पर भारी पड़ा था। मुफ्तखोरी की राजनीति को नकार कर विकास को वोट किया।

**केजरीवाल ने जनता को पीछे चलने वाली भीड़ समझ लिया**

अगर आम आदमी पार्टी और टीम केजरीवाल अपनी नैतिक आभा नहीं खोते तो उनकी जीत की संभावनाओं पर कोई संशय नहीं होता। दरअसल 2013 से दिल्ली की राजनीति में मिलने वाली अपार लोकप्रियता से अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के अपराजेय होने का भ्रम पैदा कर दिया था। उन्होंने जनता को अपने पीछे चलने वाली भीड़ समझ लिया। वो भूल गए कि जनता किसी व्यक्ति या दल के पीछे नहीं, बल्कि उन वादों, दावों और सपनों के साथ है, जिन्हें नई राजनीति के नारे के साथ अरविंद केजरीवाल और आप ने शुरू किया था और जिनमें कट्टर ईमानदारी, सत्ता के तामझाम से दूर सादगी, आम जन से निकटता, राजनीति में शुचिता, सार्वजनिक नैतिकता की स्थापना, भ्रष्टाचार उन्मूलन और सर्व धर्म समभाव शामिल थे।

**अति आत्मविश्वास और अहंकार**

2013 में दिल्ली के लोगों ने केजरीवाल में संभावना देखी। 2015 में उन्हें अपार बहुमत देकर बड़ा मौका दिया और 2020 में मुफ्त, बिजली, पानी, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए उठाए गए कदमों पर मुहर लगाते हुए दोबारा भरोसा दिया कि वो सब करो, जो आप कहते हो। हालांकि, 2020 से 2025 के दौरान अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी रास्ता भटक गए या यूं कहें कि उन्होंने रास्ता बदल दिया। 2022 में दिल्ली नगर निगम की जीत ने आप और टीम केजरीवाल का मनोबल और बढ़ा दिया। इससे वो अति आत्मविश्वास के शिकार हुए, जो कालांतर में सत्ता के अहंकार में बदल गया क्योंकि दोनों के बीच की सीमा रेखा बेहद क्षीण होती है।

**राजनीतिक साख पर असर**

इसी दौर में कथित शराब घोटाले और शीशमहल जैसे विवादों ने आप और केजरीवाल की नैतिक आभा को निस्तेज किया और बीजेपी-कांग्रेस दोनों को हमले का मौका दिया। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी और जेल यात्रा ने भाजपा को और ज्यादा हमलावर होने का मौका दे दिया। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से गठबंधन और विधानसभा चुनाव में उसी कांग्रेस को बीजेपी की बी टीम बताने से आप की राजनीतिक साख पर भी खराब असर पड़ा। गिरफ्तार होने और जेल जाने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र न देकर अरविंद केजरीवाल ने सार्वजनिक नैतिकता और राजनीतिक शुचिता के सार्वभौमिक मूल्य के स्वघोषित संकल्प को तार-तार कर दिया।

**बड़ी भूल** इसके बाद रही सही कसर तब पूरी हो गई, जब केजरीवाल ने इस्तीफा देकर सिर्फ चुनाव तक आतिशी सिंह को मुख्यमंत्री बना दिया। इसकी जगह अगर केजरीवाल गिरफ्तार होते ही इस्तीफा देकर आतिशी को पूर्णकालिक मुख्यमंत्री बना देते तो उनकी नैतिक आभा भी बचती और तस्वीर भी कुछ और हो सकती थी, लेकिन केजरीवाल को लगा कि जनता उनके हर सही और हर गलत फैसले को झूमते हुए सिर माथे लगा लेगी। यही उनकी बड़ी भूल थी।

आप को हराने के लिए लड़ी कांग्रेस

बीजेपी ने इस बार पिछली बार की तरह चुनाव हिंदू-मुस्लिम पर नहीं, दिल्ली के मुद्दों पर लड़ा। बिजली, पानी, यमुना के पानी, वायु प्रदूषण, टूटी सड़कों, गंदी नालियों, सीवर और सुशासन को मुद्दा बनाया और उस पर ही आप को घेरा। केजरीवाल की मुफ्त घोषणाओं के जवाब में बीजेपी ने बाजी मारी। आप और कांग्रेस के मजबूत नेताओं को तोड़कर उनके जरिए वो सीटें भी जीतीं, जो वह पहले नही जीत सकी थीं। जबकि केजरीवाल अपने नाराज नेताओं को भी नहीं संभाल सके। भाजपा की जीत में कांग्रेस का भी गिलहरी वाला योगदान रहा, जो खुद जीतने से ज्यादा आप को हराने के लिए लड़ रही थी।

दिल्ली को वैश्विक गरिमायुक्त शहर बनाने की चुनौती अब भाजपा को हैं जिस पर भाजपा ने विश्वास किया। कर में छूट और महिला, मध्यम वर्ग का बड़ा समर्थन भाजपा को मिला। बिहार चुनाव के पहले भाजपा के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

# भारतीय मन कभी हिंसक और साम्राज्यवादी नहीं रहा

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा धिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं। भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली। इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये।

दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान उपजाउ भूमि धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर)

# अडानी ने बेटे की शादी पर दान किये दस हजार करोड़



**अपने बेटे की शादी के उपलक्ष्य पर गौतम अदाणी ने लिया सेवा का संकल्प समाज सेवा के लिए 10,000 करोड़ रुपये किए दान**

महाकुंभ मेले की यात्रा के दौरान गौतम अदाणी ने कहा था कि उनके बेटे की शादी सादगी और पारंपरिक तरीके से होगी। गौतम अदाणी ने न केवल शादी को साधारण रखा, बल्कि समाज सेवा के लिए 10,000 करोड़ रुपये भी दान किए। बेटे की शादी के अवसर पर यह अनोखा उपहार उन्होंने समाज के कल्याण के लिए दिया है।

गौतम अदाणी का यह दान उनके परमार्थ के विचार सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है पर आधारित है। उनके दान का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य , शिक्षा और कौशल विकास के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर खर्च किया जाएगा। इस पहल से समाज के सभी वर्गों को किफायती विश्व स्तरीय अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, शीर्ष स्तरीय के-12 स्कूलों और सुनिश्चित रोजगार क्षमता के साथ ग्लोबल स्किल एकेडमी के नेटवर्क तक पहुंच प्रदान होगी । अपने छोटे बेटे जीत की शादी के अवसर पर गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) के संदेश में अपनी बहू को बेटी दिवा कहकर संबोधित किया। उन्होंने लिखा, परमपिता परमेश्वर के आशीर्वाद से जीत और दिवा आज विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए। यह विवाह आज अहमदाबाद में प्रियजनों के बीच पारंपरिक रीति रिवाजों और शुभ मंगल भाव के साथ संपन्न हुआ। यह एक छोटा और अत्यंत निजी समारोह था, इसलिए हम चाह कर भी सभी शुभचिंतकों को आमंत्रित नहीं कर सके, जिसके लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूँ। मैं आप सभी से बेटी दिवा और जीत के लिए स्नेह और आशीष का हृदय से आकांक्षी हूँ। ह्ल

शादी आज दोपहर, अहमदाबाद के बेल्वेडियर क्लब, अदाणी शांतिग्राम टाउनशिप में संपन्न हुई, जहां जीत अदाणी और हीरा कारोबारी जैमिन शाह की बेटी दिवा शादी के बंधन में बंध गए। शादी पूरी तरह से पारंपरिक रूप से संपन्न हुई । सामान्य धार्मिक अनुष्ठानों और पारंपरिक गुजराती समारोह में केवल करीबी रिश्तेदार और दोस्त शामिल हुए। शादी में राजनेता, बड़े कारोबारी, फिल्मी सितारे, नौकरशाह और अन्य कोई प्रमुख हस्तियां शामिल नहीं हुईं। जीत अदाणी इस समय अदाणी एयरपोर्ट्स के निदेशक हैं और छह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का प्रबंधन देख रहे हैं, साथ ही नवी मुंबई में बन रहे सातवें हवाई अड्डे की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंसेज से पढ़ाई की है।

# बदलते मौसम में चेहरा

कुसुम पी



बदलता है हवा का रुख तो अंदर तक ताजगी भर जाती है, लेकिन इस शीतल हवा में मौजूद बैक्टीरिया और अन्य कीटाणु त्वचा की रंगत को फीका कर सकते हैं। वहीं गर्मी और धूल में प्रदूषण के कारण सल्फेट, फॉस्फोरस, पोटैशियम और सोडियम जैसे मिनरल्स नमी में शामिल हो जाते हैं। ये बालों को कमजोर कर देते हैं। इसके अलावा जिन लोगों को अधिक पसीना आता है, उनके सिर में फंगस लगने से डैंड्रफ का खतरा बढ़ जाता है।

**क्लेंजिंग करें**

बारिश में त्वचा के इंफेक्शन से बचना जरूरी है। इसके लिए नियमित रूप से चेहरे को धोएं और उसकी क्लेंजिंग करें। डीप पोर क्लेंजर का इस्तेमाल करना अच्छा रहेगा। साथ ही अल्कोहल फ्री टोनर का उपयोग कर सकती हैं। इससे त्वचा की नमी बरकरार रहेगी।

**सनस्क्रीन लगाएं**

इस मौसम में निकलने वाली धूप स्किन को कम नुकसान नहीं पहुंचाती। सनबर्न और टैनिंग आम परेशानियां हैं, जिनसे सभी को दो-चार होना पड़ता है। लिहाजा, बाहर निकलने से पहले चेहरे और शरीर के खुले हिस्सों पर एसपीएफ पावर वाला मैटीफाइंग सनस्क्रीन लगाएं।

**वॉटरप्रूफ मेकअप करें**

अमूमन हर किसी की त्वचा अलग होती है। ऐसे में स्किन टेक्सचर को देखते हुए ही मेकअप करें। मानसून में हमेशा ड्राई फिनिश का मेकअप करना अच्छा रहता है। इस मौसम में ब्राइट की बजाय वॉटरप्रूफ मेकअप सही रहेगा। मेकअप करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोना न भूलें।

**बालों में करें रेगुलर शैंपू**

बारिश में नियमित रूप से शैंपू करना चाहिए। इसके अलावा हफ्ते में दो बार हेयर स्पा अवश्य करा लें। इससे बालों की कंडिशनिंग हो जाती है। आप बेशक बालों में तेल लगाने से बचती हों, लेकिन इस सीजन में सप्ताह में एक बार नारियल या ऑलिव ऑयल से सिर की मालिश करें।वर्तमान समय में मौसम में बदलाव और भारी ठंड में कमी से चेहरा सबसे अधिक प्रभावित होगा।

## आज का राशिफल

**मेष : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9**

**वृष : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-2-5-7**

**मिथुन : एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6**

**कर्क : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ? में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। राजकीय कार्यो से लाभ। शुभांक-4-6-8**

**सिंह : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-5-7**

**कन्या : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-4-7**

**तुला : स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। अपने काम पर नजर रखिए। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-5-7**

**वृश्चिक : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-3-5-7**

**धनु : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-1-3-5**


**मकर : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-8**

**कुंभ : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। यात्रा का योग है। आय के योग बनेंगे। शुभांक-4-6-8**

**मीन : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-7**

# मांसपेसियों की मजबूती

जीवीएस शास्त्री



**फिट** फिगर के लिए जरूरत है मांसपेशियों को स्ट्रॉन्ग बनाने की और पिलेटीज मांसपेशियों को मजबूत बनाकर सांस की प्रक्रिया को दुरुस्त करता है। यह एक तरह की स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज है।

स्टेप 1 एक्सरसाइज बॉल के जरिये टमी कम करने में मदद मिलती है। अपने बायीं ओर एक्सरसाइज बॉल रखें। अब बाएं पैर को सामने की ओर मोडें। ध्यान रखें कि दायां पैर पीछे की ओर होना चाहिए। अब बाएं हाथ पर बॉल रखें। कोहनियों को थोडा मोडें। अपने दाएं हाथ को सामने लाएं। बॉल को एक हाथ से दूसरे हाथ में ले जाएं। 2-4 सेकंड रुकें और फिर उसी अवस्था में आ जाएं। स्टेप 2 पीठ के बल लेट जाएं। दोनों हाथ साइड में रखें लेकिन हथेलियों को जमीन से टिकाएं। धीरे-धीरे पैर उठाएं और पंजों को सिर के ऊपर लाने की कोशिश करें। कंधों को आराम दें और पैरों को फिर से सीधा कर लें।

स्टेप 3 पेट के बल सीधे लेट जाएं। अब अपने पैरों को थोडा फैलाएं। बॉल को सीने से दबाएं और हाथों को जमीन पर टिकाएं। इसके बाद धीरे-धीरे आगे की ओर बढना शुरू करें। ध्यान रखें कि हथेली जमीन से टिकी रहनी चाहिए। ऐसा 5-7 मिनट तक करें। थोडी देर रुकें और वापस उसी स्थिति में आ जाएं।

## ये हैं फायदे...

मांसपेशियां बनेंगी स्ट्रॉन्गः इससे शरीर के जोड और मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। रीढ की हड्डी के लिए तो यह बहुत जरूरी है लेकिन स्पाइन में कोई समस्या हो तो बिना डॉक्टर की सलाह के ये व्यायाम न करें।

कमर दर्द में भी लाभकारीः पिलेटीज के जरिये हाथ-पैरों को स्ट्रेच करके कमर दर्द से छुटकारा मिल सकता है। स्ट्रेचिंग से आप कमर और हिप्स की मांसपेशियों को स्ट्रॉन्ग बना सकते हैं।

थकान होगी दूरः दिन भर चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए पिलेटीज को अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करें। इससे थकान दूर होती है और ऊर्जा स्तर मेंटेन रहता है।

सूजन होगी गायबः पैरों में मूवमेंट होने से शरीर में रक्त संचार बढता है। इससे शरीर में सूजन या ऐंठन से राहत मिलती है।

प्रेग्नेंसी में कारगरः इससे शरीर सुडौल बना रहता है, साथ ही लचीलापन व संतुलन बरकरार रहता है। स्त्रियां गर्भधारण से पूर्व या बाद में इसे आसानी से कर सकती हैं। इससे पेट, पीठ और पेडू की मांसपेशियां स्वस्थ रहती हैं।

# राम मंदिर की पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर

ए केशव राजू

## श्रद्धांजलि



वे आजीवन संपूर्ण हिंदू समाज की एकात्मता , सामाजिक समरसता और हिन्दू संस्कृति के प्रसार एवं रक्षा के लिए सदैव सक्रिय रहे।

भारत-नेपाल सीमा से सटे उत्तर बिहार के सुपौल जिले के ग्राम कमरेल में कोसी नदी के किनारे श्री कामेश्वर चौपाल जी 26 अप्रैल 1956 को जन्मे,, 1976 में वे संघ के संपर्क में आए और धीरे धीरे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय कार्यकर्ता बन गए,,बिहार राज्य विश्व हिंदू परिषद के तत्कालीन छोटा नागपुर प्रांत के सह संगठन मंत्री और बाद में बिहार के प्रांत संगठन मंत्री रहे, 9 नवम्बर की 1989 को श्री रामजन्मभूमि पर शिलान्यास कामेश्वर चौपाल के कर कमलों द्वारा कराया गया था,,वे बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे,, पटना विश्व हिन्दू परिषद कार्यालय के लिए निर्मित भवन खरीदने में उनकी बड़ी भूमिका रही,,, वर्तमान में वे उत्तर बिहार प्रांत के माननीय अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे,, साथ ही साथ विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष भी थे।

5 फरवरी 2020 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए बने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के आजीवन न्यासी के रूप में उनका चयन भारत सरकार ने किया था और अंतिम समय तक वे ट्रस्टी थे ।

1 वर्ष पूर्व उन्हें गुर्दे की समस्या पैदा हुई तो दिल्ली स्थित गंगा राम अस्पताल में उनका गुर्दा प्रत्यारोपण हुआ। वे ठीक भी हो गए थे किंतु, लगभग एक माह पूर्व उनको पुनः गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। दुर्भाग्य से 6 फरवरी 2025 को रात्रि 10:30 बजे वे इस नश्वर संसार से विदा हो गए।

वे अपने पीछे एक बेटा श्री विद्यानंद विवेक और दो बेटियां श्रीमती लीला देवी व प्रतिभा वात्सल्य छोड़ गए हैं। उनका पार्थिव शरीर आज 7 फरवरी को पटना लाया गया और 8 फरवरी को प्रातः 9:00 बजे उनके गृह ग्राम कमरेल में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

हम दिवंगत पुण्यात्मा की शांति व परिजनों को धैर्य प्रदान करने की प्रभु से कामना करते हैं।

आप उनके पुत्र श्री विद्यानंद विवेक से उनके फोन नंबर 7654582445 पर संपर्क कर

# बदलते मौसम में शहद -लहसुन के सेवन से लाभ

स्वामी मुक्तरथ

शहद में भरपूर मात्रा में एंटी-बायेटिक और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर लहसुन में एलिसिन और फाइबर जैसे तत्व पाए जात हैं जो आपको कई बीमारियों से आपका बचाव करता है।

**सुबह खाली पेट खाएं शहद में डूबा हुआ लहसुन, वजन कम होने के साथ मिलेगें ये फायदे**

आमतौर पर हर घर में शहद और लहसुन का इस्तेमाल किया जाता है और इन दोनों के फायदों के बारे में हम अच्छी तरह से जानते हैं, लेकिन अगर इसका साथ में सेवन किया जाए तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते हैं। शहद में भरपूर मात्रा में एंटी-बायेटिक और एंटी-बैक?टीरियल गुण पाए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर लहसुन में एलिसिन और फाइबर जैसे तत्व पाए जात हैं जो आपको कई बीमारियों से आपका बचाव करता है।

शहद में डूबे हुए लहसुन के सेवन करने से आप कई रोगों से दूर रह सरकते हैं। यह एक सूपर फूड है जो एंटीबायोटिक की तरह काम करता है और बॉडी को डिटॉक्स करके हर तरह के इंफेक्शन को भी दूर करता है। जिससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होती है।

**वजन करे कम**

लहसुन-शहद का इस तरह सेवन करने से आपका मेटाबॉलिज्म तेजी से काम करता है। जिससे आपको वजन कम करने में मदद मिलती है।



**सर्दी-जुकाम**

सर्दी-जुकाम की समस्या से निजात दिलाने में यह काफी कारगर है। दोनों में ऐसे गुण पाए जाते हैं जो आपके शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं।

**गले की खराश**

शहद और लहसुन में एंटी-इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं। जो गले की खराश के साथ सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

दोनों में ही ऐसे गुण पाए जाते हैं जो दिल की धमनियों में जमा फैट को बाहर निकालने में मदद करते हैं। जिससे आपके शरीर में ब्लड सकुर्लेशन ठीक ढंग से होने लगता है। जिससे कि आसानी से आपका हार्ट हेल्दी रहता है।

**पाचन तंत्र को रखें फिट**

लहसुन और शहद दोनों मिलकर ऐसे तत्व बनाते हैं। जो आपके पाचन तंत्र को फिट रखते हैं। जिसके कारण आपको कब्ज, डायरिया, एसिडिटी, पेट दर्द जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है।

**फंगल इंफेक्शन**

शहद और लहसुन दोनों में ही एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो फंगल इंफेक्शन से आपका बचाव करता है।

**कोलेस्ट्राल को करे कम**

लहसुन और शहद का ये मिश्रण आपके शरीर से विषाक्त तत्वों को निकालने के साथ बैड कोलेस्ट्राल को निकालने में मदद करता है। जिससे ब्लड सकुर्लेशन ठीगक से होने लगता है।

**दांत को रखें हेल्दी**

लहसुन और शहद में फास्फोरस नामक तत्व अधिक मात्रा में पाया जाता है। जो आपके दांतों को हेल्दी रखने में मदद करता है। लहसुन-शहद पेस्ट बनाने का तरीका

इस रेसिपी को लाइफस्टाइल कोच ल्यूक कॉटिन्हो ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया।

## स्पीड न्यूज

### दिल्ली में बंपर जीत पर भुरकुंडा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खेली होली



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली की अप्रत्याशित जीत पर भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी के आवासीय कार्यालय पीटीपीएस में जमकर जश्न मनाया। इस दौरान भाजपाईयों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर जीत की बधाई दी। साथ आतिशबाजी कर जश्न मनाया। जश्न मनाने वालो में भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सागर दांगी, ज्योति सिंह, राजन पांडेय, पंकज सिंह, पंकज गुप्ता, रंजन भगत सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थे।

### संघर्ष समिति का प्रदर्शन स्थगित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल प्रबंधन भुरकुंडा कोलियरी के आग्रह पर शनिवार को प्रबंधन और विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति के बीच पीओ कार्यालय भुरकुंडा में द्विपक्षीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रबंधन की ओर से भुरकुंडा पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी, कार्मिक प्रबंधक कमर फहीम, प्रबंधक अविनाश चंद्रा, प्रोजेक्ट इंजीनियर ईएम अंकुर कुमार, सिविल इंजीनियर बालमुकुंद, नोडल अधिकारी सीएसआर रोमित और समिति की ओर से गिरधारी गोप, रामदास बेड़िया, जयदेव सिंह, मनोज मांझी, प्रेम कुमार साहू, बलराम पांडेय, संतोष यादव, गणेश बेदिया, राजन तूरी, इंद्रदेव मुंडा, ताराचंद्र करमाली, दिनेश बेदिया, नरेश बेदिया, धनेश्वर मुंडा, गोबिंद बड़ाइक, आश्रम बेदिया, टिंकू प्रजापति, संजय यादव, सुरेंद्र तूरी, भूपेंद्र साहू, शमी मुंडा आदि मौजूद थे। बैठक में समिति के 12 सूत्री मांगों पर चर्चा की गई। जिसपर प्रबंधन ने सभी बारह सूत्री मांगों पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। साथ ही समिति द्वारा 11 फरवरी को आहूत धरना-प्रदर्शन को स्थगित करने का आग्रह किया। प्रबंधन के सकारात्मक आश्वासन के बाद समिति ने भुरकुंडा कोलियरी अंतर्गत बलकुदरा खुली खदान के समक्ष 11 को आहूत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया।

### पतरातू में बाल विवाह पर कार्यशाला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रखंड कार्यालय पतरातू के सभागार में शनिवार को नीति आयोग के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि पतरातू सीओ मनोज कुमार चौरसिया, एसी कुमारी गीतांजलि, डीपीओ संतोष कुमार भगत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अग्रगति संस्था द्वारा किए जा रहे बाल संरक्षण मुद्दों पर तथा नीति आयोग के सभी संकेतकों के बारे में अग्रगति के परियोजना प्रभारी किरण शंकर दत्त ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए भारत सरकार के नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण तथा रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड के अंतर्गत 96 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है।

### संतोष मिश्रा ने छात्रों को किया जागरूक



**रजरप्पा।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को इंटरनेशनल साइक्लिस्ट संतोष मिश्रा ने विद्यालय के सभागार में छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया। उन्होंने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया और बच्चों को सड़क पर सुरक्षित रहने के नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना हम सभी का कर्तव्य है और यह हमारे जीवन को सुरक्षित बनाता है। उन्होंने कुतों से होने वाले दुर्घटनाओं पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया की वर्ष 2001 के 15 अगस्त से वे दुर्घटना मुक्त भारत बनाने के लिए इस अभियान को चला रहे हैं। 24 वर्षों में वे अबतक 7 लाख किलोमीटर साइकिल चला चुके हैं जिसमे वे विभिन्न देशों का भी भ्रमण कर चुके हैं। इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना, बच्चूलाल तिवारी, राकेश कुमार सहाय, अमरदीप नाथ शाहदेव, शेखर कुमार, डॉ. गायत्री पाठक, शशि कान्त आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### भुरकुंडा बाजार में गरीबों को मिला खाना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी अजय पासवान के पहली पुण्यतिथि पर भुरकुंडा बाजार में भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा मंच सामाजिक संस्था के बैनर तले शनिवार को भुरकुंडा बाजार में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन पत्तल बेचने आने वाले सैकड़ों गरीबों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. अजय पासवान के परिजन संतोष पासवान, विमला देवी, पूजा देवी, अरुण पासवान, मनीष पासवान, कुमारी रानू, आशा देवी, अंजू देवी, काजल सिंह, अंजली कुमारी, पूजा कुमारी, रुही, शनि, राजवीर, भूमि भारती, निल्या, टुकटुक, यश आदि ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, प्रो. रामानुज सिंह, उदयभान दुबे, राजु मल्होत्रा, शिवकुमार यादव, लखन राम, करू यादव, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा। इधर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि इस रविवार को भी साप्ताहिक हॉट भुरकुंडा में गरीबों को भोजन कराया जाएगा।

# दिल्ली में विकास की जीत: जायसवाल

## पटेल नगर और राजौरी गार्डन में मनीष जायसवाल ने किया था प्रचार

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह जीत झूठ और भ्रष्टाचार की राजनीति के अंत और विकास एवं सुशासन की शुरुआत का प्रतीक है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता ने 26 साल बाद प्रचंड जनादेश देकर भाजपा की सरकार बनाई है। यह जनता का भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी के खिलाफ स्पष्ट फैसला है। भाजपा ने वादा किया था कि डबल इंजन की सरकार आएगी और अब दिल्ली में विकास की रफ्तार नई ऊंचाइयों को छुएगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत के लिए दिल्ली की जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा समेत शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

दिल्ली चुनाव में सांसद मनीष जायसवाल को भाजपा नेतृत्व ने दो महत्वपूर्ण विधानसभा सीटों, पटेल नगर और राजौरी गार्डन का दायित्व सौंपा था। एक सप्ताह तक उन्होंने रात-दिन जुटकर कुशल राजनीतिक रणनीति के साथ भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया। उनके नेतृत्व में राजौरी गार्डन सीट पर भाजपा ने प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज कर दिल्ली में सरकार बनाने की राह मजबूत की।

जायसवाल ने कहा कि दिल्ली के मतदाताओं ने यह संदेश दिया है कि अब सिर्फ विकास और सुशासन की राजनीति ही स्वीकार्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि डबल इंजन सरकार के तहत दिल्ली में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की प्राथमिकता दिल्ली को भ्रष्टाचार मुक्त कर जनहित की योजनाओं को तेजी से लागू करना है। अब दिल्ली को मोदी सरकार की नीतियों से जोड़ा जाएगा और हर क्षेत्र में विकास होगा। दिल्ली चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत से हजारीबाग समेत पूरे झारखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। जश्न के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की, मिठाइयां बांटी और जीत का जश्न मनाया।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने बांटी मिठाइयां



**हजारीबाग।** दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ जश्न मनाया। विधायक सेवा कार्यालय के समक्ष ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और मिठाइयों के वितरण के बीच कार्यकर्ताओं ने जीत का उत्सव मनाया। विधायक ने कहा कि दिल्ली की जनता ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि वह झूठे वादों और भ्रष्टाचार की राजनीति से तंग आ चुकी है। उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास और सुशासन के मार्ग को चुना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की जनविरोधी नीतियों, घोटालों और अव्यवस्था को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है। भाजपा की यह जीत देशभर में पार्टी की मजबूत पकड़ और जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। इस विजय उत्सव में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक उपस्थित रहे। ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाच-गाकर और मिठाइयां बांटकर कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। सभी ने इस जीत को देश में पारदर्शी शासन और विकास की राजनीति की जीत बताया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि भाजपा सिर्फ विकास, सुशासन और जनता की सेवा में विश्वास रखती है और दिल्ली की जनता ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने दिल्ली की जनता को भाजपा पर विश्वास जताने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह जीत आने वाले समय में देशभर में भाजपा की बढ़ती ताकत का संकेत है।

# रामगढ़ 403.30 एकड़ जमीन की जमाबंदी रद्द

## जमाबंदी रद्द की संपुष्टि के लिए आयुक्त के पास भेजा जायेगा : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू अंचल में 403.30 एकड़ संदेहात्मक जमाबंदी रद्द किए जाने संबंधित मामले को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने प्रेस वार्ता कर मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी। रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू अंचल के मौजा चपरा में गैर मजरूआ खास किस्म जंगल भूमि पर संदेहात्मक जमाबंदी कायम किए जाने संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। मांडू अंचल अंतर्गत मौजा चपरा थाना संख्या 94 खाता संख्या 7 में उमापदो सेन मोदक के नाम से 168.30 एकड़, ईशाहक मियां के नाम से 150 एकड़ एवं विश्वनाथ सेन मोदक के नाम से 85 एकड़ कुल 403.30 एकड़ गैर मजरूआ खास किस जंगल भूमि पर कायम संदेहात्मक जमाबंदी को रद्द कर दिया गया है। संदेहात्मक जमाबंदी संबंधित मामले संज्ञान में आने के उपरांत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ के न्यायालय में मामले की सुनवाई की गई एवं न्यायालय द्वारा संबंधित मामले में बिहार/ झारखंड भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 4 के तहत कायम संदेहात्मक जमाबंदी को रद्द किया गया जिसके उपरांत विभागीय प्रक्रिया के अंतर्गत जमाबंदी रद्द की संपुष्टि हेतु प्रस्ताव आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग को भेजा गया है।

## दाखिल खारिज शिविर का डीसी करेंगे निरीक्षण

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार शनिवार को दाखिल खारिज संबंधित विशेष राजस्व शिविर के आयोजन के पूर्व उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी अंचल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। दाखिल खारिज संबंधित विशेष राजस्व शिविर के दौरान सभी अंचलों में बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 दिसंबर तक के मामलों का निष्पादन किया जाना है इसे लेकर उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को दाखिल खारिज संबंधित मामलों में निष्पादन के उपरांत शुद्धि पत्र भी त्वरित रूप से निर्गत करने का निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज संबंधित विशेष राजस्व शिविरों का स्वयं औचक निरीक्षण करने की बात भी कहीं।

## कुजू : मोबाइल दुकान में चोरी



**कुजू।** कुजू पुलिस के लिए चोरों को पकड़ना एक चुनौती बन गया है। ओपी क्षेत्र में करीब एक सप्ताह में 4 से 5 चोरी हो गयी है। चोरों के अंदर पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। लगातार क्षेत्र में हो रहे चोरी से लोगों के बीच पुलिस से विश्वास भी उठने लगा है। इधर चोरों ने 5 व 6 फरवरी को कुजू नागकन्या मंदिर के पास गणपति टेलीकॉम मोबाइल दुकान में चोरी कर लिया। जबकि बोंगाबार में राशन दुकान में चोरी का प्रयास किया. मामले को लेकर दोनों भुक्तभोगी ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। गणपति टेलीकॉम के संचालक कुजू बस्ती निवासी विकास कुमार ने कहा कि सरस्वती पूजा को लेकर तीन दिनों से दुकान बंद था। 6 फरवरी को जब दुकान खोला तो देखा कि एस्बेस्टस सीट तोड़कर चोरों ने दुकान में रखे नगद करीब 12 हजार, कीपैड मोबाइल 5 पीस, 5 पीस पावर बैंक व ग्राहक के द्वारा बनने के लिए आया एक मोबाइल को चोरों ने चोरी कर लिया। वहीं बोंगाबार राशन दुकान संचालक अर्जुन प्रजापति ने आवेदन में कहा है कि चोरों ने बीती रात दुकान का सीट तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया. लेकिन हो हल्ला के कारण चोर वहां से फरार हो गये।

## पत्रकारों को मिला आई कार्ड



**कुजू।** प्रेस क्लब रामगढ़ की बैठक शनिवार को कुजू पश्चिमी पंचायत सचिवालय में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू, सचिव धनेश्वर प्रसाद, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम शामिल हुए। बैठक के दौरान पत्रकारों के हित के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। साथ ही क्लब को और कैसे बेहतर बनाया जाये इस पर पत्रकारों ने अपना-अपना विचार दिया। मौके पर पदाधिकारियों ने कहा कि आप सबों के सहयोग से प्रेस क्लब को सुदृढ़ करने का काम किया जा रहा है। वर्तमान समय में आवंटित प्रेस क्लब का भवन सभी सुविधाओं से लैस है। क्लब को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए बहुत हीं कम दर पर शादी, सहित अन्य छोटे मोटे कार्यक्रमों के लिए भवन को आम लोगों के लिए उपलब्ध कराने की योजना है।

## कटकमसांडी : भागवत कथा महायज्ञ के कलश यात्रा में शामिल हुये सांसद



**कटकमसांडी।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शनिवार को कटकमसांडी के चट्टी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ के कलश यात्रा में शामिल हुए। मंदिर में माथा टेककर उन्होंने क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था, जहां कथा-प्रवचन, भंडारा, जागरण सहित विभिन्न अनुष्ठानों के साथ 15 फरवरी को हवन के साथ पूर्णाहुति होगी। यज्ञ समिति व स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत के बीच सांसद मनीष जायसवाल ने सनातन धर्म की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू धर्म की रक्षा करना प्रत्येक हिंदू का पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी सनातन धर्म को बचाने के लिए अनेकों ने बलिदान दिया है। खासकर, महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि देवी मंडप और तुलसी चौरा जैसी परंपराएं हमारी संस्कृति को जीवंत बनाए रखती हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं, यज्ञ समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से सांसद का स्वागत किया। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें भाजपा जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद मेहता, जिला मंत्री रीतलाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, कैलाश यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पंचायत मुखिया आदित्य दांगी, नारायण साव, और कई अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

# लायंस क्लब ने शीतला देवी मंदिर में किया भंडारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**300 लोगों ने किया भोजन, राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं और शिशुओं का लगा टीका**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी लगातार 32वां सप्ताह भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात आयोजित भंडारा में लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 300 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर क्लब की अध्यक्षा लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही क्लब का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्षा रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पास्ट प्रेसिडेंट माला शर्मा, प्रमोद शर्मा, प्रशांत यादव, डॉ एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, दीनबंधु सिंह, सुबेदार एनएन यादव, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, रेणु जायसवाल, मनोज कुमार मंजुल, रेखा मंजुल, सीमा यादव, सरिता देवी, भुपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जिबु का विशेष योगदान रहा। इधर परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत लायंस क्लब द्वारा भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा निःशुल्क टीकाकरण किया गया।

## एक नजर में

### संविधान सर्वोपरि : प्रो. शत्रुघ्न पांडेय



हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज में चल रहे संविधान गौरव अभियान के तहत लेक्चर सीरीज के तीसरे दिन संत कोलंबा कॉलेज के प्राध्यापक प्रो. शत्रुघ्न पांडेय ने हाभारत संघ और राज्यों के बीच संवैधानिक संबंध विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच संतुलित, सहयोगात्मक और सौहार्दपूर्ण संबंध आवश्यक हैं। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और दलीय पूर्वाग्रह अक्सर टकराव की स्थिति पैदा करते हैं, जिससे शासन प्रणाली प्रभावित होती है। प्रो. पांडेय ने स्पष्ट किया कि भारतीय संविधान संसद और राज्य विधानसभाओं से भी ऊपर है। उन्होंने कहा कि विधायी, प्रशासनिक और वित्तीय संबंध भारतीय संविधान के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। भारत में संविधान किसी समझौते के तहत नहीं बना, बल्कि इसकी जड़ें सहकारी संघवाद में निहित हैं, जो इसे अद्वितीय बनाती हैं। उन्होंने कहा कि राज्यों को सशक्त बनाने, संसाधनों के न्यायपूर्ण वितरण और सहकारी नीतियों को अपनाने से टकराव की स्थिति को रोका जा सकता है। व्याख्यान के दौरान महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र, प्राचार्या डॉ. वसुंधरा कुमारी, सभी सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।

### विष्णुगढ़ में भाजपा ने बांटी मिठाइयां



**विष्णुगढ़।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर शनिवार को विष्णुगढ़ के सात मील मोड़ स्थित कृष्णा मेडिकल के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की, मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और विकास कार्यों की जीत बताया गया। कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल ने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल सरकार की नाकामियों और झूठे वादों को नकारते हुए भाजपा को प्रचंड बहुमत दिया है। भाजपा मंडल मंत्री गौतम भारती ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने पिछले 11 वर्षों में भ्रष्टाचार और घोटालों का कीचड़ तैयार किया था, जिसमें अब भाजपा का कमल खिल चुका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के झूठे वादों का करारा जवाब दिया है और विकास की राजनीति को चुना है। इस जश्न के मौके पर भाजपा मंडल मंत्री राजेश सोनी, मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, भाजयुमो मंत्री कन्हाई यादव, झल्लू पंडित, दिनेश यादव, भीम साव, रंजना यादव, अशोक यादव, पप्पू बरनवाल, टुन्टुन प्रसाद, गोलू कुमार समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस जीत को लेकर विष्णुगढ़ भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में भाजपा सरकार बनने पर जोरदार नारेबाजी की और भविष्य में झारखंड में भी भाजपा की सत्ता वापसी का संकल्प लिया।

### कटकमसांडी में भाजपा का कार्यशाला



**कटकमसांडी।** भाजपा संगठन पर्व चुनाव कार्यशाला को लेकर शनिवार को कटकमसांडी प्रखंड में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पावर हाउस के समीप लीलो सिंह भोक्ता के आवास परिसर में संपन्न हुई, जिसमें संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावी तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी बूथों पर बूथ कमेटियों का गठन सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सक्रिय सदस्यों को ही मंडल और पंचायत अध्यक्ष जैसे पदों की जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठक में मंडल चुनाव सहप्रभारी लीलो सिंह भोक्ता की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को चुनावी प्रक्रिया और संगठनात्मक संरचना को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री रीतलाल यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, मुखिया आदित्य दांगी, महामंत्री अरविंद यादव, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुमन राय, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुनीता यादव, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष बिजुल देवी, पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, लीलो सिंह भोक्ता, महावीर सिंह, विजय दांगी, प्रकाश यादव, कृपाल सिंह, लेखराज यादव, अनुराग मित्तल उर्फ सीकू, रामकिशोर तूरी, समुंदर प्रसाद, दुर्जोय प्रसाद, शंकर यादव और जय नारायण यादव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किसानों को दी गयी जैविक खेती की जानकारी



**टाटीझरिया।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सौजन्य से खैरा पंचायत सचिवालय परिसर में तीन दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय किसानों को दलहनी-तिलहनी फसलों, साग-सब्जियों और फलों की खेती में कीट एवं रोग नियंत्रण, जैविक उपायों और बीजोपचार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुखिया कुमारी माधुरी ने कहा कि कृषि से जुड़ी आधुनिक जानकारी किसानों के लिए बेहद जरूरी है। समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण से किसान उन्नत तकनीकों को अपनाकर अधिक उपज प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। उन्होंने विभाग द्वारा इस पहल के लिए सराहना की। इस दौरान पौधा संरक्षण केंद्र, विष्णुगढ़ के पदाधिकारी सह मास्टर ट्रेनर योगेंद्र महतो ने किसानों को जैव फफूंद नाशी, ट्राइकोडर्मा और ट्यूवेरिया के उपयोग की जानकारी दी, जिससे रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता कम की जा सके। सरकार का उद्देश्य खेती को लाभदायक बनाना और किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपनी उपज से अधिक मुनाफा कमा सकें।

### ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल का वार्षिकोत्सव आज

**दारू।** प्रखंड अंतर्गत जिनगा में स्थित ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल में रविवार को पांचवां वार्षिक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी विद्यालय के निदेशक शशि भूषण प्रसाद ने दी इन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से शुरू होगा, जिसमें चाणक्य आईएएस अकादमी के डायरेक्टर विनय कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, दारू प्रखंड की जिला परिषद सदस्य गीता देवी और जिनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। विद्यालय के निदेशक ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियां भी बच्चों के मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं।

## नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी सर्टिफिकेट बनाने के आरोपी गिरफ्तार

# फर्जी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान 120 युवा नौकरी से बाहर : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त मिली थी कि तिलैया थाना क्षेत्र अन्तर्गत पानी टंकी रोड में एक व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी सर्टिफिकेट एवं दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर जालसाजी तथा धोखाधड़ी कर ऑनलाईन ठगी किया जा रहा है। इस मामले की सत्यापन कर विधि-सम्मत कार्रवाई हेतु एसपी के द्वारा एसडीपीओ अनिल कुमार की अध्यक्षता में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा उक्त स्थल पर छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान तिलैया थानान्तर्गत पानी टंकी रोड से चन्दन बर्णवाल नामक व्यक्ति के घर में भाड़े पर रह रहे कोडरमा थाना क्षेत्र लोकाई निवासी मुकेश यादव पिता रामचन्द्र यादव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक से पुछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि वर्ष-2020 से यूट्यूब चैनल पर डिफेंस 93 चैनल के माध्यम से बच्चों को क्लास करवाते है। उक्त चैनल का 3 लाख से ज्यादा सब्सक्राईवर है। क्लास करने वाले बच्चो को सीआरपी.एफ, बीएस.एफ. एवं अन्य संस्थाओं में नौकरी एवं अनुभव लिए प्रमाण-पत्र देने का लालच देकर ऑनलाईन के माध्यम से मोटा रकम लेते है एवं फर्जी सर्टिफिकेट उपलब्ध कराते है। छात्रों को विश्वास में लेने के लिए इनके द्वारा फर्जी सर्टिफिकेट को विडियों कॉलिंग के माध्यम से दिखाकर सर्टिफिकेट लेने हेतु प्रेरित किया जाता है। फर्जी सर्टिफिकेट देने के एवज में छात्रों द्वारा जो पैसे दिया जाता है, वह पैसा अभियुक्त द्वारा अन्य एकाउण्ट में ट्रांसफर कर छात्रों को विश्वास दिलाया जाता है कि आपको जिनके द्वारा सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया गया है, उन्हें पैसा ट्रांसफर कर दिया गया है। जबकि दोनों अकाउण्ट अभियुक्त का ही है।

**120 युवा नौकरी से बाहर :** वहीं एसपी ने बताया कि अब तक 120 से अधिक युवाओं को फर्जी सर्टिफिकेट जारी किए गए थे। इन सर्टिफिकेट पर बारकोड लगा होता था, जिसे स्कैन करने पर फर्जी जानकारी दिखती थी, युवा इसे असली समझकर डिफेंस भर्ती में इस्तेमाल करते थे। मगर जब डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हुआ, तो यह फर्जी निकले और 120 युवा नौकरी से बाहर कर दिए गए। इस संबंध में तिलैया थाना काण्ड संख्या 47/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने आईफोन समेत कई डिवाइस किया जब्त

पुलिस ने छापेमारी के दौरान मुकेश यादव के पास से कई डिजिटल डिवाइस और बैंक दस्तावेज, एक कंप्यूटर सेट, एक आईफोन और नथिंग कंपनी के दो मोबाइल फोन, अलग-अलग बैंकों की दो चेकबुक, तीन एटीएम कार्ड जब्त किया। वहीं छापामारी दल में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, पुअनि. महादेव पाण्डेय, अभिमनु पड़िहारी, सशस्त्र बल एवं पैंथर के जवान शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### पत्रकार को मातृशोक, पत्रकारों व अन्य लोगों ने जताया शोक

**सतगावां (कोडरमा)।** दैनिक अखबार के पत्रकार शंकरदेव प्रजापति की माता का शुक्रवार देर शाम में निधन हो गया। उनके निधन पर प्रखंड के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, मित्रों समाजसेवी व रिश्तेदारों ने शोक प्रकट करते हुए दु:ख व्यक्त किया। वहीं दिवंगत की पार्थिव शरीर का शनिवार को सकरी नदी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में नुनेश्वर यादव, दिवाकर कुमार, सुधीर सिंह, विकास पांडेय, प्रणव मुरारी, मुन्ना यादव, दीपेश अग्रवाल, रोहित दुबे चंदन कुमार, निशांत कुमार, अभय कुमार, भुनेश्वर कुमार, ब्यूटी कुमारी, चंदन पांडेय, नरेश यादव, मनोज भगत, विनय कुमार वैध समेत कई लोग के नाम शामिल हैं।

### सौतेले पिता पर यौन शोषण का मामला दर्ज

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सौतेले पिता द्वारा नाबालिग बेटी के साथ किए गए यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने पुलिस को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता की मां ने बताया कि 2016 में उनके पहले पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिसके बाद बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए उन्होंने दूसरी शादी की थी। दूसरी शादी से उन्हें एक पुत्र और एक पुत्री भी हुई, लेकिन उनके दूसरे पति की बुरी नजर 15 वर्षीय सौतेली बेटी पर पड़ने लगी। करीब डेढ़ साल पहले जब बेटी ने मां से यौन शोषण की शिकायत की, तो समाज की लोक-लाज के कारण मां ने बेटी को नानी के घर भेज दिया। हालांकि कुछ दिन पहले आरोपी सौतेला पिता ने बेटी को जबरन नानी घर से वापस ले आया और फिर से उसके साथ रेप करने लगा। पीड़िता द्वारा दोबारा शिकायत किए जाने पर मां ने इस बार बाल संरक्षण इकाई और पुलिस में शिकायत दर्ज की। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में जुटी है। एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि पीड़िता ने अपनी मां के साथ पहुंचकर पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। मामले की जांच और आरोपी पर कार्रवाई को लेकर पुलिस टीम का गठन किया गया है। वहीं पीड़िता का मेडिकल जांच भी कराया जा रहा है।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कक्षा एक के बच्चों के बीच स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाताले चलें कि स्पेलिंग बी एक प्रतियोगिता है, जिसमें प्रतिभागियों से अंग्रेजी शब्दों की वर्तनी पूछी जाती है, यह प्रतियोगिता आम तौर पर बच्चों के लिए ही आयोजित की जाती है। स्पेलिंग बी प्रतियोगिता में जिसकी वर्तनी सही होती है, वह प्रतियोगिता में आगे बढ़ता है। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक के चार बच्चे नव्या पहाड़ी, अविका चावला, अश्वी राणा, अनिकेश कपसिमे ने बाजी मारी। वहीं सभी विजेता छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने चॉकलेट एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया तथा स्वयं पूरी प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित रह कर उनकी हौसला अफजाई की।

## एक नजर में

### राजकीय इटखोरी महोत्सव-2025 के सफल आयोजन हेतु डीसी ने की बैठक





खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** आगामी राजकीय इटखोरी महोत्सव-2025 के भव्य आयोजन को लेकर उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला पर्यटन संवर्धन परिषद, चतरा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में महोत्सव की तैयारियों, आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं और पूर्व में हुए आयोजनों की समीक्षा की गई। महोत्सव का आयोजन 19 से 21 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि महोत्सव को भव्य और सफल बनाने के लिए कलाकारों के चयन, मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जनप्रतिनिधि, मंदिर प्रबंधन समिति एवं न्यास बोर्ड के सदस्य, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## परसाबाद जलमीनार विगत कई वर्षों से बंद



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद में करोड़ों के लागत से बने जल मीनार से विगत वर्षों से पेयजल आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। बता दें कि इस जलमीनार से प्रखंड के कटिया और गरगी पंचायत के हजारों कनेक्शन है।

वहीं लोगों ने बताया कि पीएचडी विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को कई बार इस संबंध में अवगत करवाया गया, परंतु आज तक ना तो पीएचडी विभाग के अधिकारी ना तो किसी भी जनप्रतिनिधि के द्वारा इस पर ध्यान दिया गया, जिसके कारण आज भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। वहीं लोगों का कहना है कि जब से यहां जलमीनार का निर्माण हुआ है तब से हम लोगों को इस जल मीनार से कुछ ही महीना तक पानी मिला है। जब चुनाव आता है तो उस समय जनप्रतिनिधि विकास के नाम पर हम सभी लोगों से बेवकूफ बनाकर वोट लेने का काम करते हैं, परंतु चुनाव जीत जाने के बाद किसी भी प्रकार का कोई विकास नहीं किया जाता है। वहीं लोगों ने बताया कि अगर इस समस्या का समाधान अतिशीघ्र नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेवारी जनप्रतिनिधि एवं पीएचडी विभाग के अधिकारी का होगा। वहीं लोगों ने जलमीनार चालू करने की मांग की है। जिसमें प्रकाश यादव, उमेश यादव, विकास पासवान, दीपक यादव, शशिकांत पासवान, कौशल्या देवी, पार्वती देवी समेत सभी ग्रामीण शामिल हैं।

## यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

### सेक्रेड के 39 छात्रों को पार्लियामेंट सेक्रेटरी द्वारा दिया गया प्रमाण-पत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में पार्लियामेंट के सेक्रेटरी उमंग नरूला के निर्देश पर यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें बच्चों के द्वारा पार्लियामेंट कैसे चलता है, कैसे पक्ष और विपक्ष के लोग किसी बिल को लेकर बहस करते हैं, इसे दिखाया गया था। इस कार्यक्रम को लोकसभा सचिन उमंग नरूला के स्तर से काफी सराहा गया था। इसमें भाग लेने वाले सभी 39 छात्र-छात्राओं के अलावा प्राचार्य और तीन शिक्षकों को सचिव उमंग नरूला के द्वारा हस्ताक्षरित सर्टिफिकेट निर्गत किया गया है। वहीं शनिवार को स्कूल असेंबली में प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र सौंपा गया और उन्हें बधाई दी गई। वहीं सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में शिवम कुमार, परी कुमारी, दिव्यांशु कुमार, अभिराज कुमार, सुहानी कुमारी, अनिंदिता कुमारी, दिव्यानी सिंह, आयुष कुमार, राजवीर मोदी, अर्पित कुमार, अभिनव चतुर्वेदी, अंजलि कुमारी, अभिराज कुमार, आरोही सोनकर, कशिश कुमारी, सृष्टि राणा, प्राची कुमारी, तैयबा जबीं, आयुष्मान सिंह, सौरव रंजन, सुमन कुमार, निखिल राज शर्मा, सार्थक कुमार, काजी अर्श अहमद, अमित कुमार साव, प्रियांशु रंजन, आस्था कुमारी, अनुराधा कुमारी, आर्ची कुमारी, अंजनी कुमारी, साक्षी यादव, माहि राज, अमीमा अरमान, आदर्श कुमार, सौम्या कुमारी, तनिशा शर्मा, शिवम कुमार, शैलवी सिंह, फरहत जबीं के नाम शामिल है। इसके अलावा लोकसभा सचिव उमंग नरूला द्वारा हस्ताक्षरित सर्टिफिकेट प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, शिक्षक शंकर कुमार और पायल सिंह को भी दिया गया है। मौके पर स्कूल के डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, फैयाज कैशर, कुंदन राणा, राकेश पांडेय, अभिलाषा सिंह, सतीश कुमार, पवन ठाकुर, संजय तिवारी, रणजीत सिंह, विनय कुमार, शाहिद आलम, विशाल आनंद, भोला कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न, कमेटी पुनर्गठन पर हुई चर्चा



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं की एक अहम बैठक शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता संतान सोनी ने की, जबकि संचालन बैद्यनाथ कुमार दांगी ने किया। बैठक में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान पार्टी संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से पंचायत कमेटी और प्रखंड कमेटी के पुनर्गठन पर विशेष चर्चा की गई। तय किया गया कि फरवरी माह के अंत तक कमेटी का पुनर्गठन कर प्रखंड स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक में झामुमो नेता मनोज वर्मा, यदुनंदन पांडेय, राजेश कुशवाहा, देवदीप पासवान, देवनारायण दांगी, कामदेव दांगी, ज्ञानी दांगी, पुरुषोत्तम गुप्ता, रोहन यादव, विकास रजक, अजय दास, शंभू राणा, मुखलाल भोक्ता, प्रकाश यादव, संदीप दांगी, दिगंबर रविदास, मनोज दांगी, रमेश दांगी, फिरोज आलम, रविंद्र दांगी, केशर अली, कविंद्र दांगी, भोला दांगी, शाहिद समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डायरेक्टर ने किया चना एवं सरसों बीज का निरीक्षण, दिए कई आवश्यक निर्देश



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** भूमि संरक्षण निदेशक अशोक सम्राट, निदेशक समिति झारखंड विकास कुमार एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी निखत प्रवीण ने शुक्रवार को दूवारी पंचायत के जोकाही गांव में चना एवं सरसों बीज का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान चतरा जिले के सुदूरवर्ती एवं अफीम प्रभावित क्षेत्रों में रबी मौसम के तहत 100% अनुदान पर वितरित किए गए चना बीज की गुणवत्ता एवं उपयोगिता की जांच की गई। अधिकारियों ने किसानों से बीज की उपलब्धता, इनपुट न्यूट्रिएंट मैनेजमेंटएवं इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट से संबंधित फीडबैक लिया। इसके अलावा गिद्धौर गांव में वितरित सरसों बीज का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकों एवं बीज की गुणवत्ता को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण टीम में डिप्टी पीडी (आत्मा) राजेश सिंह, उज्ज्वल कुमार, प्रेम सिन्हा, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक प्रभात कुमार, कृषक मित्र सुरेश रविदास समेत क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने की अपील की।

## फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल विद्यालय में फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तृतीय से लेकर अष्टम तक के सभी छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ लगभग सौ से भी अधिक बच्चों ने भाग लिया।

बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किए, जो देखने में भी अत्यधिक आकर्षक एवं स्वाद में अत्यंत स्वादिष्ट थे, जैसे-कोल्ड कॉफी, भेलपुरी, नाचोज चार्ट, झालमुरी, ओरियो शेक, डोनेट चीज केक, मोजिटो, ब्रेड सैंडविच, ओरियो चीज शेक, फ्रूट सलाद, बर्गर, पापड़ी चाट, विभिन्न प्रकार की शरबत आदि 50 से भी अधिक तरह के व्यंजनों की प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम का निरीक्षण विद्यालय के सचिव सिद्धार्थ सिंह, प्राचार्य राहुल घोष एवं एक्रे लाल के द्वारा किया गया।

वहीं विद्यालय के सचिव ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित कर बधाई दिया।

## दिल्ली ने दिल बड़ा किया और कमल खिलाया : नितेश चंद्रवंशी

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के पश्चात् भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीतीश चंद्रवंशी ने कहा की दिल्ली वासियों ने अपना दिल बड़ा किया। यह दिखा दिया कि हम भी दिलवाले हैं, अब गंद्गी बर्दाश्त नहीं, अब मक्कारी बर्दाश्त नहीं, अब भ्रष्टाचारी बर्दाश्त नहीं। पिछले 15 वर्षों से जनता को धोखा देते हुए केजरीवाल आम आदमी की आंखों में धूल झोंकते हुए सिर्फ अपनी राजनीति चमका रहे थे, और जनता की समस्या यथावत बनी हुई थी। जनता ने अरविंद केजरीवाल को नकार कर यह साबित किया की इस भ्रष्टाचारी सरकार को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता ने भी अप्रत्याशित जीत बीजेपी के पक्ष में दिलाया, भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पिछले 27 वर्षों का बनवास को सहा है, अब जनता की बारी है की उन्हें हर वह सुविधा निश्चित रूप से मिलेगी। जिसकी दिल्ली वासियों को बेसब्री से इंतजार था। भाजपा नेता नितेश चंद्रवंशी ने भाजपा के कार्यकर्ताओं, नेताओं और खासकर दिल्ली वासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा की अब दिल्ली की डबल इंजन की सरकार बनकर दिल्ली की चहुमुखी विकास होगी।

## शहीद जगदेव जी के विचार को जन-जन तक पहुंचाना लक्ष्य : डॉ.संत कुमार सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ज्ञात हो कि जागरण रथ 2 फरवरी को पटना से बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है, यह रथ प्रतिवर्ष झारखंड और बिहार का भ्रमण कर शहीद जगदेव बाबू के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

झारखंड प्रवेश द्वार पर अभियान के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संत कुमार सिंह और उनके साथ सहकर्मियों का भव्य स्वागत पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य अयोध्या प्रसाद, मनोज दांगी, रूपेश चंद्रवंशी, विपुल कुमार, देवेंद्र पासवान, महावीर बौद्ध, रजनी बौद्ध, संगीता यादव, सुजीत कुमार आदि ने किया। वहीं डॉ. संत कुमार सिंह ने कहा कि जगदेव बाबू बिहार लेलिन दलितों शोषितों का हितैषी थे, उन्होंने ''100 में 90 शोषित है 90 भाग हमारा है'' का नारा दिया था।

## दिल्ली में जीत पर विधायक डॉ. नीरा यादव ने दी बधाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए आभार जताया है। वहीं उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने भरपूर आशीर्वाद और स्नेह दिया, दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और दिल्ली की नयी सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी, यह मोदी और भाजपा की गारंटी है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के जनादेश ने सिद्ध कर दिया कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका रहेगी। दिल्ली की जनता ने भाजपा को अपार जनादेश के रूप में जो आशीर्वाद दिया है और भाजपा को स्वीकार किया है, यह बहुत ही अतुलनीय है। इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए विधायक डॉ.नीरा यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बधाई दी है।

## डोमचांच में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न




**डोमचांच (कोडरमा)।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर डोमचांच में भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्सह का माहौल देखा गया। पार्टी के पक्ष में जोरदार नारेबाजी के साथ खुशी का इजहार करते हुए कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। वहीं कार्यकर्ताओं ने एक उपस्थित लोगों को मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार, जिला मंत्री महेंद्र यादव, भाजपा नेता परमेश्वर यादव, पूर्व जिला मंत्री सुनील कुमार सिन्हा, अशोक मेहता, कुलदीप राम, शंकर पासवान, सुभाष साव, प्रकाश शर्मा, प्रकाश पोद्दार, प्रकाश मेहता, कारू सिंह, रंजीत गोस्वामी, मिथिलेश गोस्वामी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।


## आवास प्लस सर्वे में घोर अनियमितता, अवैध वसूली का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के बारियातू पंचायत में आवास प्लस सर्वे को लेकर गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, सर्वे कार्य के नाम पर अवैध रूप से राशि की वसूली की जा रही है। जानकारी के अनुसार, आवास प्लस सर्वे का उद्देश्य उन पात्र लाभार्थियों को सूचीबद्ध करना है, जिन्हें अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। लेकिन पंचायत सेवक प्रियंका प्रिया पर ऐसे लोगों का नाम जोड़ने का आरोप है, जिन्हें पहले से ही आवास का लाभ मिल चुका है या जिनका पहले से पक्का मकान है। सूत्रों के मुताबिक, सर्वे में नाम जोड़ने के नाम पर प्रति व्यक्ति 5 हजार रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। ग्रामीणों ने इस संबंध में प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में प्रशासन का पक्ष फिलहाल सामने नहीं आया है।

स्पीड न्यूज

## जमशेदपुर में दिल्ली की जीत पर उत्साहः सुधांशु



**जमशेदपुर।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में दमदार वापसी कर भाजपा ने यह साबित कर दिया कि जनता अब झूठे वादों, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को नकार चुकी है। इस ऐतिहासिक जीत पर पूरे देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। वहीं, जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकताओं में भी इस जीत पर जश्न और उत्साह का माहौल है।

## फायरिंग करने वाला मो शोहराब गिरफ्तार




**जमशेदपुर।** 15 दिसंबर 2024 के अहले सुबह करीब 04-04:15 बजे के बीच भालुबासा स्थित तड़ीपार अपराधकर्मी सलमान खान के घर पर उसके प्रतिद्वंद्वी गुट के अपराधी सरगना लालबाबू एवं उसके सहयोगियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना की थी। उक्त घटना की गंभीरता के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर द्वारा पु०उपा० (मु0-01) के नेतृत्व में इस काड़ में संलिप्तअपराधकर्मियों की गिरफ्तारी व अन्य कार्रवाई हेतु विशेष टीम गठित की गयी थी। इसी टीम की निकट निगराणी पुलिस अधीक्षक (नगर) द्वारा की जा रही थी। इसी क्रम में काड में संलिप्त अपराधी डाबर गिरोह का वर्तमान में संचालक तथा इस कांड में सलिम अपराधी मो० शोहराब उर्फ लालबाबू को बीते रात्रि गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता मिली है।

## शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अंशुमान आज चांडिल में

**चांडिल।** जमशेदपुर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अंशुमान सिंह रविवार को चांडिल के डेम रोड स्टेट बैंक के पास हरिओम पॉलीक्लिनिक में सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक उपस्थित रहेंगे। इसकी अधिक जानकारी के लिए 92410 99638 पर संपर्क किया जा सकता है।

## श्याम भटली परिवार के सचिव के पिता का निधन



**जमशेदपुर।** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम भटली परिवार के सचिव ललित डांगा के पिता जवाहर लाल डांगा का निधन 6 फरवरी गुरूवार को इलाज के दौरान टीएमएच में हो गया। अंतिम संस्कार 7 फरवरी शुक्रवार को स्वर्णरेखा घाट, भुइयांडीह में सम्पन्न हो गया है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। बैठक डांगा परिवार के निवास क्रॉस रोड नम्बर-4, आदर्श नगर, ओल्ड चेक पोस्ट, डिमना रोड, मानगो में 9 से 11 फरवरी तक दोपहर 3 से 5 बजे तक होगी। श्याम भटली परिवार के सदस्यों ने जवाहर लाल के निधन पर शोक व्यक्त किया हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद राय का निधन, अंत्येष्टि आज

- शोकाकुल जमशेदपुर महानगर ने रद्द किये सारे कार्यक्रम
- पूर्व सीएम रघुवर दास, अर्जुन मुंडा व जिलाध्यक्ष सुधांशु ने जताया गहरा शोक
- रविवार को जिला कार्यालय पर लाया जायेगा पार्थिव शरीर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के स्थापना के पश्चात वर्ष 1980 में कोल्हान के जिला संयोजक एवं सिंहभूम के जिला महामंत्री रहे सच्चिदानंद राय का शनिवार को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। पिछले कुछ दिनों से टाटा मोटर्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वे हमेशा पार्टी के विस्तार और विचारधारा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय रहे। गुरुवार को उनके निधन की जानकारी मिलने पर भाजपा में शोक की लहर दौड़ गयी। एक ओर उनके निधन पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत कई नेताओं ने गहरा शोक जताया है। वहीं, उनके निधन पर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने दिल्ली में पार्टी की प्रचंड जीत पर जिले में जश्न मनाने के सभी कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। इससे पहले, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बारीडीह विजया गार्डन स्थित उनके आवास जाकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया और निधन पर शोक व्यक्त किया। रविवार को सुबह 10:30 बजे सच्चिदानंद राय के पार्थिव शरीर को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय लाया जाएगा। जहां भाजपा कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई देंगे।

### राय का निधन संगठन व समाज के लिए अपूरणीय क्षति : रघुवर दास

सच्चिदानंद राय के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जनसंघ काल के नेता और संगठन मजबूती में अहम योगदान देने वाले सच्चिदानंद राय का निधन संगठन



सच्चिदानंद राय की फाइल फोटो।

एवं सामाजिक स्तर पर अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्रवाद, संगठन और समाजसेवा को समर्पित कर दिया। उनकी निष्ठा, विचारधारा और संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल दें। रघुवर दास ने कहा कि सच्चिदानंद राय जी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा, उनकी कमी संगठन और समाज को हमेशा महसूस होगी।

### सच्चिदानंद ने पूरा जीवन समाज के लिए कर दिया था समर्पित : मुंडा

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सच्चिदानंद राय के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि सच्चिदानंद राय जी का जाना संगठन और समाज के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा और विचारधारा के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया। उनकी सादगी, संघर्ष और संगठन क्षमता हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य प्रदान करें।

### एक कुशल संगठनकर्ता और कर्मठ जन नेता थे सच्चिदा बाबू : सुधांशु ओझा

भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सच्चिदानंद राय के निधन को बड़ी क्षति बताते हुए कहा कि सच्चिदानंद राय का जाना न केवल भाजपा बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। वे एक कुशल संगठनकर्ता, संघर्षशील और कर्मठ नेता थे। जिन्होंने संगठन विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन समाज और संगठन के प्रति समर्पण का उदाहरण है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें और परिवार को यह दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### राजेश शुक्ला ने भी राय के निधन पर गहरा शोक जताया

वहीं, भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सह वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश शुक्ला ने भी सच्चिदानंद राय के निधन पर शोक व्यक्त जताया है। उन्होंने कहा कि वे संगठन की नींव के मजबूत स्तंभ थे, जिन्होंने अपने परिश्रम और त्याग से पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन हमें सेवा, संघर्ष और समर्पण की सीख देता रहेगा।

# झारखंड में देंगे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक माहौल : रामदास सोरेन

- शिक्षा विभाग की प्रमंडलीय बैठक मंत्री रामदास सोरेन की अध्यक्षता में संपन्न
- कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों के डीसी व डीइओ के साथ मंत्री ने की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कोल्हान प्रमंडल में शिक्षा की स्थिति पर समीक्षा बैठक करते

**जमशेदपुर।** स्कूली शिक्षा, साक्षरता विभाग एवं निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की कोल्हान प्रमंडलीय स्तरीय बैठक की गयी। जमशेदपुर के निर्मल गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग की कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी तथा शिक्षा व्यवस्था के संदर्भ में महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। बैठक में सरकारी, सहायता प्राप्त व निजी विद्यालयों, विद्यालय में बच्चों के नामांकन की स्थिति, कक्षा में प्रमोशन दर, ड्रॉप आउट, कक्षा में ठहराव, अपार आईडी कार्ड बनाने की स्थिति, शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में बच्चों का नामांकन, शिक्षक छात्र अनुपात, विषयवार शिक्षकों का पदस्थापन, पोशाक तथा स्कूल किट वितरण, छात्रों का रिजल्ट, टीचर्स ट्रेनिंग संस्थानों की मुलभूत सुविधा, आदर्श विद्यालय व मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय, सहित जनजातीय भाषा में शिक्षा, मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा की गयी।

कोल्हान प्रमंडलीय स्तरीय बैठक में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के अलावा विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, माध्यमिक शिक्षा निदेशक आदित्य रंजन, प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश, पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त अनन्य मित्तल, सरायकेला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, पश्चिमी सिंहभूम डीडीसी संदीप कुमार मीणा सहित तीनों जिले के शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला शिक्षा अधीक्षक मौजूद थे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्कुली शिक्षा, साक्षरता विभाग एवं निबंधन विभाग के मंत्री श्री रामदास सोरेन ने कहा गुणवतापुर्ण शिक्षा आधारभुत संरचना तथा बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के साथ साथ व्यक्तित्व निर्माण के लिए विभाग प्रयासरत है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सरकार की प्राथमिकता है। सरकार शिक्षा के बुनियाद को मजबुत करने के साथ साथ बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई स्तर पर काम कर रही है। आबादी के अनुपात में विद्यालयों में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन, जीरो ड्रॉपआउट, विषय आधारित शिक्षक नियुक्ति, बेहतर शैक्षणिक महौल देने की दिशा में और सुधार की अपेक्षा के साथ शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन, जन प्रतिनिधियों, अभिभावकों, बुद्धिजिवियों को आपसी समन्वय, जिम्मेवारी तथा समाजिक उतरदायित्व निर्वहन करने की बात कही। मॉडल स्कूल के रूप में कस्तुरबा विद्यालय, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय आदि में उत्कृष्ट शैक्षणिक सुविधा, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। उन्होंने कस्तूरबा की छात्राओं के उत्कृष्ट प्रर्दशन एवं हालिया उपलब्धि के लिए बधाई दी। कहा कि सभी विद्यालयों में शिक्षक छात्र अनुपात को ठीक करने, स्थानीय भाषा की पढ़ाई, विद्यालयों में बेहतर परीक्षा परिणाम, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, नई शिक्षकों की नियुक्ति, व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए सरकार स्तर पर पहल की जा रही है। समीक्षा में मंत्री ने कोल्हान उपायुक्तों को कहा कि स्कूलों में जरूरी सुविधाओं एवं गुणात्मक शिक्षा के लिए विभागीय अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन के साथ नियमित बैठक करें। निजी स्कूलों के शत प्रतिशत बच्चों का यू-डायस पोर्टल पर प्रविष्टि करने, निजी स्कूलों में शत प्रतिशत आपार कार्ड बनाने, ड्रॉप आउट बच्चों की मैपिंग करने का निर्देश दिया।

## यंग इंडियंस और एनवाईकेएस ने छात्रों के लिए उद्यमिता और नवाचार सत्र का किया आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** शनिवार को यंग इंडियंस (वाई आई) जमशेदपुर के उद्यमिता एवं नवाचार वर्टिकल ने एनवाईकेएस के सहयोग से 132 कश्मीरी एक्सचेंज छात्रों के लिए एक प्रभावशाली और व्यावहारिक उद्यमिता सत्र आयोजित किया। सत्र की शुरुआत श्रद्धा राजीव अग्रवाल, नवाचार वर्टिकल चेयर द्वारा गोल्फ बॉल अभ्यास से हुई, जिसमें समय प्रबंधन और जीवन की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके बाद मूल्य प्रस्ताव अभ्यास किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने व्यक्तिगत उद्देश्य कथन बनाए, जिससे वे अपने लक्ष्य और आकांक्षाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित कर सके। इसके बाद विवेक देबुका, उद्यमिता वर्टिकल चेयर ने उद्यमिता, इसकी महत्ता और एक सफल उद्यमी बनने की मानसिकता पर एक इंटरैक्टिव सत्र का संचालन किया। इसके अंतर्गत, एम्पैथी मैप अभ्यास कराया गया, जहां छात्रों ने कचरा प्रबंधन और राजस्व सृजन से जुड़ी समस्याओं का समाधान खोजने के लिए विचार-मंथन किया।

## मानगो पेयजल परियोजना की खामियां धीरे-धीरे सामने आ रही है : सरयू राय

- टैंक रोड जंक्शन पर 350 एमएम का वॉल्व लगाने का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, आदित्यपुर के कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार ने मेसर्स जेमिनी इंटरप्राइजेज को पत्र लिख कर मानगो शहरी जलापूर्ति योजना पुनर्गठन कार्य (चरण-2, पार्ट-बी) के अंतर्गत टैंक रोड जंक्शन पर 350 एमएम व्यास का वॉल्व लगाने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि इस संबंध में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक द्वारा गठित जनसुविधा समिति ने भी आपत्ति दर्ज कराई थी और कहा था कि



अधिकांश घरों में पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

पत्र में कार्यपालक अभियंता ने लिखा है कि इसी साल 27 जनवरी को जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने पृथ्वी पार्क स्थित 24 लाख लीटर क्षमता वाले जलमीनार का लोकार्पण किया था। इस जलमीनार के माध्यम से पोस्ट ऑफिस रोड, चटाई कॉलोनी, गुरुद्वारा रोड आदि क्षेत्रों में जलापूर्ति की व्यवस्था की गई है। परीक्षण में यह प्रकाश में आया कि कई क्षेत्रों में जलापूर्ति अपर्याप्त हो रही है। तकनीकी निरीक्षण में यह पाया गया कि टैंक रोड जंक्शन पर स्थित वितरण प्रणाली से जल उलीडीह क्षेत्र की तरफ प्रवाहित हो रहा है, जो टैंक रोड के उच्च भाग में स्थित है। पत्र में कार्यपालक अभियंता ने लिखा कि आप (मेसर्स जेमिनी इंटरप्राइजेज) बिना देर किये हुए टैंक रोड जंक्शन पर 350 एमएम व्यास का वॉल्ब लगाएं ताकि लक्षित क्षेत्रों में बिना देरी के जलापूर्ति की जा सके।

## श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड व डी एलएड सत्र के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न

- ग्रेजुएशन नाइट उत्साह और भावनात्मक माहौल में संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



विदाई समारोह का दृश्य।

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन में आज बीएड तथा डीएलडी सत्र 2022-24 के छात्रों का विदाई समारोह सह ग्रेजूएशन नाइट संपन्न हुआ। यह आयोजन उत्साह, उमंग और भावनात्मक यादों से भरा रहा, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर अपने अनुभव साझा किये। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में सरायकेला खरसावां के एसडीओ सदानंद महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सदानंद महतो ने अपने वक्तव्य में छात्रों को उनके संघर्ष, मेहनत और उपलब्धियों के लिए सराहा और कहा, कि ₹एक शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला ही नहीं, बल्कि समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाला भी होता है। आशा है कि आप सब शिक्षा जगत में नये आयाम स्थापित करेंगे।

## एसडीएसएम स्कूल में एक शाम हॉबी के नाम कला इंद्रधनुष संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** शनिवार 8 फरवरी 2025 को एस.डी. एस.एम.स्कूल फर एक्सीलेंस विद्यालय के प्रांगण में बच्चों की रचनात्मक और कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देष्य से एक शाम हबी के नाम कला इंद्रधनुष कार्यक्रम किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को अपनी रुचियों, हुनर और कला को प्रदर्शित करने का अवसर देना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या मौसमी दास, उप-प्राचार्या एवं सभी विषय के संयोजक-संयोजिका ने किया। कार्यक्रम में कुल 21 हबी के अन्तर्गत फुटबल, वलीबल, ताइक्कंडो, चेस, योगा, रीडिंग, क्वीज, हस्तकला, पाककला, नृत्य, नाट्य कला, श्लोक उच्चारण आदि थे।

## साकची बाजार शिव-श्याम मंदिर में धूमधाम से मना 36वां श्याम महोत्सव

- श्याम रंग में रंगा साकची, 1351 निशान के साथ निकली शोभा यात्रा में झूमते रहे श्रद्धालु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




निशान यात्रा में शामिल कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोंथालिया व अन्य और निशान यात्रा में शामिल महिलाएं।

**जमशेदपुर।** श्रीश्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 36वां श्रीश्री श्याम महोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव को लेकर पूरे मंदिर परिसर समेत श्याम बाबा का विशाल दरबार पुष्पों से सजाया गया था। 1351 निशान यात्रा का शुभारंभ साकची शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाबा के जयकारे से हुई, जो साकची बाजार डालडा लाईन, पलंग मार्केट चौक, साकची बिरसा मुंडा चौक से स्टेट माइल रोड़ से काशीडीह होते हुए वापस मंदिर पहुंच कर बाबा श्याम को निशान अर्पित करने के साथ संपन्न हुई। शोभा यात्रा के दौरान जय श्री श्याम, शीश के दानी, हारे का सहारा के जयघोष पूरा मार्ग गूंजता रहा। निशान यात्रा के दौरान मार्ग में स्थानीय कलाकार महावीर अग्रवाल द्वारा डोरी खींच के राखिजे यो है बाबा को निशान. पैदल चालनिये के सागे चाले बाबा श्याम... जैसे शानदार भजनो की प्रस्तुति दी। शोभा यात्रा में सबसे आगे बैडबाजा समेत एक वाहन पर सजा बाबा श्याम का दरबार एवं दो घुड़सवार के साथ बाबा श्याम और हनुमान जी का बड़ा ध्वजा लिये भक्त चल रहे थे।

**सुबह ध्वाजा और रात में ज्योत पूजन :** मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे ध्वजा पूजन यजमान ममता-मनोज अग्रवाल ने किया। संध्या 8.30 बजे अखंड ज्योत की पूजा मुख्य यजमान राम कृष्ण चौधरी (बीजू बाबू) ने सपरिवार की। पूजा विधिवत रूप से विपीन झा और रामजी पारिक के नेतृत्व में पांच पंडितों द्वारा करायी गयी और सभी भक्तों को रक्षा सूत्र बांधा गया। महोत्सव के दौरान साकची शिव मंदिर श्याम के रंग में रंगा और पूरा महौल भक्तिमय हो गया था। महोत्सव का मुख्य आकर्षण शोभा यात्रा, भव्य दरबार, आलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग आदि था।

## एक नजर में

### जिले के तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**जमशेदपुर।** जिला के 3 उत्कृष्ट विद्यालयों उत्क्रमित +2 बालिका उच्च विद्यालय, साकची, जमशेदपुर में कक्षा 6 से 11 तक के लिए, बी०पी०एम० +2 उच्च विद्यालय बर्मामाइंस, जमशेदपुर कक्षा 9 से 11 तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सुन्दरनगर, जमशेदपुर (आवासीय विद्यालय) कक्षा 6 (केवल बालिकाओं के लिए) में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक आवेदक, आवेदक के अभिभावक संबंधित विद्यालय से विद्यालय कार्यावधि में आवेदन पत्र प्राप्त कर दिनांक 10 फरवरी 2025 तक भरा हुआ आवेदन पत्र संबंधित विद्यालय में स्वयं या डाक के माध्यम से जमा कर सकते है। नामांकन की प्रक्रिया प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगी। प्रवेश परीक्षा 1 मार्च को आयोजित की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 1 अप्रैल से बच्चों की कक्षाएं शुरू होंगी।

### तीन दिवसीय बीटूबी इंडस्ट्रीयल मशीनरी और इंजीनियरिंग एक्सपो का शानदार समापन



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर ऑटो कल्स्टर स्थित इंडोमैक बिजनेस सौल्युशन्स द्वारा ऑटो कलस्टर एवं एसिया के सहयोग से चल रहे तीन दिवसीय बीटूबी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एवं इजीनियरिंग एक्सपो का समापन सम्पन्न हो गया। एक्सपो में आये उद्योगपतियों, खुदरा औद्योगिक व्यवसायी एवं अन्य ग्राहक काफी प्रसन्न नजर आये कारण जो मशीन के लिए उन्हें देश के अन्य राज्यों में जाना पड़ता वह मशीन उन्हें उनके शहर में ही लाइव डेमोस्ट्रेशन के साथ मिल गया साथ ही अच्छी खासी डिसकांउट के साथ। इन्डोमैक बिजनेस सौल्युशन्स के आयोजकों ने कहा कि एक्सपो के सफल संचालन में ऑटो कलस्टर के प्रबंध निदेशक एस एन ठाकुर एवं एसिया के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल एवं महासचिव प्रवीण गुटगुटिया सहित अन्य लोगों का सक्रीय योगदान रहा जहां हमारे आशा से बढ़कर लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। लगभग 20000 से अधिक लोगों ने एक्सपो का भ्रमण किया एवं लगभग 520 करोड़ के आस-पास की बुकिंग की गयी। ऑटो कलस्टर के प्रबंध निदेशक श्री ठाकुर एवं इंदर अग्रवाल ने कहा कि भविष्य में हम यहां के उद्योगपतियों के लिए और भी बेहतर तरीके से और अधिक संख्या में देश के विभिन्न भागों से मशीन एवं नये टेक्नोलॉजी से संबंधित अपने सदस्यों को अवगत कराने का प्रयास करेंगे।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्रों को दिया गया प्रवेश पत्र सह प्रोत्साहन




**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्रों को आवश्यक निर्देश सह आशीष वचनों के साथ बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह अकादमिक निदेशक श्री दिलीप कुमार महतो एवं सभी विषयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा,कि यह परीक्षा आपके भविष्य को निर्धारित करेगा अतः आप अपने स्वास्थ्य की रक्षा करते हुए परीक्षा में अपना शत-प्रतिशत दीजिये। अभिभावकों से कहा की आप अपने बच्चों पर विशेष दबाव न डालें उन्हें अपने परीक्षा में छठ प्रतिशत दैनिक का ही सजेशन दीजिये। अंत में शिक्षक वकील अंसारी ने आगंतुक सभी अभिभावकों को अपने बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद ज्ञापन की।

### भारतीय के अन्यायपूर्ण निर्वासन के खिलाफ गोलमुरी कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों के अन्यायपूर्ण निर्वासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन गोलमुरी प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष अतुल गुप्ता के नेतृत्व में गोलमुरी मार्केट क्षेत्र में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने भारतीय प्रवासियों को क्रूरतापूर्ण तरीके से अपमानित करते हुए। हवाई जहाज में हथकड़ी लगाकर मानवता के आचरण के खिलाफ में अपने कृत्य का प्रदर्शन किया। इससे भारतीयों के सम्मान को ठेस पहुंचा है। अमेरिकी सैन्य विमान में प्रवासियों को जबरन हथकड़ी लगाकर वापस भेजे जाने पर घोर रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, अतुल गुप्ता, प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, रविन्द्र मौर्या, सुखदेव सिंह मल्ली, जसवंत सिंह जस्सी, गुरदीप सिंह, रविंद्र मौर्या, अरूण कुमार सिंह, रजनीश सिंह, विनोद यादव, अखिलेश यादव, कुमार गौरव, हरिहर प्रसाद, राहुल गोस्वामी भी थे।

### मऊभंडार में अपराध की योजना बना रहे तीन धराये



**जमशेदपुर।** गत 7 फरवरी को पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी को आसूचना पास हुई थी कि गुड़ाबांधा थाना अन्तर्गत ग्राम मऊभंडार के पास कुछ व्यक्ति एकत्रित होकर किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं जिनका संबंध गुड़ाबांधा में रंगदारी और फायरिंग कांड से है। इस सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी मुसाबनी और एसडीपीओ घाटशिला के नेतृत्व में गठित टीम ने मऊभंडार पानी टंकी के पास दोपहर दो बजे तीन व्यक्तियों को बाइक से जाते देखा। पुलिस को देखते ही वो भागने लगे जिन्हें टीम ने खदेड़ कर पकड़ लिया।

## न्यूज डायरी

### सर्पदंश से महिला हुई अचेत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चेताग ग्राम में शनिवार को सर्पदंश से एक महिला अचेत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उर्मिला देवी 38 वर्ष पति हबड़ा लोहार ग्राम चेताग थाना बालूमाथ निवासी अपने खेत में कुछ काम कर रही थी। इस दौरान एक विषैला सांप ने उसे काट लिया। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को स्तिथि को गम्भीर देखते हुए बेहतर इलाज होती रांची रिम्स रेफर किया गया।

### बारियातू बाजारटांड से बाईक की चोरी

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बजार टांड के समिप महेंद्र प्रसाद उर्फ अनिल सेठ के कम्पलेनस के समीप रामपति उरांव पिता राम सहाय उरांव ग्राम डाढा कटई टोला निवासी का हिरो स्पलेंडर प्लस मोटर साइकल JH03 जेड 3726 को अज्ञात चोरी ने चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगी रामपति ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग तीन बजे के आसपास उक्त स्थान पर अपना मोटरसाईकिल खड़ी कर बजार मे घरेलु सामग्री खरीदने चला गया। जब बाजार का समान खरीद कर वापस आया तो देखा की मोटर साईकिल गायब था। काफी खोजबीन करने पर पता नहीं चल पाया। उन्होंने शनिवार को बारियातू थाना में आवेदन के माध्यम से मोटर साईकिल चोरी होने की लिखित सूचना देकर पुलिस प्रशासन से बरामदी के लिए गुहार लगायी हैं। आवेदन प्राप्त होते ही पुलिस अग्रेतर कार्रवाई मे जुट गई है।

### अवैध कोयला खाली कर लौट रहा ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में चिमनी भट्ठा से अवैध कोयला खाली कर लौट रहे ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर चालक युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान दिनेश यादव 22 वर्ष पिता जलेंदर यादव, ग्राम कारीमाटी गणेशपुर बालूमाथ निवासी के रूप में हुई। घटना के संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक अवैध कोयला लोड कर चमरेगा के प्रिंस नामक ईंट भट्ठा में गिराने गया हुआ था। जहां से कोयला खाली कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें युवक की मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। बता दे कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में मासीयातु, रजवार, शेरेगड़ा, गणेशपुर, सिरम समेत कई ग्राम में कई अवैध चिमनी ईंट भट्ठे संचालित हैं। जिसमे अधिकांश चिमनी भट्ठा का लाइसेंस नहीं है बावजूद इसके यह सभी संचालित हो रही हैं ।जिसमे अवैध रूप से चोरी का कोयला खपाया जाता है। सबसे अधिक बालूमाथ के शेरेगड़ा ग्राम स्थित महफूज मियां के चिमनी भट्ठे में मगध कोलियरी से चोरी किया हुआ कोयला खपाया जाता है। कोयला चोरी होने से जहां सरकार को एक बड़ी राजस्व की क्षति हो रही है। उसके बावजूद भी जिला प्रशासन द्वारा ऐसे अवैध चिमनी भट्ठों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

## विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए स्पर्धा जरूरी: फा. जोसेफ

# ख्रीस्त राजा विद्यालय में वार्षिक खेल प्रतिस्पर्धा का हुआ समापन


ध्वज फहरा कर फाइनल राउंड का शुभारंभ करते अतिथि।


प्रतिस्पर्धा में शामिल दल।

खबर मन्त्र संवाददाता

▪ 340 अंक प्राप्त कर रंजीत दल बनी ओवरऑल चैंपियन, नेहरू दल को द्वितीय स्थान

चंदवा। स्थानीय ख्रीस्त राजा विद्यालय प्रांगण में गत एक सप्ताह से चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा का समापन शनिवार को हो गया। बतौर मुख्य अतिथि चंदवा पश्चमी मुखिया संगीता लकड़ा ने खेल का प्रतीक ध्वज फहरा कर फाइनल राउंड का शुभारंभ किया। इसके उपरांत शिवजी दल, नेहरू दल, प्रताप दल व रंजीत दल में विभाजित विद्यालय के विद्यार्थियों ने मशाल दौड़ व मार्च पास्ट कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा अनुशासन की शपथ ली व म्यूजिकल नृत्य प्रस्तुत की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात बालक व बालिका दोनो वर्ग में 100, 200, 400 मीटर दौड़, झंडा रेस, बाधा रेस, बैलून रेस, रिले रेस, रस्सा-कस्सी, गोला फेक, लोंग जम्प, हाई जम्प, ड्रिल प्रतियोगिता समेत कई स्पर्धा आयोजित किये गए, साथ ही कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथियों एवं विद्यालय के शिक्षकों के बीच भी कई मनोरंजक प्रतिस्पर्धा आयोजित हुई।

**340 अंक प्राप्त कर रंजीत दल बनी ओवरऑल चैंपियन**

वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा में रंजीत दल सर्वाधिक 340 अंक प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन रही, वहीं 319 अंक प्राप्त कर नेहरू दल द्वितीय, 271 अंक प्राप्त कर शिवाजी दल तृतीय व 233 अंक प्राप्त कर प्रताप दल चौथे पायदान पर रही। जिन्हें समापन के मौके पर मौजूद अतिथि मुखिया संगीता लकड़ा, फुलजेन्सिया टोप्पो, रंजीत उरांव, विद्यालय के फादर जोसेफ एक्का, फादर मार्सेल केरकेट्टा, फादर फबयानुस सिंदुरिया ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए फादर जोसेफ एक्का व अतिथियों ने कहा कि विद्यार्थियों के पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल प्रतिस्पर्धा बेहद जरूरी है। नियमित रूप से विभिन्न खेल गतिविधियों में शामिल होने से बच्चों में अनुशासन की भावना, टीम वर्क एवं नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति के लोगों ने अहम योगदान दिया। मौके पर सैकड़ो संख्या में विद्यार्थी समिति अभिभावक भी मौजूद थे।

## न्यायोचित मांगों के समर्थन में कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन शुरू


आंदोलन करते फेडरेशन के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉई फेडरेशन के तत्वाधान में राज्य के सरकारी कर्मचारियों के हितार्थ ज्वलंत मांगों को लेकर प्रदेश कमिटी के आहवान पर जिला कमिटी लातेहार के नेतृत्व में जिले के सभी प्रखंडों में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई। हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों के ज्वलंत एवं न्याय उचित मांग से सरकार को अवगत कराने हेतु सामूहिक ज्ञापन सौंपना है। इस निमित फेडरेशन के द्वारा प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक के चरणबद्ध कार्यक्रम का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। संगठन के द्वारा वर्तमान सरकार के समक्ष अपने चार्टर्ड ऑफ डिमांड के प्राथमिक मांगों को रखा गया है। जिसमें शिक्षक संवर्ग को अन्य राज्य कर्मियों की भांति एमएसीपी का लाभ प्रदान करना, राज्य कर्मियों के सेवानिवृति की उम्र को 62 वर्ष करना एवं केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भता का लाभ देना प्रमुख है। मौके पर जिलाध्यक्ष हिरा प्रसाद यादव, जिला महासचिव प्रदीप कुमार सिंह, महिला विंग की तृप्ति भारती, नरेंद्र कुमार पांडे संतोष पासवान मनीष कुमार आनंद प्रकाश दशरथ सिंह सौम्या शर्मा दिव्या कुमारी प्रशांत कुमार अर्चना कुमारी अनीश कुमार सिंह संजीव कुमार चंद्र सुजाता कुमारी दिलीप कुमार सिंह निलेश कुमार संतोष कुमार पांडे विकास शर्मा प्रमोद कुमार द्वारिका राम मनीष कुमार तिर्की अब्दुल वारिस निखिल कुमार नरेश पासवान सुबरदानी केरकेट्टा अभय कुमार यादव अशोक सिंह उमेश कुमार उजाला सुरेश उरांव राजेश कुमार नीरज कुमार अनु कुमार रवि मोहम्मद शमी महेंद्र प्रजापति सहित कई कर्मचारी शिक्षक शामिल थे।

## बनहरदी कोल परियोजना प्रभावितों के जमीन संबंधी समस्याओं के निराकरण को लेकर हुई ग्राम सभा


ग्राम सभा में समस्या सुनने सीओ व मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

▪ ग्रामीणों ने रखी जमीन संबंधी त्रुटियों की समस्या, सीओ ने दिया निदान का भरोसा

**चंदवा।** बनहरदी कोल परियोजना क्षेत्र में प्रभावित हो रहे रैयतों की भूमि संबंधी समस्याओं के निष्पादन को लेकर शानिवार को बनहरदी पंचायत अंतर्गत उमवि डड़ैया में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा मे अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, राजस्व कर्मचारी जनेश्वर राम व कंपनी के अधिकारी समेत डड़ैया गांव के दर्जनो ग्रामीण व रैयत मौजूद थे। सभा के दौरान अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों से बारी-बारी से जमीन संबंधित मुद्दों एवं समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी जमीन संबंधित समस्याओं को रखा कहा कि ज्यादातर रैयतों का जमीन इधर का उधर हो गया है, रकबा गड़बड़ी, रैयती जमीन भी जीएम लैंड दिखा रहा है। पहले प्रशासन इन मुद्दों पर बात व सुधार करें तब कोई बात होगी। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने कहा कि आप सभी के समस्याओं के निराकरण निकले इसके प्रशासन प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीणों को भरोसा देते हुए कहा कि जिनका भी जमीन के दस्तावेजों में गड़बड़ी हुई हो, गैर मजरुआ हो गयी हो या फिर रकबा में त्रुटि हो वे नया पुराना खाता, प्लॉट व नया पुराना नक्शा जमा करें जिन जिन की समस्याओं का निराकरण अंचल स्तर पर हो सकता है उनका निराकरण अंचल स्तर पर कर दिया जाएगा, बाकी जिन समस्याओं का निराकरण वरीय अधिकारी या फिर न्यायालय के माध्यम से होगा, इसके लिए भी पहल किया जाएगा। मौके पर ग्राम प्रधान सुरेश गंझू, मुखिया रमेश उरांव, पंसस मनोहर भगत, गंगाधर टाना भगत, रामचंद्र यादव, पीवीयूएनएल के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत

### भाजपायों ने कहा दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के मंसूबे को नकारा

खबर मन्त्र संवाददाता


अमित कुमार।


राजेन्द्र यादव।


रविराज।

**चंदवा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम शनिवार को चुनाव आयोग के द्वारा जारी कर दिया गया। इस बार के चुनाव में दिल्ली की जनता ने वर्तमान सत्ताधारी दल आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल करते हुए भाजपा को प्रचंड बहुमत दिया। मतगणना शुरू होने के बाद शुरूआती रुझान में भाजपा ने जो बढ़त बनायी वह अंतिम राउंड तक जारी रही व 70 से 47 सीटें भाजपा के खाते में आ गयी जबकि एक सीट पर बड़ी बघत कायम थी वही लगभग 3 बार दिल्ली की सत्ता में काबिज रही आम आदमी पार्टी महज 22 सीटों पर ही सिमट गई, जबकि राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला। इधर दिल्ली चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर चंदवा में भाजपा कार्यकर्ता भी उत्साहित नजर आए। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने जीत पर दिल्ली की जनता को आभार जताते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल के प्रलोभन वाली राजनीति को नकार कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल को स्वीकार किया है। इस चुनाव में राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ-साथ दिल्ली के भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने पूरी मेहनत और ताकत झोंकी थी जिसका परिणाम आज सबके सामने है। आने वाला समय दिल्ली की जनता के लिए ऐतिहासिक होने वाली है। वहीं दिल्ली में बीजेपी की जीत पर भाजपा नेता रविराज ने कहा कि झूठ की गंदी राजनीति का पतन होना जरूरी था। दिल्ली के लोगों को नरक से आजादी मिलेगी। अब दिल्ली के लोगों को पता लगेगा कि राजधानी कैसी होनी चाहिए। रविराज ने आगे कहा कि कहा कि पीएम मोदी की कथनी और करनी में अंतर नहीं हैं। दिल्ली के लोगों को अच्छी जिंदगी, अच्छी हवा, पानी के लिए तरसना नहीं पड़ेगा। वहीं सिसोदिया और केजरीवाल के हारने पर कहा कि इनका ये हस्र होना ही था,इन लोगों के खिलाफ जनता में आक्रोश था। पीएम मोदी ने गारंटी ली, तब पता चला लोगों को कि उनके साथ शोषण, छल, भ्रष्टाचार हुआ है। यह रिजल्ट आने वाले समय में झारखंड की राजनीति को भी प्रभावित करेगा। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी व केजरीवाल के हर छल व परपंच को नकार दिया है। आप पार्टी दो पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व मनिष सिसोदिया की हार व यह परिणाम दिल्ली की सत्ता में तीन बार काबिज रहने वाले आम आदमी पार्टी के पतन की शरुआत है।

## डीएवी लातेहार में सत्र 2025-26 के लिए नये नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नए नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा 09 फरवरी, दिन रविवार को तय किया गया है। जिसमें नर्सरी से कक्षा 6 तक के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित किया जाएगा। विद्यालय के एडमिशन इंचार्ज सूरज मिश्रा ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि प्रवेश परीक्षा वर्तमान में चल रहे जलता स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार में सुबह 9:00 बजे से 12:00 बजे तक होगा। प्रवेश परीक्षा के लिए अभिभावक विद्यालय कार्यालय से तीन सौ रुपये में पंजीयन पत्र खरीद कर अपने बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड के साथ विद्यालय में लिखित एवं मौखिक प्रवेश परीक्षा में बच्चों को शामिल करा सकते हैं । विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने बताया कि डीएवी पब्लिक स्कूल अब यथाशीघ्र अपने दूसरे भवन जो कि बाजार टांड़, शिव मंदिर के नजदीक स्थित है उसमें छोटे बच्चों को सुविधा देने हेतु नये सत्र में कक्षाओं को संचालित करेगा । जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 5 तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। विद्यालय के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज सुशील कुमार दुबे ने जानकारी दी कि नए सत्र में बच्चों को यातायात की सुविधा देने हेतु विद्यालय और भी कई नई बस एवं छोटे वाहनों का क्रय करने का निर्णय लिया है।

## झामुमों नेताओं ने चलाया सदस्यता अभियान

▪ पार्टी की विचारधारा और नीतियों से काफी प्रभावित है ग्रामीण : अफजल अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता


सदस्यता अभियान चलाते झामुमो नेतागण।

**बरवाडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने संगठन को मजबूत करने और नए सदस्यों को जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चला रही है। इस अभियान का उद्देश्य पार्टी की विचारधारा और नीतियों को लोगों के बीच फैलाना और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना है। उक्त बातें पार्टी के बरवाडीह प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने कही। श्री अंसारी शनिवार को बेतला और पोखरीकला पंचायत में आहूत सदस्यता अभियान में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान के माध्यम से संगठन के आधार को मजबूत करने और नए विचारों को शामिल करने का काम किया जा रहा हैं। इस दौरान सैकड़ों लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। वहीं दूसरी ओर पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि भूषण तिवारी के नेतृत्व में पोखरी कला पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया गया। श्री तिवारी ने कहा कि प्रखंड के सभी ग्राम में सदस्यता अभियान चलाते हुए झारखंड सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीण जनता को बताया जा रहा है। इसके साथ ही, पार्टी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी उपयोग किया है, ताकि लोग ऑनलाइन भी सदस्यता ले सकें। इस मौके पर महबूब आलम, उप मुखिया सुल्तान अहमद, बाबूराम सिंह, राजेंद्र भुइयां, मकसूद आलम और अरुण सिंह समेत पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष ने दिल्ली में जीत दर्ज होने पर दी बधाई



**चंदवा।** चंदवा भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष रिकी वर्मा ने प्रखंड वासियों को बधाई दी। कहा की दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचंड जीत पर दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के खोखली गारंटी को ठुकराया है भाजपा की नीतियों पर विश्वास जताया है यह जीत पीएम मोदी के सुशासन पारदर्शिता और विकास की नीतियों पर जनता की मोहर है। लंबे समय बाद दिल्ली में भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन मिला है जो यह साबित करता है कि जनता अब भ्रष्टाचार और वादा खिलाफी की राजनीति को नकार चुकी है।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31वां वार्षिकोत्सव कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में शामिल लोग।

**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार के 31 वें वार्षिकोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ आठ फरवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। मंदिर परिसर से प्रातः नौ बजे कलश यात्रा निकाली गयी। मौके पर बतौर मुख्य यजमान संतोष कुमार (पिंटू) सपत्नीक मौजूद थे। इस मौके पर पंडित त्रिभुवन पांडेय व रामेश्वर पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हो कर थाना चौक पहुंची। इसके बाद शहर के मुख्य पथ होते हुए काली मंदिर मोड़ पहुंची। इसके बाद कलश यात्रा पुनः मुख्य पथ होते हुए मानस पथ पहुंची। इसके बाद बाइपास चौक होते हुए चटनाही स्थित औरंगा नदी छठ घाट पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों मे में जल भरा गया। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने जय माता दी का जयघोष किया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यहां आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। कलश यात्रा में मां दुर्गा की प्रतीकात्मक प्रतिमा बनायी गयी थी। मौके पर संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहु, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (भोला), उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ,ओमप्रकाश गुप्ता (राजू), चंद्रशेखर सिन्हा, पंकज पांडेय, उज्जवल साहू, दीपू प्रसाद, निर्मल महलका, प्रदीप प्रसाद, सतीष प्रसाद, पंकज प्रसाद गुप्ता, राजू प्रसाद, आकाश कुमार जायसवाल, विजेंद्र दास, रंधीर प्रजापति, श्रवण दास, कुंदन प्रजापति, वीरनाथ आदि मौजूद थे।

**नौ फरवरी को की जायेगी दुर्गा सप्तशति का पाठ**

कलश यात्रा के बाद नौ फरवरी को कलशों की स्थापना कर पुजारी त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य में दुर्गासप्तशती का पाठ किया जायेगा। पाठ के बाद हवन व पुणार्हुति की जायेगी। इस मौके पर लोगों से भाग लेने की अपील की गयी है।

**10 फरवरी को होगा भंडारा व भगवती जागरण**

10 फरवरी की अपराह्न 12 बजे नौ कन्या पूजन की जायेगी। इसके बाद भंडारा का शुभारंभ किया जायेगा। आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि मंदिर समिति के द्वारा 10 से 12 हजार श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जा रही है। भंडारा अपराह्न 4:30 बजे तक चलेगा। इसके बाद समिति के द्वारा संध्या सात बजे महा आरती की जायेगी। रात्रि आठ बजे से नव दुर्गा जागरण मंडली, झारखंड के द्वारा मंदिर परिसर में भगवती जागरण किया जायेगा. तारा रानी की कथा के साथ जागरण का समापन होगा। 11 फरवरी को माता की प्रतीकात्मक प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा।

**आलोक मोहन सेवा स्मृति आश्रम ने की पेयजल की व्यवस्था**

कलश यात्रा के दौरान शहर के अमवाटीकर मोड़ पर आलोक मोहन सेवा स्मृति आश्रम के द्वारा कलशधारियों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गयी थी। इस मौके पर संस्थान के संयोजक श्याम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मनोज विश्वकर्मा समेंत कई लोग मौजूद थे। बता दें कि संस्थान के द्वारा प्रति वर्ष कलशधारियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की जाती है। इसके अलावा मानस पथ में दीपक स्टील प्रतिष्ठान के द्वारा भी शीतल पेयजल की व्यवस्था कलशधारियों के लिए की गयी थी।

## 15 वें वित्त से संचालित विकास योजनाओं की हुयी समीक्षा


समीक्षा बैठक में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय सभागर में 15 वें वित आयोग से संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बीडीओ चंदन प्रसाद ने मुखिया व पंचायत सचिवों से संचालित योजनाओं की जानकारी ली। सभी पंचायत कर्मियों को पंचायत सचिवालय में आनलाइन बायोमेट्रिक, संचालित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने व राशि के अनुरूप शत-प्रतिशत योजनाओं का क्रियान्वयन करने की बात कही। वीएलई की उपस्थिति को अनिवार्य बताया। पारिवारिक लाभ पर कार्य करने के अलावा कई दिशा-निर्देश दिए। बैठक मे मौजूद विभिन्न पंचायतों के मुखिया ने जनप्रतिनिधि होने और अपनी समस्याओं की जानकारी दी।

मौके पर रितेश कुमार फुलजेंसिया टोप्पो, रंजीता एक्का, संगीता लकड़ा, सुनीता खलखो, ललिता देवी रोबेन उरांव, सुखनारायण सिंह, अनिता समेत अन्य पंचायतों के मुखिया व पंचायत सचिव मौजूद थे।

# बेरमो : 22 फरवरी को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत को लेकर बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/तेनुघाट।** सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज बोकारो के निर्देश पर 22 फरवरी को होने वाले चेक बाउंस को लेकर स्पेशल लोक अदालत को लेकर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। बताते चलें कि स्पेशल लोक अदालत की सफलता को लेकर के लिए व्यवहार न्यायालय के कुटुंब न्यायालय बोकारो अरविंद कुमार की अगुवाई में अनुमंडल के पुलिस प्रशासन के साथ उक्त बैठक की गई। जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने बताया कि 22 तारीख को होने वाले स्पेशल लोक अदालत जो चेक बाउंस के मामले के लिए हो रहा है। उस मामले में जो भी नोटिस जारी किया जा रहा है उस पर त्वरित कार्रवाई करें ताकि मामले का निष्पादन हो सके। एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने स्वागत भाषण और मंच संचालन देते हुए उपस्थित प्रशासन के अधिकारियों को बताया कि 22 फरवरी को चेक बाउंस को लेकर स्पेशल लोक अदालत लगाया जा रहा है। इस मामले के जो भी नोटिस या वारंट न्यायालय से भेजा जाएगा उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति तक पहुंचाया जाए ताकि मामले का निष्पादन किया जा सके। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने बताया कि इससे पहले भी चेक बाउंस के स्पेशल लोक अदालत में मामलों का निष्पादन करने में प्रशासन ने अहम भूमिका निभाई थी और आज भी अहम भूमिका निभा कर मामले का निष्पादन करने में मदद करेंगे। इस अवसर पर कथारा ओपी प्रभारी राजेश कुमार, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार, भागीरथ महतो, मनोज कुमार, राजेश सिंह, उज्ज्वल कुमार सहित दीपक कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, पूर्णेन्दु शेखर, सुजय आनंद, कृष्णा रजक उपासी कुमारी वीणा देवी अतिशय कुमार आदि उपस्थित थे।

# बोकारो को फाइलेरिया मुक्त बनाने को प्रशासन है कृतसंकल्पित : सिविल सर्जन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीसी की अध्यक्षता में विगत दिनों मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन 2025 की सफलता को लेकर संपन्न बैठक में लिए गए निर्णय व विभागीय निर्देश के आलोक में जिले की कुल 2370811 लक्षित जनसंख्या को 10 फरवरी को एमडीए कार्यक्रम के उद्घाटन पश्चात कुल 2246 बूथों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों स्कूलों स्वास्थ्य उपकेंद्रों तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों पर फाइलेरिया रोधक डीईसी व एल्बेंडाजोल दवा सेवन कराया जायेगा। तत्पश्चात शहरी एवं ग्रामीण क्षेतों में घर-घर जाकर 11 से 25 फरवरी तक उचित चिकित्सीय मानक के अनुसार इस दवा का सेवन कराया जायेगा। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रचार-प्रसार हेतु सामग्री-संसाधन उपलब्ध करा दिया गया है तथा ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार का दिशा निर्देश दे दिया गया है। जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस सम्बन्ध में स्कूलों में जागरूकता हेतु विशेष रूप से आवश्यक दिशा निर्देश दे दिया गया है।

सिविल सर्जन अभय भूषण प्रसाद ने एक प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गंदे पानी में पाए जाने वाले मच्छर के काटने से होने वाली इस बीमारी को इस दवा के सेवन से रोका जा सकता है। पुरे जिले में इस बीमारी के कुल सात स्टेज में से अलग-अलग स्टेज से पीड़ित कुल लगभग 2081 मरीज हैं।

उक्त कार्यक्रम की देखरेख हेतु 237 प्रयवेक्षक की तैनाती की बात बताते हुए उन्होंने आम जनता से जागरूक रहते हुए सहयोग की अपील की ताकि बोकारो को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

## एक नजर में

### बोकारो : वेदांता इएसएल के हाइवा से चालक विवेक हाजरा की हुई मौत

**बोकारो।** बोकारो जिलान्तर्गत बाधाडीह के निकट हाईवा की चपेट में आने से चालक विवेक कुमार हाजरा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक वेदांता ईएसएल के अधिकारियों की सेवा में बोलेरो चलाता था। कंपनी के अधिकारी को उनके घर छोड़कर वापस अपने घर लौटते समय रात 10 बजे बाधाडीह के निकट वेदांता ईएसएल लिमिटेड कंपनी के कार्य में संलग्न हाईवा के साथ हुई भयंकर टक्कर उसके मौत का कारण बनी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग इकट्ठे हुए और उचित मुआवजा एवं नियोजन की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही जेएलकेएम के विधायक जयराम महतो मौके पर पहुंचे और पीड़ित के परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने फोन पर कंपनी के अधिकारियों एवं प्रशासन से बात की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से बोकारो उपायुक्त से भी बात हुई है। महतो ने कंपनी द्वारा पीड़ित परिवार को समुचित मुआवजा एवं मृतक के पत्नी को कंपनी में नियोजन देने की मांग की है। हांलाकि समाचार लिखे जाने तक कंपनी की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया या आश्वासन की सूचना नहीं है।

## पेज एक का शेष

### 27 साल बाद...

इन दोनों सीटों पर कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। कांग्रेस ने नयी दिल्ली से संदीप दीक्षित तथा कालकाजी सीट पर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा को चुनाव मैदान में उतारा था। केजरीवाल ने हार स्वीकारते हुए कहा कि जनता ने जो निर्णय दिया उसे वह विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा, आशा के साथ लोगों ने भाजपा को बहुमत दिया है वह उन सभी उम्मीदों और आशाओं पर खरा उतरेगी। मुख्यमंत्री आतिशी ने जनादेश स्वीकार करते हुए कहा है कि वह जीत अवश्य गयीं हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी का संघर्ष दिल्ली की जनता के लिए जारी रहेगा। भाजपा नेताओं ने इस जीत का श्रेय पीएम मोदी के नेतृत्व को दिया और कहा, मोदी पर यह जनता के विश्वास का प्रतीक है। श्री मोदी ने जीत को विकास एवं सुशासन की जीत करार दिया और कहा कि वह दिल्ली के चहुंमुखी विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

### जिसने भी लूटा...

जिसने भी दिल ली को लूटा उसे लौटाना पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है। जनता ने एक बार फिर कांग्रेस को बड़ा कड़ा संदेश दिया है, जीरो की डबल हैट्रिक लगायी है। दिल्ली विस चुनाव में हुई प्रचंड जीत पर पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि दिल्ली के लोगों के मन में उत्साह और राहत है। जीत का उत्साह और राहत दिल्ली को आप-दा मुक्त बनाने का। मैं सिर झुकाकर दिल्ली के लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद देता हूं। आज देश में तुष्टिकरण नहीं, भाजपा की संतुष्टिकरण की नीति को चुना जा रहा है।

**जीत मिली, नम्रता नहीं छोड़ना है :** पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा, हमें हमेशा जब जब विजय मिली, अपने नम्रता, विनय को छोड़ना नहीं है। हम सत्ता सुख के लिए नहीं, सेवा भाव से आए लोग हैं। इस अवसर को सेवा के लिए ही खपा देंगे। दिल्ली-एनसीआर के विकास के जो सपने संजोये, उसको परिपूर्ण करें।

**आंडबर, अराजकता और अहंकार की हार :** पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने दिल खोलकर प्यार दिया। दिल्ली के लोगों का यह प्यार और विश्वास हम पर कर्ज है। इसे अब दिल्ली की डबल इंजन सरकार तेजी से विकास करके चुकायेगी। आज की यह ऐतहासिक विजय सामान्य विजय नहीं है। दिल्ली के लोगों ने आप-दा को बाहर कर दिया। एक दशक की आपदा से दिल्ली मुक्त हुई। दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत हुई। आंडबर, अराजकता, अहंकार और आप-दा की हार हुई है।

### कृषि सबसे अहम...

**कृषि हित में बीएयू की अहम भूमिका :** सीएम ने कहा कि राज्य में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय 45 साल से किसानों के उत्थान के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इस संस्थान द्वारा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में काबिल बनाया जा रहा है। यहां से डिग्री प्राप्त कर कई छात्र-छात्राओं ने देश और दुनिया में आज किसानों को बेहतर मार्गदर्शन दे रहे हैं। विश्वविद्यालय में एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, फॉरेस्ट एवं रिसर्च के क्षेत्र में समावेशी शिक्षा प्रदान की जा रही है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए एक बेहतर और मजबूत कार्य योजना बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सभी जिलों में किसान पाठशाला स्थापित की जाएगी, जहां किसान भाई बंधु खेती की आधुनिक तकनीक, पशुपालन, मछली पालन सहित अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी एवं प्रशिक्षण लेंगे।

### प्रवेश वर्मा आप...

इसके बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रवेश वर्मा ने पश्चिमी दिल्ली सीट से चुनाव में सफलता प्राप्त की। एक बार फिर अपने प्रदर्शन को दोहराते हुए उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में भी जीत प्राप्त की। यह जीत इस लिहाज से बड़ी थी कि उन्होंने कांग्रेस के महाबल मिश्रा को 5.78 लाख के वोटों के अंतर से करारी शिकस्त दी। 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रवेश वर्मा को भाजपा ने नयी दिल्ली सीट से आप के अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के संदीप दीक्षित जैसे नेता के खिलाफ मैदान में उतारा। प्रवेश वर्मा ने सारे दावों की हवा निकाल दी, अरविंद केजरीवाल को हरा कर आप को तगड़ा झटका भी दिया।

**सुर्खियों में कई बयान :** प्रवेश वर्मा की बात करें तो राजनीति में उनके बयान भी सुर्खियां बटोर चुके हैं। अपने तीखे बयान को लेकर प्रवेश वर्मा कई बार विपक्ष के निशाने पर रहे हैं। नागरिक संशोधन कानून, दिल्ली में छठ पूजा, यमुना की सफाई से लेकर दिल्ली की जनता की परेशानियों से जुड़े मुद्दे को उठाकर प्रवेश वर्मा लगातार आप पर हमलावर रहे हैं। अब, प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल को हराकर दिल्ली के सियासी इतिहास में अपना नाम हमेशा के लिए अंकित करा दिया है।

### समय पर पहचान नहीं ...

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य अत्याधुनिक उपचार और बहु-विषयक दृष्टिकोण के माध्यम से मरीजों को सर्वोत्तम एओर्टिक स्वास्थ्य बनाए रखने और गंभीर जटिलताओं को रोकने के तरीकों पर प्रकाश डालना था। इस दौरान उन्होंने भारत में एओर्टिक रोगों की बढ़ती घटनाओं पर प्रकाश डाला। इनमें वाल्व संकीर्णता, एओर्टिक डिसेक्शन, डाइलेटेशन (एन्यूरिज्म), और रप्चर जैसी समस्याएं शामिल हैं।

**उन्नत उपचार की दी जानकारी :** डॉ कपूर ने अस्पताल में उपलब्ध उन्नत उपचार विकल्पों के बारे में बताया। इनमें रूट रिप्लेसमेंट प्रक्रियाएं शामिल हैं, जैसे बेंटल और डेविड तकनीक द्वारा एओर्टिक रूट के डाइलेशन (फैलाव) का उपचार। आपातकालीन हस्तक्षेपों में फ्रोजन एलीफेंट ट्रंक प्रक्रिया, ब्रांच फर्स्ट एओर्टिक आर्च रिप्लेसमेंट, हेमीआर्च रिप्लेसमेंट और एओर्टिक डिसेक्शन के लिए इंटरपोज़िशन ग्राफ्ट शामिल हैं। नारायणा हेल्थ के ग्रुप सीओओ आर वेंकटेश ने कहा प्रारंभिक निदान और समय पर हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करके, हम अपने मरीजों को संपूर्ण रूप से स्वस्थ जीवन जीने का सर्वोत्तम अवसर प्रदान करते हैं।

**जन-जागरूकता जरूरी :** नारायणा हॉस्पिटल आरएन टैगोर हॉस्पिटल और कॉर्पोरेट ग्रोथ इनिशिएटिव्स (पूर्वी भारत) के निदेशक अभिजीत सीपी ने कहा कि एओर्टिक रोगों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। हमारा अस्पताल बहु-विषयक दृष्टिकोण के साथ संपूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग का पारिवारिक इतिहास और धूम्रपान जैसे जोखिम कारकों के कारण प्रारंभिक स्क्रीनिंग की गयी।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : ड्यूटी से लौट रहे सीसीएल कर्मी की बाइक दुर्घटना में मौत



बेरमो/ड्यूटी कर अपने घर लौट रहे सीसीएल कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। ट्रेड यूनियन नेताओं तथा मृतक के परिजनों के दबाव के बाद घटना के दूसरे दिन प्रबंधन ने मृतक के पुत्र को नियुक्ति पत्र सौंपा, उसके बाद शव को पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक मजदूर बोकारो जिला के सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोबिंदपुर परियोजना का 55 वर्षीय भुनेश्वर यादव बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बीते 6 फरवरी को गोबिंदपुर परियोजना के केटेगरी वन मजदूर भुनेश्वर यादव फर्स्ट शिफ्ट ड्यूटी करने के बाद बाइक से अपने निवास स्थान पेटरवार प्रखंड के हद में घरवाटांड़ जा रहा था। इस दौरान वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे कथारा क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन तथा विभिन्न ट्रेड यूनियन नेता अस्पताल पहुंचे तथा मृतक के पुत्र को नियोजित करने को लेकर प्रबंधन पर दबाव बनाया। इसके बाद दूसरे दिन 7 फरवरी की संध्या सीसीएल कथारा क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा प्रोविजनल जॉइनिंग लेटर मृतक के छोटे पुत्र संदीप कुमार यादव को कार्मिक प्रबंधक गुरु प्रसाद मंडल द्वारा दिया गया। इस अवसर पर यूनियन प्रतिनिधियों में राकोमय कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, जनता मजदूर संघ क्षेत्रीय सचिव कमोद प्रसाद, श्रमिक संघ प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, शमशुल हक, राजू स्वामी, रंजय कुमार सिंह, दयाल यादव, मथुरा सिंह यादव आदि उपस्थित थे।

### सलाखों के पीछे पहुंचा दुष्कर्म का आरोपी

बेरमो। बीते पांच फरवरी को बोकारो जिला के तेनुघाट डैम घूमने आई युवती के साथ 42 वर्षीय युवक व दो अन्य युवकों द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कथारा ओपी क्षेत्र के झिरकी रहिवासी इमरान अंसारी को दुष्कर्म के आरोप में पकड़कर सलाखों के पीछे भेज दिया। जानकारी के अनुसार तेनु डैम घुमने आयी दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों ने तेनुघाट ओपी में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। ओपी प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि जांच पड़ताल के दौरान एक आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ओपी प्रभारी के अनुसार मामले में अनुसंधान चल रहा है। इस मामले में जो भी आरोपी है, उसे भी पकड़ कर जल्द जेल भेजा जाएगा।

### दुमका : अवैध चिप्स ले जाते वाहन पकड़ाया



दुमका। डीसी आंजनेयुलू दोड्डे निर्देश के आलोक में डीएमओ आनंद कुमार के निर्देश पर शिकारीपाड़ा में अवैध तरीके से पत्थर चिप्स ले जाते खान निरीक्षक ब्रह्मदेव यादव के द्वारा वाहन पकड़ा गया है। आनंद कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि अवैध पत्थर का ढुलाई किया जा रहा है जिसको लेकर खान निरीक्षक के द्वारा शनिवार को शिकारी पड़ा में छापेमारी की गई जहां वाहन पर पत्थर चिप्स ले जाते पाया गया। जब वाहन चालक से कागजात की मांग की गई तो चालक द्वारा कोई भी कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया जिसके बाद वाहन को 700 सीएफटी चिप्स के साथ जप्त करते हुए थाना के सुपुर्द कर दिया गया। डीएमओ ने कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध कारोबार का धंधा नहीं होने दिया जाएगा।

# दुमका जिले में मैट्रिक की परीक्षा के लिए 62 केंद्र, इंटरमीडिएट के लिए 39 केंद्र

## मैट्रिक में 14888 परीक्षार्थी एवं इंटरमीडिएट में 11043 परीक्षार्थी होंगे शामिल, परीक्षा 11 फरवरी से



बैठक करते डीसी आंजनेयुलु दोड्डे व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। बैठक में डीसी ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए।

औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाये गये तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा परीक्षा के लिये प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करायें। डीसी ने केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने परीक्षा केंद्रों में ससमय प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया।

**प्रथम पाली में माध्यमिक व द्वितीय पाली में होगी इंटरमीडिएट परीक्षा**

माध्यमिक परीक्षा-2025 की परीक्षा सुबह 9.45 बजे से दोहर से 1 बजे अपराह्न तक होगी और इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5: 15 बजे तक आयोजित होगी। ज्ञातव्य हो कि माध्यमिक परीक्षा 11 फरवरी से 03 मार्च तक आयोजित होगी। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा 11 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होगी।

इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा के लिए दुमका जिला में कुल 62 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें कुल 14888 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए कुल 39 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। जिसमें कुल 11043 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### दिल्ली में भाजपा की जीत पर फुसरो में मनाया गया जश्न



**बेरमो/फुसरो।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर फुसरो में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बैभव चौरसिया के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। लोगो ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया एवं आतिशबाजी की। चौरसिया ने कहा कि 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। अब रामराज आयेगा एवं करप्शन मुक्त दिल्ली होगा। कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिना भेदभाव जो विकास कार्य हुए हैं, यह जीत उसी का परिणाम है। मौके पर भाजपा नेता सह फुसरो नप के निवर्तमान पार्षद भरत बर्मा, युवा व्यवसायी संघ फुसरो के सचिव बैजू मालाकार सहित नवीन पांडेय, शंकर गोयल, अजय गिरी, कन्हैया कुमार, मिथलेश कुमार, सतीश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# ढोरी जीएम ने कोयला उत्पादन में राकोमयू से मांगा सहयोग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** हिंद श्रमिक संबद्ध सभा से राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन ढ़ोरी क्षेत्र के नयी कमिटि के प्रतिनिधियो ने ढ़ोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय सिन्हा से कार्यालय में शनिवार को शिष्टाचार मुलाकात की। एरिया सचिव महारुद्र सिंह ने क्षेत्र में बढती प्रदूषण, क्वार्टर मरम्मत, प्रोमोशन, सेफ्टी उपकरण का वितरण, कोयला उत्पादन आदि समस्याओ से महाप्रबंधक को अवगत कराया। जीएम सिंहा ने कहा कि खदान के विस्तार में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए यूनियन के लोगों के साथ मिलकर काम करना है। कोयला उत्पादन बढ़ेगा तो ढोरी क्षेत्र सहित आस-पास के लोगो का विकास होगा। जीएम ने यूनियन प्रतिनिधियो से कोयला उत्पादन मे सहयोग मांगा। जीएम सिन्हा ने कहा कि सुरक्षित कोयला उत्पादन मे यूनियन प्रतिनिधियो से राय ली जाएगी। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र चौहान, उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद, अभिषेक शर्मा व रविंद्र साहनी, एरिया सेक्रेटरी महारूद्र सिंह, सह सचिव अनिल मोदी, संगठन मंत्री चंदन चौहान सहित पवन मिश्रा, अभिजित बाउरी, उमाशंकर आदि उपस्थित थे।

# आदिवासी पहचान अस्मिता व अस्तित्व संरक्षण को लेकर सशक्त मंच : मार्टिन

## संवैधानिक प्रदत कानूनी कार्यशाला का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जोहार सभागार में संवैधानिक प्रदत आदिवासियों के हक अधिकार, कानूनी अधिकार और पारम्परिक स्वशासन व्यवस्था पर चर्चा हुई। कार्यक्रम हॉपमैन लॉ एसोसिएट मनरेसा, रांची लीगल एड सेंटर जोहार और जोहार मानव संसाधन विकास, केंद्र जोहार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुई। लीगल एड सेंटर जोहार के कोऑर्डिनेटर और अधिवक्ता फा. मनु बेसरा के संवैधानिक प्रदत कानूनी कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में जानकारी दिया। फा. सोलोमन ने आदिवासियों की संघर्षगाथा को साझा करते हुए कहा कि जो आदिवासियों को संवैधानिक प्रदत पेसा 1996, संताल परगना काश्तकारी अधिनियम 1949 हूल जैसे कई अधिकार पूर्वजों के जनसंघर्ष के परिणाम से ही मिला है। उन्होंने पेसा की पृष्ठिभूमि, कानूनी प्रावधान और झारखंड पंचायती राज्य अधिनियम 2001 के अंतर के बारे में बहुत सरल तरीके से साझा किया। इस अवसर पर मनरेसा, रांची के डायरेक्टर पीटर मार्टिन ने पेसा कानून 1996, झारखंड पंचायती राज्य अधिनियम 2001, संताल परगना काश्तकारी अधिनियम 1949, आदिवासियों की पारम्परिक स्वशासन व्यवस्था के संदर्भ में अपने कार्यों अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एरिया में आदिवासियों स्वशासन प्रशासन, संरक्षण व संवर्धन संचालन करने के लिए पांचवीं अनुसूची, पेसा कानून 1996, वन अधिकार कानून 2006, 2008, छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908, संताल परगना काश्तकारी अधिनियम 1949 जैसे कई सुरक्षा कवच उपलब्ध है। सिविल कोर्ट रांची के अधिवक्ता नेलान टोपनो ने भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों व कर्तव्य, भारतीय दंड और न्याय संहिता के मूल प्रावधानों के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ता पंकज कुजूर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में मनु बेसरा, मंटू मरांडी, वीडियो पाल, पंकज कुजूर, पीटर हेंब्रम, सालोमी मुर्मू, शीला हांसदा, सुशांतों सोरेन आदि मौजूद रहे।

# डीपीएस बोकारो प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** सीबीएसई एवं भारत सरकार के सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में डीपीएस बोकारो में आयोजित प्रशिक्षकों की संपन्न दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में 60 से अधिक वरिष्ठ शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में सीबीएसई के पटना उत्कृष्टता केन्द्र के प्रमुख रवि प्रकाश एवं अनुभाग अधिकारी राघवेंद्र कुमार रिसोर्स पर्सन के रूप में आईएसटीएम के उप निदेशक प्रमोद कुमार जायसवाल पश्चिम बंगाल सरकार के संयुक्त निदेशक प्रशासन डॉ शुभ्रा ज्योति रे एवं सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल रांची की प्राचार्या डॉ परमजीत कौर उपस्थित रहीं। प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा संवादात्मक सत्र और व्यावहारिक प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा-शास्त्र कौशल-आधारित शिक्षा और नवीनतम शिक्षण रणनीतियों से परिचित कराया। प्रमोद कुमार जायसवाल ने शिक्षकों को जहां प्रभावी शिक्षण पद्धतियों की जानकारी दी वहीं डॉ शुभ्राज्योति रे ने नवाचार एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली से अवगत कराया। डॉ परमजीत कौर ने एनईपी 2020 के मूलभूत सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए नैतिक मूल्यों कला-आधारित शिक्षण अनुभव-आधारित सीखने की पद्धति पर बल दिया। सीओई सीबीएसई पटना क्षेत्र के प्रमुख रवि प्रकाश ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव लाने में सहायक हैं। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सीबीएसई और आईएसटीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए शिक्षण कौशल को सुदृढ़ करने का एक अमूल्य मंच साबित हुआ है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ गंगवार ने सीबीएसई अधिकारियों तथा सभी रिसोर्स पर्सन को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

# गोड्डा में भाजपा ने दिल्ली की प्रचंड जीत पर मनाया जश्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत हुई है,कुल 70 विधानसभा सीटों में लगभग 50 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। इसी मौके पर गोड्डा भाजपा जिला इकाई ने ऐतिहासिक कारगिल चौक पर आपस में गुलाल लगा कर खुशी जाहिर किया। साथ ही जनता के बीच मिठाई बांटते नजर आए चौक का माहौल पटाखों ओर जय श्री राम के नारों से दिवाली मय हो गया। मौके पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजेश भगत, पूर्व महामंत्री कृष्ण कन्हैया, मंडल अध्यक्ष मणिकांत महतो, सुभाष यादव, संजीव टेकरीवाल, जीतू सिंह, अमन गुप्ता, प्रेम कुशवाहा, पप्पू शर्मा, आशीष यादव, अंजन घोष, संतोष भगत आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## जनता का निर्णय सिर माथे पर : केजरीवाल



नयी दिल्ली। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा को दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई देते हुए शनिवार को कहा कि वह जनता का निर्णय विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं और उनका फैसला सिर माथे है। केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली विधानसभा के नतीजे आये हैं। जनता ने जो निर्णय दिया उसे मैं विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि जिस आशा के साथ लोगों ने भाजपा को बहुमत दिया है वह उन सभी उम्मीदों और आशाओं पर खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि हमें पिछले 10 साल में जनता ने जो मौका दिया उसमें बहुत सारे काम किये।

## कुशासन किलर और सुशासन विनर : नकवी

**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव का जनादेश कुशासन किलर, सुशासन विनर है। श्री नकवी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर पत्रकारों से कहा कि जंतर मंतर से शुरू हुई झाड़ू की झांसा यात्रा छूमंतर हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांप्रदायिक छल को समावेशी विकास के बल से ध्वस्त किया है जिसका नतीजा है कि दिल्ली में समाज के सभी वर्गों ने भाजपा को वोट दे कर जुगाड़ के जमघट को जनादेश के पनघट पर चारों खाने चित कर भाजपा को सुशासन के लिए जबर्दस्त जनादेश दिया है।

## जनता के लिए संघर्ष जारी रहेगा: आतिशी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली की जनता का जनादेश स्वीकार करते हुए कहा है कि वह अवश्य जीत गई हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी का संघर्ष दिल्ली की जनता के लिए जारी रहेगा। सुश्री आतिशी ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि कालकाजी विधानसभा की जनता का धन्यवाद करना चाहती हूं कि उन्होंने मेरे ऊपर भरोसा जताया। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को बधाई देना चाहती हूं, जो बाहुबल, गुंडागर्दी, मार पिटाई का सामना करते हुए जमीनी मेहनत कर जनता तक पहुंचे।

## जी भरकर लड़ो आपस में: अब्दुल्ला

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया समूह के घटक नेशनल कांफ्रेंस के नेता एवं जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली विधानसभा चुनाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि और लड़ो आपस में। उन्होंने अपनी पोस्ट के साथ एक छोटा वीडियो - जीआईएफ भी दिया है जिसमें एक ऋषि को दर्शाया गया है जो कह रहे हैं, जी भर कर लड़ो।

## अलास्का में लापता विमान का मलबा मिला, 10 की मौत

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के अलास्का में गुरुवार को लापता विमान का मलबा मिल गया है। विमान में सवार सभी 10 लोगों के शव निकाल लिए गए हैं। यूएस कोस्ट गार्ड ने शुक्रवार को यह घोषणा की। सीएनएन की खबर के अनुसार, टुकड़ों में बंटा यह विमान गंतव्य स्थल नोम से लगभग 34 मील दक्षिण-पूर्व में मिला है। यूएससीजी लेफ्टिनेंट कमांडर माइक सालेर्नो ने बताया कि दो बचाव तैराकों ने तीन शवों को निकाल लिया है। सात अन्य यात्री मलबे के अंदर हैं। मृतकों में अलास्का नेटिव ट्राइबल हेल्थ कंसोर्टियम के दो कर्मचारी रोन बॉमगार्टनर और कामेरोन हार्टविगसन शामिल हैं।

# पूर्वांचली सीटों पर खिला कमल

**एजेंसी**

## दिल्ली का दंगल

- दिल्ली की 15 से ज्यादा सीटों पर यूपी-बिहार-झारखंड के 30 से 50 फीसदी हैं मतदाता
- द्वारका में प्रद्युम्न सिंह राजपूत ने आप के विनय मिश्रा को हराया
- करावल नगर से भाजपा प्रत्याशी कपिल मिश्रा ने 23,355 मतों से जीते




**नयी दिल्ली ।** दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहीं, दिल्ली की सत्ता पर 10 साल से काबिज रही आम आदमी पार्टी (आप) को करारी शिकस्त मिली है। दिल्ली की 15 से ज्यादा ऐसी सीटें हैं, जहां पर यूपी-बिहार-झारखंड के 30 से 50 फीसदी वोटर तक रहते हैं। कहा जाता है कि इन सीटों पर प्रत्याशियों की हार और जीत में इन वोटरों का अहम रोल रहता है।

द्वारका विधानसभा सीट पर 2020 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी विनय मिश्रा ने जीत हासिल की थी। विनय पूर्वांचल क्षेत्र से आते हैं। लेकिन, 2025 के विधानसभा चुनाव में जनता ने विनय मिश्रा को नकार दिया है और भाजपा के प्रद्युम्न सिंह राजपूत को जीत दिलाई है। नरेला विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ने राज करण खत्री ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी शरद कुमार को मात दी है।

मंगोलपुरी विधानसभा सीट पर भाजपा के राजकुमार चौहान ने जीत हासिल की है। यहां आम आदमी पार्टी दूसरे नंबर पर रही है। मॉडल टाउन से भाजपा के प्रत्याशी अशोक गोयल ने आम आदमी पार्टी के अखिलेश पति त्रिपाठी को मात दी है। बुराड़ी विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी के संजीव झा ने जीत हासिल की है। यहां पर जेडीयू के प्रत्याशी को हार मिली है। करावल नगर से भाजपा प्रत्याशी कपिल मिश्रा ने 23,355 वोट से जीत हासिल की है। यहां पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मनोज कुमार त्यागी को हार मिली है। सीमापुरी से आम आदमी पार्टी के वीर सिंह धींगान ने जीत हासिल की है। बादली विधानसभा सीट से भाजपा के दीपक चौधरी ने जीत हासिल की है। आम आदमी पार्टी दूसरे नंबर पर रही है। किराड़ी विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के अनिल झा ने जीत हासिल की है। भाजपा को यहां पर हार का सामना करना पड़ा है। खास बात यह है कि आम आदमी पार्टी को उन सीटों पर भी हार मिली है, जिन पर पूर्वांचली मतदाताओं का दबदबा है। यहां आम आदमी पार्टी को हमेशा पूर्वांचली मतदाताओं का साथ मिला। लेकिन, इस बार पूर्वांचली दबदबे वाली सीट पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को हार और भाजपा के प्रत्याशियों को जीत मिली है।

नांगलोई से भाजपा के प्रत्याशी मनोज कुमार शौकीन ने जीत हासिल की है। यहां पर आम आदमी पार्टी दूसरे नंबर पर रही है। उत्तम नगर विधानसभा में भाजपा के पवन शर्मा ने बड़ी बढ़त बना ली। यहां आम आदमी पार्टी पिछड़ गई। पटपड़गंज विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रविंद्र सिंह नेगी ने जीत हासिल की है। यहां से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अवध ओझा को हार का सामना करना पड़ा है। लक्ष्मी नगर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी अभय वर्मा जीते। संगम विहार विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी चंदन कुमार चौधरी ने जीत हासिल की है। इस सीट पर आप और भाजपा में कांटे की टक्कर थी। बदरपुर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राम सिंह नेताजी ने 25,888 मतों के अंतर से जीत हासिल की। पालम विधानसभा सीट से भाजपा के कुलदीप सोलंकी ने जीत हासिल की है। देवली विधानसभा सीट से आप के प्रेम चौहान ने लोजपा (रामविलास) के प्रत्याशी को हराया। राजेंद्र नगर विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी उमंग बजाज जीते।

## दिल्ली : विजयी उम्मीदवारों की सूची

| विस क्षेत्र | विजयी प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 1. आदर्श नगर | राज कुमार भाटिया | भाजपा |
| 2. अम्बेडकर नगर | डा. अजय दत्त | आप |
| 3. बाबरपुर | गोपाल राय | आप |
| 4. बदरपुर | राम सिंह नेताजी | आप |
| 5. बादली | अहिर दीपक चौधरी | भाजपा |
| 6. बल्लीमारान | इमरान हुसैन | आप |
| 7. बबाना | रविन्द्र इन्द्राज सिंह | भाजपा |
| 8. बिजवासन | कैलाश गहलोत | भाजपा |
| 9. बुराड़ी | संजीव झा | आप |
| 10. चांदनी चौक | पुनरदीप सिंह साहनी | आप |
| 11. छतरपुर | करतार सिंह तंवर | भाजपा |
| 12. दिल्ली कैंट | विरेन्द्र सिंह कादियान | आप |
| 13. देवली | प्रेम चौहान | आप |
| 14. द्वारका | प्रद्युम्न सिंह राजपूत | भाजपा |
| 15. गांधीनगर | अरविन्दर सिंह लवली | भाजपा |
| 16. घोंडा | अजय महावर | भाजपा |
| 17. गोकुलपुरी | सुरेन्द्र कुमार | आप |
| 18. ग्रेटर कैलाश | शिखा रॉय | भाजपा |
| 19. हरिनगर | श्याम शर्मा | भाजपा |
| 20. जनकपुरी | आशीष सूद | भाजपा |
| 21. जंगपुरा | तरविन्दर सिंह मारवाह | भाजपा |
| 22. कालकाजी | आतिशी | आप |
| 23. करावल नगर | कपिल मिश्रा | भाजपा |
| 24. करोलबाग | विशेष रवि | आप |
| 25. कस्तूरबानगर | नीरज बैसोया | भाजपा |
| 26. किराड़ी | अनिल झा | आप |
| 27. कोंडली | कुलदीप कुमार | आप |
| 28. कृष्णा नगर | डा. अनिल गोयल | भाजपा |
| 29. लक्ष्मीनगर | अभय वर्मा | भाजपा |
| 30. मादीपुर | कैलाश गंगवाल | भाजपा |
| 31. मालवीय नगर | सतीश उपाध्याय | भाजपा |
| 32. मंगोलपुरी | राज कुमार चौहान | भाजपा |
| 33. मटिया महल | आले मोहम्मद इकबाल | आप |
| 34. मटियाला | संदीप सहरावत | भाजपा |
| 35. महरौली | गजेन्दर सिंह यादव | भाजपा |
| 36. मॉडल टाउन | अशोक गोयल | भाजपा |
| 37. मोती नगर | हरीश खुराना | भाजपा |
| 38. मुंडका | गजेन्द्र दराल | भाजपा |
| 39. मुस्तफाबाद | मोहन सिंह बिष्ट | भाजपा |
| 40. नजफगढ | नीलम पहलवान | भाजपा |
| 41. नागलोई | जाट मनोज कुमार शौकीन | भाजपा |
| 42. नरेला | राज करन खत्री | भाजपा |
| 43. नयी दिल्ली | प्रवेश साहिब सिंह | भाजपा |
| 44. ओखला | अमानतुल्लाह खान | आप |
| 45. पालम | कुलदीप सोलंकी | भाजपा |
| 46. पटेल नगर | प्रवेश रत्न | आप |
| 47. पटपड़गंज | रविन्दर सिंह नेगी | भाजपा |
| 48. आर. के पुरम | अनिल कुमार शर्मा | भाजपा |
| 49. राजेन्द्र नगर | उमंग बजाज | भाजपा |
| 50. राजौरी गार्डन | मनजिंदर सिंह सिरसा | भाजपा |
| 51. रिठाला | कुलवंत राणा | भाजपा |
| 52. रोहणी | विजेंद्र गुप्ता | भाजपा |
| 53. रोहतास नगर | जितेन्द्र महाजन | भाजपा |
| 54. सदर बाजार | सोम दत्त | आप |
| 55. संगम विहार | चन्दन कुमार चौधरी | भाजपा |
| 56. सीलमपुर | चौधरी जुबैर अहमद | आप |
| 57. सीमापुरी | वीर सिंह धिंगान | आप |
| 58. शाहदरा | संजय गोयल | भाजपा |
| 59. शकूर बस्ती | करनैल सिंह | भाजपा |
| 60. शालीमार बाग | रेखा गुप्ता | भाजपा |
| 61. सुलतानपुर माजार | मुकेश कुमार अहलावत | आप |
| 62. तिलक नगर | जरनैल सिंह | आप |
| 63. तिमारपुर | सूर्य प्रकाश खत्री | भाजपा |
| 64. त्रिनगर तिलक | राम गुप्ता | भाजपा |
| 65. त्रिलोकपुरी | रवि कांत | भाजपा |
| 66. तुगलगाबाद | सही राम | आप |
| 67. उत्तमनगर | पवन शर्मा | भाजपा |
| 68. विकासपुरी | पंकज कुमार सिंह | भाजपा |
| 69. विश्वास नगर | ओम प्रकाश शर्मा | भाजपा |
| 70. वजीरपुर | पूनम शर्मा | भाजपा |

# कांग्रेस लगातार तीसरी बार जीरो पर आउट


## 67 विधानसभा सीटों पर जमानत जब्त

- नयी दिल्ली सीट से कांग्रेस के संदीप दीक्षित तीसरे स्थान पर
- कालकाजी सीट पर अलका लांबा तीसरे स्थान पर, जमानत जब्त
- मुस्लिम बहुल मुस्तफाबाद क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार चौथे स्थान पर




**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी का लगातार तीसरी बार भी खाता नहीं खुला है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष समेत तीन उम्मीदवार ही जमानत बचाने में सफल रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से साफ है कि कांग्रेस के लिए अभी दिल्ली दूर है। जमानत बचाने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव सफल रहे हैं। उन्होंने बादली विधानसभा सीट पर 41071 वोट (27.22 फीसद) हासिल किया है। वह इस सीट पर तीसरे स्थान पर रहे हैं। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार अहीर दीपक चौधरी ने 61192 वोट पाकर जीत दर्ज की है। दूसरे स्थान पर आम आदमी पार्टी उम्मीदवार अजेश यादव रहे हैं। इसके अलावा कस्तूरबा नगर से कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक दत्त ने 27019 वोट (31.98 फीसद) पाकर जमानत बचा ली है। वह इस सीट पर दूसरे स्थान पर रहे हैं। यहां पर भाजपा उम्मीदवार नीरज बैसोया को 37896 वोट मिले हैं। उन्होंने अभिषेक दत्त को 11048 वोट के अंतर से हराया है। नांगलोई जाट विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार रोहित चौधरी 32028 वोट (20.1 फीसद) पाकर जमानत बचाने वाले तीसरे और अंतिम उम्मीदवार है। वह इस सीट पर तीसरे स्थान पर रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार मनोज कुमार शौकीन ने 75272 वोट हासिल करके विजय प्राप्त की है। चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा हैं। इसके अलावा कुछ सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार चौथे स्थान पर भी रहे हैं। दिल्ली की सियासत का केंद्र रही नई दिल्ली विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित तीसरे स्थान पर रहे हैं। उन्हें 4568 वोट मिले हैं। उनकी जमानत भी जब्त हो गई है। इस सीट पर भाजपा) के उम्मीदवार प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को 4089 वोटों से हराया है। बल्लीमारान सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार हारुन यूसुफ 13059 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर है। वह भी अपनी जमानत नहीं बचा पाए हैं। यहां आप उम्मीदवार इमरान हुसैन 57004 वोटों से जीते हैं। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार कमल बागड़ी को 29823 वोटों से हराया है। पटेल नगर विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार कृष्णा तीरथ को 4654 वोट मिले हैं। कृष्णा तीरथ की भी जमानत जब्त हो गई है। इस सीट पर आआपा उम्मीदवार प्रवेश रत्न को सबसे ज्यादा 57512 वोट मिले हैं। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार राजकुमार आनंद को 53463 वोट मिले हैं। इन दोनों के बीच जीत का अंतर 4049 वोटों का रहा है। कालकाजी विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा 4392 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अलका लांबा की भी जमानत जब्त हो गई है। इस सीट पर आआपा उम्मीदवार व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने 52154 वोट पाकर जीत दर्ज की है। दूसरे स्थान पर 48633 वोटों के साथ भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी को संतोष करना पड़ा। आतिशी ने रमेश बिधूड़ी को 3521 वोटों के अंतर से हराया है। मुस्लिम बहुल मुस्तफाबाद विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार चौथे स्थान पर रहा है। कांग्रेस उम्मीदवार अली मेहदी को 11763 वोट मिले हैं। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार मोहन सिंह बिष्ट 85215 वोटों के साथ विजयी हुए हैं। आआपा उम्मीदवार आदिल अहमद खान दूसरे और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन उम्मीदवार ताहिर हुसैन तीसरे स्थान पर रहे। ओखला विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार अरीबा खान चौथे स्थान पर रहीं।

## दिल्ली के दिल में मोदी, जनता ने आप-दा मुक्त किया : शाह



**नयी दिल्ली ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में शनिवार भाजपा की भारी बहुमत से जीत पर पार्टी एवं दिल्ली की जनता को बधाई दी और कहा यह दिल्ली में विकास एवं विश्वास के एक नए युग का आरंभ है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली अब एक आदर्श राजधानी बनेगी। शाह ने एक्स पर दिल्ली के दिल में मोदी के शीर्षक से अपनी पोस्ट में लिखा कि दिल्ली की जनता ने झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार के शीशमहल को नेस्तनाबूत कर दिल्ली को आप-दा मुक्त करने का काम किया है। दिल्ली ने वादाखिलाफी करने वालों को ऐसा सबक सिखाया है, जो देशभर में जनता के साथ झूठे वादे करने वालों के लिए मिसाल बनेगा। उन्होंने कहा कि यह दिल्ली में विकास और विश्वास के एक नए युग का आरंभ है। दिल्ली में झूठ के शासन का अंत हुआ है... यह अहंकार और अराजकता की हार है। यह मोदी की गारंटी और मोदी जी के विकास के विजन पर दिल्ली वासियों के विश्वास की जीत है। इस प्रचंड जनादेश के लिए दिल्ली की जनता का दिल से आभार। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा अपने सभी वादे पूरे कर दिल्ली को विश्व की नंबर 1 राजधानी बनाने के लिए संकल्पित है।

## केजरीवाल ने मित्रों की पीठ में छूरा घोंपा : विश्वास



**नयी दिल्ली।** अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का साथ निभाने और बाद में आप से जुड़े रहे कुमार विश्वास ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर पार्टी को बधाई दी है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल के प्रति बेहद कठोर शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा है कि उनके प्रति उन्हें कोई संवेदना नहीं है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने मित्रों की पीठ में छूरा घोंपा, कार्यकर्ता आप पार्टी छोड़ें। कवि एवं कथावाचक कुमार विश्वास ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओ से पार्टी को छोड़ने की अपील की है। अपनी पत्नी के व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए कुमार विश्वास ने कहा कि राजनीति से विरत रहने वाली उनकी पत्नी की आंखों में जंगपुरा से मनीष सिसोदिया को हारते देख आंसू आए हैं। उन्होंने सिसोदिया को कहा था कि अहंकार नहीं करना चाहिए। समय सदा एक जैसा नहीं रहता है।

## सिसोदिया और दो मंत्री हारे

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को जंगपुरा में भाजपा के तरविंदर सिंह मारवाह ने 675 मतों से पराजित किया। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री एवं आप के प्रवक्ता सौरव भारद्वाज और परिवहन मंत्री एवं जाट नेता रघुविंदर शौकीन को भी भाजपा की आंधी ने उन्हें नहीं टिकने दिया। भारद्वाज को ग्रेटर कैलाश सीट पर भाजपा की शिखा रॉय ने 3139 मतों से और शौकीन को भाजपा के ही मनोज शौकीन ने 25251 मतों से हराया।

## केजरीवाल को ले डूबी शराब : अन्ना



**रालेगण सिद्धि।** प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने दिल्ली विधानसभा चुनाव आप की हार पर अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने डेढ़ दशक पहले नई पार्टी आआपा पर भरोसा किया था। दिल्ली में शराब की दुकानें बढ़ाने पर दिल्ली के लोग आप से नाराज हो गए। इससे दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की छवि खराब हुई। आप का खराब प्रदर्शन इसी का नतीजा है। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा ही भगवान की पूजा होती है। यह बात अरविंद केजरीवाल की समझ में नहीं आई। इस कारण से वो गलत रास्ते पर गया।

# मिल्कीपुर में योगी की आंधी में साइकिल हुयी पंक्चर

## भाजपा के चंद्रभानु ने सपा के अजित प्रसाद को 61710 वोट से हराया

**एजेंसी**



**लखनऊ ।** अयोध्या में योगी का विकास कार्य रंग लाया। पीएम मोदी के नेतृत्व में योगी आदित्यनाथ ने जिस रामनगरी को त्रेतायुगीन वैभव प्राप्त करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया, उस अयोध्या ने योगी के आह्वान पर मिल्कीपुर में 'जय श्री राम' का उद्घोष कर कमल का फूल खिलाया।

योगी के काम के बलबूते पूरे मिल्कीपुर से 'जय श्री राम, जय श्री राम' की गूंज सुनाई दी, लिहाजा भाजपा उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान यहां 61,710 वोट से जीतने में सफल हुए। महाकुंभ, शासनिक दायित्व, उत्तर प्रदेश दिवस समेत अनेक व्यस्तताओं के बीच भी योगी आदित्यनाथ दो बार चंद्रभानु पासवान के लिए जनता से संवाद करने पहुंचे। वहीं, अपने प्रत्याशी के लिए पहुंचे अखिलेश यादव के प्रयास व्यर्थ ही साबित हुए। अयोध्या पहुंचकर भी अखिलेश ने रामलला के दर्शन नहीं किए। अपनी रैलियों में योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रवाद को जिताने और परिवारवाद को हराने की अपील की।

योगी की इस अपील का मिल्कीपुरवासियों पर इतना असर हुआ कि यहां वोट देने में भी मतदाता प्रथम श्रेणी में पास हुए। भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को कुल 1,46,397 वोट मिले, उन्हें 60.17 फीसदी वोट प्राप्त हुए। उन्हें ईवीएम से 1,46,291 और पोस्टल से 106 वोट मिले। जबकि, समाजवादी पार्टी के परिवारवाद को जनता ने खारिज कर दिया। सपा सांसद के बेटे और उपचुनाव से सपा प्रत्याशी 84,655 वोट ही प्राप्त कर सके। पोस्टल बैलेट में भी वे दहाई के आंकड़े में ही रहे। उन्हें महज 32 वोट मिले। उन्हें कुल 64,687 वोट ही मिले। कुल 34.81 फीसदी वोट पाने में सफल रहे। पीएम मोदी के नेतृत्व में बतौर कार्यकर्ता योगी आदित्यनाथ ने पार्टी से मिले दायित्वों को खूब निभाया। महाराष्ट्र, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली में भी उनकी रैलियां खूब सफल रहीं। हाल में संपन्न हुए यूपी के उपचुनावों में नौ में से सात सीटों पर योगी के विकास पर जनता ने मुहर लगाई। वहीं, दसवीं सीट (मिल्कीपुर) पर हुए उपचुनाव में भी योगी की अपील ही जनता ने सुनी। योगी के सामने अखिलेश-अवधेश की रंगत फीकी हुई। 2012-2022 में मिल्कीपुर और 2024 में अयोध्या से सांसद बने अवधेश प्रसाद को जनता ने खारिज कर दिया। वे अपने बेटे को जिता न सके। योगी के सामने अखिलेश-अवधेश की जोड़ी को जनता ने नकार दिया। एक तरफ योगी आदित्यनाथ की संवाद शैली तो दूसरी तरफ उनकी सख्त छवि की बदौलत यूपी के प्रति बदली सकारात्मक धारणा ने इस जीत में काफी अहम भूमिका निभाई। यही नहीं, स्थानीय मुद्दों को उठाकर एक तरफ जहां उन्होंने आमजन की नब्ज को टटोला तो वहीं अयोध्या के चतुर्दिक विकास कराकर जनता के दिल में अपनी जगह बनाई। अयोध्या में हुई घटनाओं पर माफिया के खिलाफ उनकी कार्रवाई को भी जनता ने नजीर माना।

## दूसरी शादी के बाद भी महिला भत्ता मांगने की हकदार : अदालत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि एक महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत दूसरे पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है, भले ही उसका पिछला विवाह कानूनी रूप से बरकरार हो। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि गुजारा भत्ता जैसे सामाजिक कल्याण प्रावधानों के उद्देश्य की व्यापक व्याख्या की जानी चाहिए और सख्त कानूनी व्याख्या के कारण मानवीय उद्देश्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। सीआरपीसी की धारा 125 की जगह 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी हुई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 144 ने ली है। शीर्ष अदालत ने दूसरे पति को अपनी अलग रह रही पत्नी को गुजारा भत्ता देने का निर्देश देते हुए 30 जनवरी के आदेश सुनाया था। न्यायालय महिला की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जो 2005 में एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद पहले पति से अलग हो गई थी।

